

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 202 | शुक्रवार, 4 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, अष्टमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


**सूचना**

समस्त पाठकों और विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है की श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आज दिनांक 04 सितम्बर 2026 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अग्रिम अंक 06 सितम्बर को प्राप्त होगा।

सम्पादक
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जागरण मोर्चा

**देश दुनिया**

## टीएमसी के 20 बागी सांसदों पर लटकी तलवार

### स्पीकर ने 22 सितंबर तक दिया वक्त; अब बचेंगे या जाएगी सदस्यता?

**एजेंसी न्यूज**

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के 20 सांसदों को बड़ी राहत दी है। अब इन सांसदों को 22 सितंबर तक अपना जवाब देना होगा। उनके खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दलबदल विरोधी कानून के तहत सदस्यता रद्द करने की मांग की है।

पहले इन सांसदों को जवाब देने के लिए सिर्फ सात दिन का समय दिया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ने 26 अगस्त को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। सांसदों ने जवाब तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की थी। उनकी इसी मांग को स्वीकार करते हुए, स्पीकर ने अब 22 सितंबर की नई समयसीमा तय की है।

टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने इन 20 सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर लोकसभा



अध्यक्ष के सामने याचिकाएं दाखिल की थीं। उनका आरोप और दावा इसी बात से जुड़ा है कि सांसदों ने टीएमसी छोड़कर दूसरी पार्टी का रुख किया है। मामला दलबदल विरोधी कानून के तहत सांसदों की सदस्यता पर कार्रवाई से जुड़ा है। इसलिए अब इन सांसदों के जवाब के बाद लोकसभा अध्यक्ष को आगे की प्रक्रिया पर फैसला लेना होगा।

इन 20 सांसदों ने जून में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने एनसीपीआई का दामन थाम लिया। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी के खराब प्रदर्शन के बाद सामने आया था।

इन सांसदों के एनसीपीआई में शामिल होने के बाद राजनीतिक समीकरण और भी बदल गए। सांसदों ने अब भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए के प्रति अपनी निष्ठा का एलान भी कर दिया है।

अभिषेक बनर्जी ने जून में ही लोकसभा अध्यक्ष के सामने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की थीं। इनमें बागी सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की गई थी। इसके बाद मामले में तेजी लाने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी।

## यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में भारत मदद के लिए तैयार

### कीव पहुंचे जयशंकर, बोले- बातचीत से निकलेगा समाधान

**एजेंसी न्यूज**

कीव। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कीव में यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा से मुलाकात के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि युद्ध का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि बातचीत, कूटनीति और समझौते के जरिए ही संभव है। जयशंकर ने संकेत दिया कि रूस और यूक्रेन दोनों की सहमति होने पर भारत शांति प्रयासों में सहयोग करने, यहां तक कि मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए भी तैयार है। दोनों नेताओं के बातचीत में काला सागर में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा, भारत-यूक्रेन व्यापार, अक्षय ऊर्जा, डिजिटल तकनीक, कृषि, फार्मास्युटिकल्स और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा हुई। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया मुलाकात के बाद हो रहा है।



यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर ने भारत का रुख दोहराते हुए कहा कि इस संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं हो सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थायी और स्वीकार्य समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही संभव है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत किसी भी तरह से मदद कर सकता है, तो हम तैयार हैं। उनके इस बयान से संकेत मिलता है कि अगर रूस और यूक्रेन दोनों सहमत हों तो नई दिल्ली शांति प्रयासों में सहयोग करने और अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

कीव में जयशंकर ने आगे कहा कि यह संघर्ष, जो आज अपने पांचवें साल में है, सिर्फ इसलिए हल नहीं होगा कि कोई तेल, एल्युमिना, खनिज, धातु या खाद खरीद रहा है या नहीं। यह संघर्ष बातचीत, कूटनीति और समझौते से ही हल होगा। इसीलिए हम इसे बढ़ावा देंगे। उन्होंने यह बात उस सवाल के जवाब में कही, जिसमें उनसे पूछा गया था कि अगर अमेरिका रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाता है तो क्या भारत रूसी तेल की खरीद कम करने की योजना बना रहा है।

## यूपी: मंत्री राजभर बोले- मुसलमानों ने चार बार यादव को सीएम बनाया अब मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाएं अखिलेश यादव

**एजेंसी न्यूज**

अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर जिले के प्रभारी व प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा और कांग्रेस के संभावित गठबंधन पर तीखा हमला बोला। बृहस्पतिवार को सर्किट हाउस में उन्होंने कहा कि सपा किसी से भी गठबंधन कर ले, 2027 में सरकार बनाने का उसका सपना पूरा नहीं होगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में विकास के लिए योगी मॉडल की पहचान बनी है और 2027 में योगी आदित्यनाथ तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

शिवपाल यादव के सपा-कांग्रेस गठबंधन संबंधी बयान पर राजभर ने कहा कि गठबंधन करने से सपा की



राजनीतिक स्थिति नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों और रेल कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है और विकास के काम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण को अपना आदर्श बताते हैं, लेकिन उनके नाम पर बने जेपीएनआईसी में 200 करोड़ रुपये के बजाय 865 करोड़ रुपये खर्च होने और काम पूरा न होने का आरोप है। उन्होंने इसे बड़ा घोटाला बताया।

राजभर ने सपा के पीडीए को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली बार 2017 और दूसरी बार 2022 में हार मिली, अब 2027 में भी हार होगी।

## वृंदावन में सीएम योगी बोले: 'विदेशी आक्रांताओं ने मंदिर तोड़े, पर श्रीकृष्ण की स्मृति को नहीं मिटा पाए'

**एजेंसी न्यूज**

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृंदावन के पवन हंस हेलीपैड पर आगमन के बाद स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह पहुंचकर इसका भव्य लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगीत से हुआ। इसके बाद ब्रज के कलाकारों ने राधा-कृष्ण की लीलाओं का मनमोहक मंचन किया। समारोह में गुजरात के गरबा और ब्रज के प्रसिद्ध मयूर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गईं।



> एक राष्ट्र अपनी स्मृति से महान बनता है, संस्कृति से महान बनता और अपनी जड़ों को खोजने से महान बनता है। जिस समाज को अपनी जड़ों का ज्ञान ना हो वो आधुनिकता को भी दूसरों की नकल समझ लेता है।
>
> योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

लोकार्पण से पूर्व मुख्यमंत्री ने भगवान कृष्ण के स्वरूप में सजे-धजे नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कराकर उन्हें उपहार भेंट किए। इसके साथ ही उन्होंने ब्रज के प्रमुख संतों फूलडोल बिहारी दास महाराज, महंत सुतीक्ष्ण दास, महंत सनतकुमार शरण महाराज, स्वामी रामदेवानंद सरस्वती और संत बलराम दास का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान 321 सपेरा समाज के लाभार्थियों को भवन आवंटन पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

पूर्व मंत्री व विधायक श्रीकांत शर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रज से लेकर गोरखपुर तक सतत विकास हो रहा है। उन्होंने कहा, "योगी बाबा आयो है, एक हजार इक्यावन करोड़ रुपैया लायो है।" वर्ष 2017 से पहले ब्रज की स्थिति जर्जर थी, लेकिन केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व से क्षेत्र का कायाकल्प हुआ है।

## तिब्बत में आया 5.0 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी न्यूज**

ल्हासा। तिब्बत में गुरुवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गई। भूकंप के झटके दोपहर करीब 1:46 बजे दर्ज किए गए। भूकंप का केंद्र 31.479 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 80.370 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। इसकी गहराई जमीन के अंदर करीब 14 किलोमीटर बताई गई है। भूकंप का लोकेशन तिब्बत क्षेत्र में दर्ज किया गया। फिलहाल भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन और संबंधित एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

26 अगस्त को ग्लेशियर टूटने के बाद तिब्बत में भूकंप के झटके महसूस हुए थे, वहीं इसके बाद तिब्बत को बाढ़ की मार झेलनी पड़ी है। चीन सीमा से जुड़े इलाके में बड़े पैमाने पर तबाही देखने को मिली है।

## यूपी होमगार्ड भर्ती: फिजिकल टेस्ट टला

**एजेंसी न्यूज**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती के तहत होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) की तारीख में बदलाव किया गया है। 8 सितंबर 2026 से प्रस्तावित फिजिकल परीक्षा अब 14 सितंबर 2026 से शुरू होगी। जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिया है, उन्हें संशोधित प्रवेश पत्र दोबारा डाउनलोड करना होगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ ने उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स भर्ती के शारीरिक दक्षता परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया है। यह परीक्षा पहले 8 सितंबर 2026 से प्रदेश के विभिन्न पीएसी वाहिनी और रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित की जानी थी।

## अफजाल की कोठी पर छह साल से टैक्स बकाया

**एजेंसी न्यूज**

लखनऊ। दिवंगत माफिया मुख्तार के भाई अफजाल अंसारी की डालीबाग स्थित कोठी पर करीब छह साल का गृहकर और जलकर-सीवर कर बकाया है। दस्तावेज में करीब 6700 वर्ग फीट में बनी यह कोठी अफजाल की पत्नी फरहत अंसारी के नाम है। वर्तमान में इस पर 56,130 रुपये गृहकर और 48,270 रुपये जलकर-सीवर कर बकाया है।

## महाधिवक्ता कार्यालय में भर्ती का विज्ञापन जारी

**एजेंसी न्यूज**

लखनऊ। महाधिवक्ता कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर और सहायक कंप्यूटर के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कार्यालय की ओर से कुल 12 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी सात सितंबर से 28 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन पूरी की जाएगी। अभ्यर्थियों को आवेदन से पहले भर्ती विज्ञापन में दी गई पात्रता, पदवार विवरण, आवेदन शुल्क और अन्य शर्तों की जानकारी ध्यान से देखने की सलाह दी गई है। चयन प्रक्रिया और परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी भी विज्ञापन में उपलब्ध कराई गई है।

## धरतीपकड़ का निधन: कंधे पर बड़े झोले में रिश्तों के लिए बायोडाटा रखते थे

**एजेंसी न्यूज**



भागलपुर। हर चुनाव लड़ने वाले धरतीपकड़ के नाम से मशहूर नागरमल बाजोरिया अब इस दुनिया में नहीं रहे। गुरुवार को पटना में उनका निधन हो गया। वर्षों तक लोकतंत्र के हर चुनाव में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले बाजोरिया ने जीवन के अंतिम दौर में खुद को पूरी तरह समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। भागलपुर के नागरमल बाजोरिया उर्फ धरतीपकड़ की सबसे अनोखी पहचान उनका गधा चुनाव चिन्ह था। वह जब भी चुनाव लड़ते, प्रचार और नामांकन के दौरान अपने साथ एक गधा जरूर रखते थे। गधा ही उनके चुनाव प्रचार का सबसे बड़ा आकर्षण बन जाता था। धीरे-धीरे उनका यह अंदाज इतना मशहूर हुआ कि लोग उन्हें उनके नाम से ज्यादा धरतीपकड़ के नाम से पहचानने लगे। चुनावी मैदान में लगातार हार के बावजूद गधे के साथ प्रचार करने की उनकी अनोखी शैली ने उन्हें आम नेताओं से अलग और लोगों के बीच बेहद चर्चित बना दिया। तकरीबन 2014 के बाद अस्वस्थ रहने के कारण उन्होंने सक्रिय रूप से चुनाव लड़ना बंद कर दिया।

## बसपा अकेले लड़ेगी यूपी चुनाव

### मायावती बोलीं- कांग्रेस सबसे ज्यादा दलित विरोधी

**एजेंसी न्यूज**

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा गठबंधन करने की कवायदों पर पानी फेर दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को देश भर के पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि अन्य पार्टियों की तरह कांग्रेस तो हर मामले में जबरदस्त दलित व आंबेडकर विरोधी पार्टी है, जिसका इतिहास किसी से छिपा नहीं है। ऐसी स्थिति में अब बसपा ने देश भर में सभी छोटे-बड़े चुनाव अकेले ही लड़ने का फैसला लिया है।

उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका दौरे के दौरान भारत की अनेकता में एकता आदि संबंधी बातों का



संज्ञान लेते हुए कहा कि भारत में बहुजन समाज के करोड़ों लोगों के हित, कल्याण और उनके आरक्षण के संवैधानिक अधिकार के साथ-साथ महिलाओं, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के जान-माल व मजहब की सुरक्षा आदि के मामलों में आरएसएस की कथनी व करनी में जमीन-आसमान का अंतर होने के कारण ही विश्वसनीयता का अभाव है। यह संगठन काफी पुराना होने के बावजूद वह मान्यता व सम्मान अर्जित नहीं कर पाया, जो वे चाहते हैं। इसलिए, आरएसएस के लोग डॉ. भीमराव आंबेडकर के मानवतावादी संविधान में अपनी आस्था व निष्ठा रखकर उस पर खुद ईमानदारी से अमल करें। अपने लोगों को भी इसके लिए बाध्य करें जो देशहित में उचित होगा।

## 11 सितंबर को दिल्ली में सरकारी दफ्तर रहेंगे बंद

**एजेंसी न्यूज**



नई दिल्ली। 11 सितंबर को नई दिल्ली स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों में छुट्टी रहेगी। 18वें ब्रिक्स लीडर्स समिट के चलते डीओपीटी ने यह आदेश जारी किया है। साथ ही वाहनों की आवाजाही को लेकर दिल्ली ट्रैफिक से पहले ही एडवायजरी जारी कर दी है। ब्रिक्स लीडर्स समिट का आयोजन 11 से 13 सितंबर तक होगा।

इन तीन दिनों में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में कई अहम बैठकें होंगी। इनमें ब्रिक्स बिजनेस फोरम और ब्रिक्स लीडर्स समिट भी शामिल है। ब्रिक्स में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। ब्रिक्स के सहयोगी देश, जिनमें बेलारूस, क्यूबा, बोलीविया, कजाकिस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम शामिल हैं, इनके प्रतिनिधि भी नई दिल्ली पहुंचेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट : सीजेपी के 'स्कूल ठीक करो' अभियान के बीच बड़ा फैसला

### एंट्री-फोटो पर रोक के खिलाफ याचिका खारिज

**एजेंसी न्यूज**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बाहरी लोगों, पत्रकारों, यूट्यूबर्स, सोशल मीडिया यूजर्स और सिविल सोसायटी प्रतिनिधियों के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंधों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका को स्वीकार करने से मना कर दिया।

याचिकाकर्ता ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश के संबंधित आदेशों को उस सीमा तक रद्द करने की मांग की थी, जहां वे सार्वजनिक हित में दस्तावेजीकरण पर व्यापक रोक लगाते हैं। साथ ही मांग की गई थी कि सार्वजनिक हित से जुड़े दस्तावेजीकरण को

**सुप्रीम कोर्ट ने याचिका सुनने से किया इनकार**



नियंत्रित करने वाला कोई भी नियम तर्कसंगत, आवश्यकता और आनुपातिकता की कसौटी पर खरा उतरना चाहिए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

याचिकाकर्ता प्रिया मिश्रा ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश में शिक्षा अधिकारियों की ओर से जारी उन आदेशों को चुनौती दी थी, जिनमें सरकारी स्कूलों में बाहरी लोगों के प्रवेश के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य की गई है। इसके अलावा फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, इंटरव्यू, ऑडियो रिकॉर्डिंग और लाइवस्ट्रीमिंग के लिए भी लिखित अनुमति की शर्त रखी गई है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई की। पीठ ने कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं है।

याचिका में राजस्थान के माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से 16 अगस्त 2026 को जारी सर्कुलर का हवाला दिया गया है। इसके तहत सरकारी स्कूलों में किसी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश के लिए प्रधानाचार्य से पहले अनुमति लेना जरूरी किया गया है।

## दोबारा नहीं होगी नीट पीजी 2026 परीक्षा: सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**एजेंसी न्यूज**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट पीजी 2026 की दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता और वकील को फटकार लगाई।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। पीठ ने कहा कि वह कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग को लेकर वकील के खिलाफ कार्रवाई के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया से कहेगी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने वकील से कहा, "ऐसा लगता है कि यह व्यक्ति फुल-टाइम पीआईएल याचिकाकर्ता बन गया है। जहां भी परीक्षाएं होती हैं, आप याचिकाएं दायर करने लगते हैं।



आपने पहले रोक लगाने के लिए याचिका क्यों दायर की थी? क्या यह आपके कहने पर किया गया था या याचिकाकर्ता सच में इसे दायर करने में दिलचस्पी रखता था? हम बार काउंसिल ऑफ इंडिया से आपके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहेंगे।"

याचिकाकर्ता की ओर से सभी छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मई 2025 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ है। उस आदेश में नीट पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराने का निर्देश दिया गया था। सुनवाई के दौरान वकील ने जयपुर में करीब 2,500 अभ्यर्थियों की परीक्षा पूरी नहीं हो पाने का मुद्दा भी उठाया। इसके बाद राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने इन अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा कराने की घोषणा की थी। यह परीक्षा 5 सितंबर को होनी थी।

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com







बरेली

2

लखनऊ, शुक्रवार, 4 सितंबर 2026


## एक नजर

### मीरगंज में एक्सीडेंट में युवक की मौत

**मीरगंज।** नेशनल हाईवे पर भाखड़ा पुल के पास बुधवार रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार राजा बाबू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी चंद्रमोहन और नेमचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक मोटरसाइकिल से पथरी की दवा लेने मीरगंज आए थे और वहां से वापस लौट रहे थे ।टक्कर इतनी भीषण थी कि दो युवक उछलकर खाई में जा गिरे, जबकि एक हाईवे पर ही लहूलुहान हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची 112 पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने राजा बाबू ( निवासी बल्लिया) को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल चंद्रमोहन और नेमचंद का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# जन्माष्टमी से पहले सजने लगे बाजार

## डिजाइनर पोशाक, कुंदन-मोती वाले मुकुट और आकर्षक राखियां की बढ़ी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नजदीक आते ही कस्बे के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। लड्डू गोपाल के श्रृंगार से जुड़ी दुकानों पर भक्तों की आवाजाही बढ़ गई है। कान्हा के बाल स्वरूप को सजाने के लिए पारंपरिक सामान के साथ डिजाइनर पोशाक, आकर्षक मुकुट और श्रृंगार सामग्री लोगों को खूब पसंद आ रही है। बाजार में लड्डू गोपाल के लिए विभिन्न रंगों और डिजाइनों की पोशाकें, झूमर, कड़े, कुंदन से सजे मुकुट, राखियां बांसुरी और छोटे-बड़े झूले उपलब्ध हैं। जन्माष्टमी से पहले ही इन सामानों की खरीदारी तेज हो गई है। दुकानदारों को पर्व नजदीक आने के साथ बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है। दुकानदार शुभम अग्रवाल और विपिन गुप्ता ने बताया कि लड्डू गोपाल की पोशाक और श्रृंगार सामग्री की मांग हर वर्ष रहती है, लेकिन इस बार नए डिजाइन के मुकुट और पोशाक ग्राहकों को विशेष रूप से पसंद आ रहे हैं। कुंदन-मोती से सजे मुकुट, घुंघराले बालों के सेट तथा राखी और स्टोन वर्क वाली पोशाकों की मांग अधिक है। दुकानदारों के अनुसार ग्राहक लड्डू गोपाल की प्रतिमा के आकार और रंग के अनुसार पूरा श्रृंगार सेट खरीद रहे हैं। वहीं आकर्षक राखी की भी मांग बढ़ी है। बाजार में छोटे आकार के लड्डू गोपाल के साथ एक किलो से लेकर अधिक वजन वाली पीतल की प्रतिमाएं भी उपलब्ध हैं। मोरपंख डिजाइन वाले मुकुट, धातु और लकड़ी की नक्काशी वाली बांसुरी तथा छोटे-बड़े झूले भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। जन्माष्टमी को लेकर बाजार में बढ़ती चहल-पहल से दुकानदारों में भी उत्साह है।





### स्वामी सोमनाथ इंटर कालेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**मीरगंज/ शीशगढ़।** स्वामी सोमनाथ इण्टर कालेज मानपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह व अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा राधा कृष्णन पूजा अर्चना से कराया गया। कालेज की विभिन्न कक्षाओं के छात्र, छात्राओं अनेक कार्यक्रम जैसे अरे द्वार पालो वह कृष्णा है, राधा गोरी गोरी, कपिल कौशल, ज्योति, सलोनी रिया ने किया कार्यक्रम का अंत मटकी फोड़ एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में स्वामी सोमनाथ इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य वीपी पटेल ने समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सोलंकी, दीक्षा गंगवार, सरन जीत, संजीव शर्मा, विजेंद्र कुमार, खुशबुल, सानिया, प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह प्रधानाचार्य वी पी पटेल अजय सिंह, ग़जय सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### जल स्तर घटा, बाढ़ के हालात नहीं

**बहेड़ी।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के चलते ढोरा जलाशय का पानी इधर बह कर आने के बाद किच्छा नदी का जल स्तर जैसे ही बढ़ना शुरू हुआ, प्रशासन ने अपनी चौकसी बढ़ा कर राजस्व कर्मचारियों की टीमें अलग अलग जगहों पर तैनात कर दीं और लगातार निगरानी की जाने लगी पर बीते बुधवार से किच्छा नदी का जल स्तर घटने लगा। एसडीएम गोपाल शर्मा ने स्थलीय निरीक्षण के बाद बताया कि किच्छा नदी के आसपास के किसी भी संभावित बाढ़ग्रस्त गाँव में जल भराव की नौबत नहीं आई है। नदी का जल स्तर घट रहा है सिर्फ नदी से सटे खेतों में पानी दिखाई पड़ रहा है।

### रास्ते में रोककर युवक से मारपीट, 6 पर रिपोर्ट

**आंवला।** कस्बे के मोहल्ला मोहब्बतगंज गौटिया में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। एक पक्ष की ओर से 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मोहल्ले के ऋतिक चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक सितंबर की शाम करीब पांच बजे वह धान मिल की ओर जा रहा था। रास्ते में सत्यवीर यादव, अतुल यादव, वीरेशपाल यादव, विनोद यादव, भागीरथ यादव और पप्पू यादव ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। इसमें उसके सिर और शरीर पर चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**आंवला।** एक युवती को एक युवक बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक सितंबर को सुबह करीब 11 बजे बेहटा चौहान निवासी योगेश पुत्र बलवीर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसका आरोप है कि उसकी बेटी सोचने-समझने में सक्षम नहीं है। वह घर से एक तोले का सोने का मंगलसूत्र, सोने के कुंडल और चांदी की पायल समेत अन्य सामान भी ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज लोभी 6 ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**आंवला।** ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट कर तीन माह के बेटे समेत घर से निकालने का आरोप लगाकर पीडिता ने 6 ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तिगरा खानपुर गांव निवासी विवाहिता खुशबू पुत्री ब्रजपाल ने आंवला पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी एक मई 2025 को बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के दवतरा गांव निवासी सोनू पुत्र राजेश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में दिए गए दहेज से ससुराली खुश नहीं हुए। ससुरालियों ने सोने की अंगूठी, लर और एक लाख रुपये नकद की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसे भूखा-प्यासा रखा गया और विरोध करने पर मारपीट की गई। विवाहिता ने आरोप लगाया कि कई बार गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। खुशबू के मुताबिक उसके पति से तीन माह का बेटा है। आरोप है कि 27 मई 2026 को दोपहर करीब दो बजे ससुराल वालों ने उसे बच्चे समेत घर से निकाल दिया। वह किसी तरह मायके पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। मायके पक्ष के लोगों और रिश्तेदारों ने ससुराल पहुंचकर समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने दहेज की मांग पूरी किए बिना उसे रखने से इनकार कर दिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। विवाहिता ने बताया कि थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी समझौता नहीं हो सका। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति सोनू, ससुर राजेश, सास आरती, देवर लोकेश, ननद सुमन चचेरे ससुर राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बिजली विभाग की टीम से मारपीट का आरोप

**आंवला।** गुरुवार को टहा गांव में बिजली जांच करने पहुंची विभागीय टीम के साथ मारपीट और सरकारी दस्तावेज फाड़ने का आरोप लगा है। उक्त मामले में विधुत टीम ने पुलिस को शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। अवर अभियंता नितेश कुमार गौतम के अनुसार, गांव में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद टीम जांच करने पहुंची थी। जांच में कई उपभोक्ताओं पर बकाया बिल और अवैध लोड मिला। कनेक्शन काटने की कार्रवाई का ग्रामीणों ने विरोध किया और टीम से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि वीडियो बनाने पर लाइनमैन सुदेश कुमार का मोबाइल भी छीन लिया गया। टीम ने किसी तरह वहां से निकलकर जान बचाई।

### एसडीएम ने किया पटाखों की दुकानों का निरीक्षण

**बहेड़ी।** पटाखों के गोदाम में एक जनपद में अभी हाल के दिनों में हुई धमाके की घटना के बाद राज्य सरकार की ओर से सभी जनपदों में पटाखों के गोदामों को चेक किए जाने संबंधी आदेश दिए गए थे। उसी क्रम में गुरूवार को एसडीएम गोपाल शर्मा तथा सीओ अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से गाँव लोधीपुर और मुरारपुर स्थित पटाखों के गोदामों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद दोनों गोदामों के मालिकों से भंडारण तथा रखरखाव की जानकारी ली गई। अधिकारी द्वय ने उनसे विना वैध अनुमति के पटाखों की खरीद फरोख्त न करने तथा लाइसेंस में दर्ज सभी शर्तों का सौ फीसदी पालन करने की सलाह के साथ साथ निर्धारित सीमा से ज्यादा पटाखों का भंडारण न करने की चेतावनी भी दी।

# एसएसके कॉलेज में मनी जन्माष्टमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** नगर के श्याम सुन्दर कन्या इण्टर कॉलेज में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्या डॉ० दीपा काला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया उसके बाद छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने श्रीकृष्ण के जन्म से जीवन पर्यन्त तक विभिन्न लीलाओं का वृतान्त छात्राओं को विस्तृत रूप से बताया और भारतीय संस्कृति एवं त्यौहारों के प्रति उनका उत्साहवर्धन कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय में छात्राओं द्वारा झाँकी प्रदर्शन, पोस्टर, एवं नृत्य प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने सुंदर नृत्य के माध्यम से श्रीकृष्ण और गोपियों के महारास का प्रस्तुतीकरण किया जिसे देखकर सभी शिक्षिकाएं व छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यालय के सीनियर जूनियर सभी वर्गों की बालिकाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम का संचालन आराधना पाण्डेय ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं पूजा पाठक, सीमा अग्रवाल, उमावरुण, लक्ष्मी वर्मा, रश्मि सिंह, रीता रानी, राजबाला, नीलम, शबनम बानो, सीमा सक्सेना, एवं ममता सक्सेना का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ किया गया।



कार्यक्रम में कृष्ण गोपी के रूप में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

# बाल विद्यापीठ में जन्माष्टमी उत्सव



जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** कस्बे के रामनगर रोड स्थित बाल विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा-कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एनसी से यूकेजी तक के 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एनसी में अदिति प्रथम, कनिष्का पाराशरी द्वितीय और वृद्धि मौर्य तृतीय रहीं। एलकेजी-ए में वृंदा प्रथम, अश्विक अग्रवाल द्वितीय और शिवानी वर्मा तृतीय रहीं। एलकेजी-बी में मीशा प्रजापति प्रथम, वृंदा गुप्ता द्वितीय और नैतिक महाजन तृतीय रहे। यूकेजी-ए में खुशी सिंह प्रथम, नायशा द्वितीय और आफिया मंसूरी तृतीय रहीं। यूकेजी-बी में सृष्टि प्रथम, अनुराधा द्वितीय और राघव पुरी तृतीय रहे। विद्यालय निदेशक डॉ. आरसी गुप्त ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका प्रछबंधक डॉ. संजीव गुप्त और प्रधानाचार्या सारिका गुप्ता ने निभाई। मंच संचालन यतेन्द्र गोस्वामी और अखिलेश सिंह ने किया। साइमा बी, पूनम पाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद का गठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** कस्बे के भुर्जी टोला स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में छात्र संसद इकाई-2026 के पदाधिकारियों और विभिन्न विभागों के चयनित मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम सरन ने छात्र संसद के प्रमुख पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई ।शपथ लेने वाले पदाधिकारियों में सपना वर्मा ने प्रधानमंत्री, निष्ठा गोले ने उप प्रधानमंत्री, आराध्य कृष्ण पाठक ने सेनापति और आयुष्मान प्रताप सिंह ने उप सेनापति पद की जिम्मेदारी संभाली। वहीं विशांत शर्मा और गुनगुन शर्मा ने न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण की। इसके बाद प्रधानाचार्य गवेन्द्र सिंह चौहान ने नवनियुक्त मंत्रियों को वंदना, शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुशासन, स्वच्छता, मीडिया और विज्ञान प्रयोगशाला समेत विभिन्न विभागों के दायित्वों की शपथ दिलाई ।प्रधानाचार्य ने नवनियुक्त मंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र संसद केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, सेवा, नेतृत्व और अनुशासन की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने सभी से अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य सुधांशु गुप्ता ने किया और अंत में सभी चयनित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# गन्ना मूल्य भुगतान नहीं तो वोट भी नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** केसर शुगर मिल पर बीते दो सत्रों के बकाया करीब 165 करोड़ के लंबित भुगतान मामले में लोगों में प्रशासन तथा मिल प्रबंधन के खिलाफ तो गुस्सा पनप ही रहा था, अब किसानों के निशाने पर जनप्रतिनिधि भी आने वाले हैं। मुंड़िया नबी वक्श मार्ग स्थित गाँव बिहारीपुर व गोपालपुर के लोगों में गन्ना भुगतान में कहीं से उम्मीद की कोई किरण दिखाई न देने पर काफी गुस्सा देखने को मिला। लोगों का आरोप था कि मिल प्रबंधन किसी न किसी तरह मामले को आगे खींच ले जाना चाहता है ताकि पेराई सत्र करीब आ जाए और एक बार फिर किसान अपना गन्ना मिल को बेचने को मजबूर हो जाए। किसानों ने आरोप लगाया कि शांत पूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों की बात भी कायदे से नहीं सुनी जा रही है। किसानों में सबसे ज्यादा गुस्सा इस बात को लेकर रहा कि क्षेत्रीय विधायक समेत पक्ष या विपक्ष का कोई नेता धरना प्रदर्शन में हौसला अफ़ज़ाई करने तक नहीं पहुंचा। किसानों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए अब बहुत ज्यादा समय नहीं बचा है। किसानों का दर्द नहीं समझा गया तो गाँव गाँव जाकर एक ही आवाज़ बुलंद की जाएगी, गन्ना मूल्य भुगतान नही तो वोट नहीं। किसान सीधे नोटा का बटन दबाने को मजबूर होंगे। युवा राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सचिन सिंह ने कहा कि किसानों की हालत फिलहाल इतनी दयनीय हो गई है कि कैश क्रेडिट लिमिट की सुविधा पाए हजार किसानों के खाते किश्त न चुका पाने के अभाव में एन पी ए श्रेणी में चले गए जिससे उन्हें भविष्य में काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।



### स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा में छात्रों ने दिखाया कौशल

**बहेड़ी।** गांव गोपालपुर-बिहारीपुर के कंपोजिट विद्यालय में मनाये जा रहे स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा में छात्र छात्राएं नित नये कौशल दिखा रहे हैं। अध्यापकों के मार्ग दर्शन में वे स्वेच्छा से अपनी पसंद की चीजों को कागज पर उतार रहे हैं। स्वच्छता से जुड़ी जानकारी साझा करने के साथ साथ प्राकृतिक चीजों को भी अपनी कला का रूप दे रहे हैं।






# आदर्श कांवड़ यात्रा में सहयोग करने वालों का सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सावन माह में संपन्न हुई आदर्श कांवड़ यात्रा 2026 के शांतिपूर्ण आयोजन के बाद महादेव सेवा समिति की ओर से गुरुवार को आईएमए हॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं में सहयोग करने वाले पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों, समाजसेवियों, व्यापारियों और कांवड़ यात्रा के जत्थेदारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारिक समेत पुलिस-प्रशासन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशांक भाटिया ने की। समिति की ओर से अतिथियों और सहयोगियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन के साथ सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और कांवड़ मार्गों पर श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में सभी ने मिलकर जिम्मेदारी निभाई। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यात्रा के दौरान बरेली में सहयोग और भाईचारे की भावना देखने को मिली। पुलिस-प्रशासन की लगातार निगरानी और विभिन्न विभागों की तैयारियों से यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पपन हुई समिति ने कहा कि सम्मान समारोह का उद्देश्य यात्रा में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वालों का उत्साह बढ़ाना है। भविष्य में भी सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में सेवा, सहयोग और आपसी सौहार्द की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।



### सचिवालय भूमि पर अवैध कब्जा, रिपोर्ट

**मीरगंज/शीशगढ़।** शीशगढ़ देहात गिरधरपुर में प्रस्तावित ग्राम पंचायत सचिवालय की जमीन पर दोबारा अवैध कब्जा करने और विरोध करने पर ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। ग्राम प्रधान प्रेमवती ने पुलिस को बताया कि शासन द्वारा स्वीकृत पंचायत भवन की जमीन से कुछ दिन पहले एसडीएम के आदेश पर राजस्व टीम ने रामेश्वर का अतिक्रमण हटवाया था। आरोप है कि 31 अगस्त को रामेश्वर, उसकी पत्नी राममूर्ति और बेटों छोटे लाल, अनिल व रामबहादुर ने दोबारा टीनशेड डालकर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने प्रधान व उनके परिवार पर चाकू और लाठी-डंडों से हमला करने का प्रयास किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।







## एक नजर

### पति पर हमला कर गंभीर घायल करने का आरोप, लगाई कार्रवाई की गुहार

**मीरगंज/फतेहगंज पश्चिमी।** थाना शाही क्षेत्र के ग्राम गौहाना में दवा लेने जा रहे एक दंपती को रास्ते में रोककर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, महिला अपने पति पातीराम के साथ दवा लेने जा रही थी। तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने पातीराम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों के सामने भी हमलावरों ने दंपती को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने आरोपियों पर अभद्रता का भी आरोप लगाया है। घायल पति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बाथरूम जाने का बहाना बनाकर जिला अस्पताल से फरार हुई महिला आरोपी

## पुलिस अभिरक्षा से महिला के भागने पर हड़कंप, एसएसपी ने दो महिला पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला आरोपी बुधवार शाम पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गई। महिला ने करीब छह बजे बाथरूम जाने की बात कही और इसी दौरान पुलिस की निगरानी से निकल गई। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर पुलिसकर्मियों को उसके फरार होने की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में दो महिला पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फरार महिला की पहचान ममता देवी (48) पत्नी पप्पू वाल्मीकि, निवासी तुलाशेरपुर, इज्जतनगर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ममता को 31 अगस्त को जिला जेल से अदालत में पेशी के लिए लाया गया था। पेशी के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती कराने की प्रक्रिया में उसके बेटे केशव की भी भूमिका बताई जा रही है। महिला की निगरानी के लिए पुलिस लाइन से महिला हेड कांस्टेबल नूतन सिसोदिया और महिला कांस्टेबल रिंकी की ड्यूटी लगाई गई थी। बुधवार शाम ममता बाथरूम जाने की बात कहकर पुलिसकर्मियों के साथ गई, लेकिन इसी दौरान वह मौका पाकर फरार हो गई। अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में तत्काल तलाश की गई, मगर उसका पता नहीं चल सका। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, महिला की तलाश में पुलिस की कई टीमें उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। ममता के खिलाफ फरीदपुर थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसमें बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी शामिल हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अस्पताल से फरार होने के बाद वह कहां गई और क्या किसी ने उसे भागने में मदद की।




# मानकों की अनदेखी पर अर्बन हॉस्पिटल का पंजीकरण रद्द करने की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रामपुर रोड स्थित अर्बन हॉस्पिटल के संचालन में गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय ने अस्पताल के प्रभारी पर्सन इंचार्ज डॉ. आदित्य आर्या से स्पष्टीकरण मांगा है। सीएमओ ने चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अस्पताल का पंजीकरण नियमानुसार निरस्त किया जा सकता है।

सीएमओ कार्यालय से 12 अगस्त 2026 को जारी पत्र के अनुसार, 31 जुलाई को जांच कमेटी के सदस्यों डॉ. अजय कुमार और डॉ. लईक अहमद अंसारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के पैनल में शामिल कोई चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद नहीं मिला। उस समय आईसीयू में आठ से 10 तथा एचडीयू में चार से पांच मरीज भर्ती पाए गए। पत्र में कहा गया है कि इनमें कई मरीज गंभीर स्थिति में थे और प्रशिक्षित चिकित्सक एवं स्टाफ की अनुपस्थिति से मरीजों की जान को खतरा हो सकता था।

निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों ने अस्पताल की पैथोलॉजी लैब और ऑपरेशन थिएटर को तत्काल सील कर दिया था। सीएमओ कार्यालय के मुताबिक, पांच अगस्त को दोबारा निरीक्षण के दौरान दोनों सील किए गए स्थान खुले मिले। आरोप है कि बिना सीएमओ कार्यालय की अनुमति के ओटी और पैथोलॉजी लैब को खोलकर ऑपरेशन तथा पैथोलॉजी जांच कराई गईं। विभाग ने इसे गंभीर मामला माना है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अस्पताल के प्रभारी पर्सन इंचार्ज के रूप में डॉ. आदित्य आर्या की 24 घंटे उपलब्धता अपेक्षित थी, लेकिन जांच टीम के दो दौर के निरीक्षण के दौरान वह अस्पताल में मौजूद नहीं मिले। इसके अलावा शिकायत के आधार पर विभाग ने यह भी सवाल उठाया है कि डॉ. आर्या फैयाज केयर अस्पताल में भी प्रभारी/पर्सन इंचार्ज के तौर पर कार्यरत हैं। एक ही समय में दो अस्पतालों में प्रभारी की भूमिका निभाने को लेकर सीएमओ कार्यालय ने इसे विभाग को गुमराह करने की मंशा से किया गया कृत्य बताया है।

सीएमओ ने डॉ. आदित्य आर्या को निर्देश दिया है कि वह आरोपों के संबंध में 18 अगस्त 2026 तक साक्ष्यों सहित अपना स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में जवाब नहीं देने अथवा स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# आयुष इंटर्न ने उठाई स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सरकारी आयुष कॉलेजों में प्रशिक्षण ले रहे इंटर्न ने अपने स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। इंटर्न ने वर्तमान में मिल रहे करीब 7,500 प्रतिमाह स्टाइपेंड को बढ़ाकर कम से कम 25 हजार करने की मांग की है।

इस संबंध में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की अपील की गई। इंटर्न का कहना है कि साढ़े चार वर्ष की चिकित्सा शिक्षा पूरी करने के बाद इंटर्नशिप के दौरान उन्हें सरकारी अस्पतालों में मरीजों की देखभाल, वार्ड ड्यूटी, निगरानी और चिकित्सीय कार्यों में सहयोग करना पड़ता है। इसके बावजूद मिलने वाला स्टाइपेंड उनकी जिम्मेदारियों और मौजूदा महंगाई के अनुरूप नहीं है। उनका कहना है कि 7,500 की मासिक राशि में आवास, भोजन, आने-जाने, पढ़ाई और अन्य जरूरी खर्च पूरे करना मुश्किल हो रहा है। ज्ञापन में अन्य राज्यों में आयुष इंटर्न को मिलने वाले अपेक्षाकृत अधिक स्टाइपेंड का भी हवाला दिया गया है। इंटर्न ने MBBS और BDS इंटर्न के स्टाइपेंड में हुई बढ़ोतरी का उल्लेख करते हुए आयुष इंटर्न के लिए भी समान आधार पर पुनरीक्षण की मांग की। साथ ही NCISM की 16 फरवरी 2022 की अधिसूचना का हवाला देकर चिकित्सा पद्धतियों के बीच स्टाइपेंड की विसंगति दूर करने की मांग उठाई। इंटर्न ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी।




## ट्रेन से कटकर एक किशोर की हुई मौत

**मीरगंज / फतेहगंज पश्चिमी।** दो दिन से लापता 16 वर्षीय मंदबुद्धि किशोर धर्मेंद्र कुमार की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह मंगलवार आधी रात को अचानक घर से गायब हो गया था। परिजनों की काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला, जिसकी सूचना बुधवार सुबह पुलिस को दी गई।

बुधवार रात पुलिस को औंध गांव के पास रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा मिला। मृतक के भाई राजकुमार ने ट्रैक पर पहुंचकर धर्मेंद्र के रूप में उसकी पहचान की। माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। सीओ देवेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हवाई अड्डे के आसपास 'गंदगी का साम्राज्य'

## स्मार्ट सिटी के दावों पर सवाल

> सड़क किनारे कथित अवैध डेयरियों से फैली गंदगी, गोबर-मूत्र और सड़े चारे से दुर्गंध, मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के दावों के बीच हवाई अड्डे के आसपास के हालात इन दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सड़क के दोनों ओर कथित रूप से संचालित डेयरियों के आसपास गोबर के ढेर, गंदा पानी, पशुओं का मूत्र और सड़ा चारा फैला हुआ है। इससे क्षेत्र में दुर्गंध के साथ मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने की शिकायत है।

डेयरियों में बड़ी संख्या में पशु बांधे जाने के कारण रोजाना निकलने वाले गोबर और मूत्र के निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं दिखाई देती। सड़क किनारे जमा गंदगी बारिश के बाद कीचड़ में बदल जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से बने इन हालात के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम सीमा में आने वाले इस क्षेत्र में कथित अवैध डेयरियों के संचालन को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या डेयरियों का सर्वे कराया गया है और इनके संचालन की अनुमति है? यदि कार्रवाई की गई है तो दोबारा ऐसी स्थिति कैसे बन गई। हवाई अड्डा शहर का महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। यहां पहुंचने वाले लोगों को सड़क किनारे फैली गंदगी और अव्यवस्थित डेयरियां नजर आती हैं। इससे शहर की छवि भी प्रभावित होने की बात कही जा रही है। लोगों ने क्षेत्र में नियमित सफाई, फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव कराने के साथ डेयरियों की जांच और गोबर-मूत्र के उचित निस्तारण की व्यवस्था कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीमारी फैलने से पहले जिम्मेदार विभागों को ठोस कदम उठाने चाहिए। सवाल यही है कि जब शहर के प्रमुख प्रवेश द्वार के आसपास ही बदहाली है तो स्मार्ट सिटी की तस्वीर कैसे बेहतर होगी?



# रिटायर्ड सीओ से 50 हजार लेने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त सीओ ने परिचित दंपती पर 50 हजार रुपये लेने और रकम वापस मांगने पर गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एडीजी के आदेश के बाद बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आदर्श विहार कॉलोनी निवासी नत्थूलाल भारती पुलिस उपाधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हैं। शिकायत के मुताबिक, उनकी कॉलोनी में रहने वाले घनेन्द्र यादव से दोस्ती होने के बाद दोनों परिवारों में आना-जाना शुरू हो गया। इसी दौरान आर्थिक जरूरत बताकर घनेन्द्र ने उनसे रुपये मांगे। नत्थूलाल के अनुसार उन्होंने उसकी पत्नी कुसुमा देवी के नाम 30 हजार रुपये का चेक दिया। बाद में 20 हजार रुपये और दिए गए। आरोप है कि रकम लौटाने के लिए कई बार कहने के बावजूद दंपती टालमटोल करता रहा। 14 अगस्त को रुपये मांगने पर दोनों ने कथित तौर पर गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। नत्थूलाल का आरोप है कि इसके बाद घनेन्द्र ने उनके और बेटे डिम्पु के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। उन्होंने 21 अगस्त को एडीजी रमित शर्मा से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। एडीजी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। अब पुलिस लेनदेन, चेक और दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है।

# संवाद से समाधान की ओर बढ़ा बीडीए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री के सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित जनसेवा के विजन को धरातल पर उतारने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने भवन मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने की पहल की है। इसी क्रम में गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में 'मानचित्र समाधान दिवस' एवं 'बीडीए विकास संवाद' का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में करीब 30 आर्किटेक्ट, इंजीनियर और एलटीपी शामिल हुए। कार्यक्रम में ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृति पोर्टल से जुड़ी तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जहां संभव हुआ, मौके पर ही समाधान और आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया। इस दौरान करीब 10 भवन मानचित्रों का मौके पर ही निस्तारण एवं स्वीकृति की गई। संबंधित मामलों में आवश्यक रिपोर्ट भी तत्काल जारी की गईं। उपाध्यक्ष ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य समस्याओं को केवल कार्यालय स्तर पर देखने के बजाय संबंधित स्टेकहोल्डर्स से सीधे संवाद कर व्यावहारिक समाधान तलाशना है। आर्किटेक्ट, इंजीनियर, बिल्डर, डेवलपर सहित अन्य क्षेत्रों के सुझावों को महत्व दिया जाएगा।

# स्टेडियम रोड पर 140 से अधिक निर्माणों पर कार्रवाई की तैयारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की प्रमुख सड़कों को बेहतर बनाने की कवायद के बीच स्टेडियम रोड के आसपास रहने वाले लोगों और कारोबारियों की परेशानी बढ़ गई है। सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम ने 140 से अधिक मकान और दुकानों के मालिकों को नोटिस जारी कर चिह्नित हिस्सा स्वयं हटाने के निर्देश दिए हैं। निगम ने इसके लिए 15 दिन की समय सीमा तय की है। समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। चौड़ीकरण की प्रक्रिया के तहत स्टेडियम रोड पर कई निर्माणों की पैमाइश कर निशान लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि अलग-अलग स्थानों पर करीब आठ से 20 फीट तक का हिस्सा सड़क की प्रस्तावित सीमा में आ रहा है। इसकी जद में दुकान और मकानों के अलावा अस्पताल तथा धार्मिक स्थलों से जुड़े कुछ निर्माण भी बताए जा रहे हैं। निगम के अनुसार पूरे क्षेत्र में 200 से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। कार्रवाई की सूचना मिलने के बाद दुकानदारों और भवन स्वामियों में बेचैनी है। कारोबारियों का कहना है कि कई दुकानों का बड़ा हिस्सा टूटने से व्यापार प्रभावित होगा। कुछ लोगों का कहना है कि उनकी पूरी आजीविका इन्हीं प्रतिष्ठानों पर निर्भर है। वहीं मकानों का हिस्सा टूटने की स्थिति में परिवारों के सामने वैकल्पिक व्यवस्था की चुनौती भी होगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार लोगों को पहले स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया है। तय अवधि में चिह्नित हिस्सा हटाने पर प्रशासनिक स्तर पर तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं करनी पड़ेगी। स्टेडियम रोड का विकास मुख्यमंत्री ग्रेड योजना के तहत प्रस्तावित बताया जा रहा है। सड़क चौड़ी करने के साथ सुंदरीकरण और बेहतर प्रकाश व्यवस्था की भी योजना है। निगम का दावा है कि काम पूरा होने पर यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और सड़क की तस्वीर बदलेगी। हालांकि प्रभावित लोगों की निगाह अब इस बात पर है कि प्रशासन कार्रवाई से पहले उनकी समस्याओं का किस तरह समाधान करता है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413


# मुठभेड़ में वांछित गोतस्कर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नकटिया नदी के पास गोवंशीय अवशेष मिलने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को कैंट पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे कठपुला पुल के पास हुई मुठभेड़ में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार 23 अगस्त को नकटिया नदी पुल के पास हाईवे किनारे झाड़ियों में प्लास्टिक के कट्टे में गोवंशीय अवशेष मिले थे। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने 30 अगस्त को पैकर इल्मास वारसी खान और नन्हे बाबू उर्फ अतीक खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि छोटा उर्फ राशिद फरार था। पुलिस का कहना है कि गुरुवार सुबह मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ने कठपुला पुल के पास घेराबंदी की। स्कूटी से पहुंचे आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। स्कूटी गिरने के बाद उसने कथित तौर पर पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।.पकड़े गए आरोपी की पहचान छोटा उर्फ राशिद (30) के रूप में हुई। उसके पास से 315 बोर का तमंचा, तीन खोखे, बिना नंबर की स्कूटी, मोबाइल और दो छुरियां बरामद होने का दावा पुलिस ने किया है। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।



## घास काटने गई विधवा से युवक ने की छेड़छाड़

**फरीदपुर (बरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पशुओं के लिए घास काटने गई विधवा महिला से बदसलूकी का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।पीड़ित महिला के अनुसार, बुधवार शाम करीब 4 बजे वह खेतों में घास काट रही थी। इसी बीच गांव का ही ईश्वरी पुत्र बृजपाल वहां पहुंच गया। उसने पहले घास उठाने में मदद का बहाना किया और फिर महिला को बुरी नीयत से दबोच लिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपी कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com





## एक नजर

### मुजाहिदपुर में डेंगू की दस्तक, युवक जिला अस्पताल में भर्ती

**बदायूं।** उझानी क्षेत्र पंचायत के गांव मुजाहिदपुर में डेंगू का एक मामला सामने आने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। गांव निवासी एक व्यक्ति नोएडा में मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। रक्षाबंधन पर वह अपने घर आया था। घर पहुंचने के बाद उसे तेज बुखार आया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच में डेंगू की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है। डेंगू की पुष्टि होने की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मुजाहिदपुर गांव पहुंची। टीम ने घर-घर जाकर बुखार से पीड़ित मरीजों की स्क्रीनिंग की। इसके साथ ही मच्छरों के लार्वा की तलाश कर एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया। शाम के समय गांव में फॉगिंग भी कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को घरों के आसपास पानी जमा न होने देने और मच्छरों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी।

# पुलिस हिरासत में राजेश की मौत के न्याय के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी पत्नी

## हाईकोर्ट के जज से न्यायिक जांच, दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग

- एक करोड़ मुआवजा, सरकारी नौकरी, आवास और बच्चों की मुफ्त शिक्षा की रखी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव के साथ धरने पर बैठा राजेश का परिवार।

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली में पुलिस हिरासत में दलित युवक राजेश कोरी की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर उसकी पत्नी रूपवती कोरी ने अटसेना गांव में अंबेडकर प्रतिमा के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरने की जानकारी मिलने पर गांव के काफी लोग मौके पर पहुंच गए और रूपवती के समर्थन में आवाज उठाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और रूपवती कोरी के आंदोलन को समर्थन दिया।

धरने पर बैठीं रूपवती कोरी ने कहा कि उनके पति राजेश कोरी की पुलिस हिरासत में मौत हुई है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि घटना की वास्तविकता सामने आ सके और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने मांग की कि मामले की हाईकोर्ट के जज से न्यायिक जांच कराई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

रूपवती ने सरकार और प्रशासन के सामने परिवार के भविष्य को लेकर भी कई मांगें रखी हैं। उन्होंने अपने लिए सरकारी नौकरी और दातागंज कस्बे में आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने तथा राजेश कोरी के चार बच्चों की मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था कराने की मांग की गई है।

धरना स्थल पर पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि राजेश कोरी की मौत के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक परिवार की ओर से उठाए जा रहे सवालों का समाधान नहीं हो सकता। कांग्रेस नेताओं और ग्रामीणों ने रूपवती कोरी को समर्थन देते हुए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की।

वहीं, रूपवती कोरी ने मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने की बात कही है। गांव में धरने को लेकर लोगों की भीड़ जुटने से मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है।

# 12,768 राजस्व वाद लंबित, पांच साल पुराने मामलों पर डीएम नाराज

- तहसील बदायूं में सबसे अधिक 3,649 मामले लंबित, निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय




समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिले की पांचों तहसीलों में कुल 12,768 राजस्व वाद लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी अवनीश राय ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने और खासकर पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों के साथ लंबित राजस्व वादों की समीक्षा की। समीक्षा में सामने आया कि तहसील बदायूं में 3,649, बिसौली में 2,982, दातागंज में 2,506, बिल्सी में 1,863 और सहसवान में 1,768 राजस्व वाद लंबित हैं। डीएम ने कहा कि लंबे समय से लंबित मामलों के कारण फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए सभी अधिकारी वादों की नियमित समीक्षा करते हुए उनके निस्तारण में तेजी लाएं। उन्होंने बताया कि जिले में एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम अवधि के 2,077 वाद लंबित हैं। वहीं तीन वर्ष से अधिक पुराने 248 और पांच वर्ष से अधिक अवधि के 111 मामले लंबित हैं।

**धारा 116, 24 और 34 के मामलों की भी समीक्षा :** जिलाधिकारी ने पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने तहसीलों में लंबित मामलों की स्तरवार समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आगामी समीक्षा बैठक में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने राजस्व संहिता की धारा 116, 24 और 34 के तहत लंबित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने इन धाराओं से संबंधित वादों के निस्तारण में भी तेजी लाने को कहा। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सीकरी कांड में इंस्पेक्टर सुभाष हटाए गए, कपिल कुमार को मिली फैजगंज बेहटा की कमान

- लापरवाही के आरोपों के बीच एसएसपी ने की कार्रवाई, नवादा और कछला चौकी संभाल चुके हैं कपिल कुमार
- क्राइम कंट्रोल के लिए सख्त छवि के चलते मिली जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सीकरी कांड के बाद पुलिस विभाग में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। मामले में लापरवाही को लेकर फैजगंज बेहटा थाने के प्रभारी निरीक्षक सुभाष को हटा दिया गया है। उनकी जगह तेजतर्रार और ईमानदार छवि वाले एसआई कपिल कुमार को फैजगंज बेहटा थाने की कमान सौंपी गई है। कार्रवाई को पुलिस महकमे में गंभीरता से लिया जा रहा है।

नव नियुक्त थाना प्रभारी कपिल कुमार इससे पहले नवादा और कछला चौकी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। दोनों स्थानों पर उनके कार्यकाल के दौरान अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को लेकर उनकी सक्रियता चर्चा में रही है। पुलिस महकमे में उन्हें क्राइम कंट्रोल पर विशेष पकड़ रखने वाले अधिकारियों में माना जाता है।

सीकरी कांड के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवालों के बीच थाना प्रभारी को हटाए जाने के बाद अब कपिल कुमार के सामने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत करने की चुनौती होगी। क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने, लंबित मामलों के निस्तारण और पुलिस की सक्रियता बढ़ाने को उनकी प्राथमिकताओं में माना जा रहा है। विभागीय स्तर पर उम्मीद जताई जा रही है कि नए प्रभारी की तैनाती से फैजगंज बेहटा क्षेत्र में पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण को और मजबूती मिलेगी।

### थाने के सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद इंस्पेक्टर वेदपाल हटाए गए

> गैरजनपद तबादला होने के बावजूद चार इंस्पेक्टर नहीं किए जा रहे थे रिलीव, कस्टडी में युवक की मौत के बाद वायरल हुआ था वीडियो

**बदायूं।** पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के मामले में थाने के सीसीटीवी कैमरों का फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में कार्रवाई तेज हो गई है। मामले में इंस्पेक्टर वेदपाल को थाना प्रभारी पद से हटा दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली और कस्टडी में युवक के साथ किए गए व्यवहार को लेकर सवाल खड़े हुए थे। बताया जा रहा है कि इंस्पेक्टर वेदपाल समेत जिले के चार इंस्पेक्टरों का गैरजनपद स्थानांतरण पहले ही हो चुका था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें जिले से रिलीव नहीं किया जा रहा था। इसी बीच पुलिस कस्टडी में युवक की मौत हो गई। घटना से जुड़े थाने के सीसीटीवी कैमरों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पूरे मामले की पोल खुलने लगी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। इंस्पेक्टर वेदपाल को हटाए जाने के बाद अब उनके स्थान पर नए प्रभारी की तैनाती की तैयारी है। कस्टडी में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस की भूमिका की जांच भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा में नन्हे-मुन्नों ने मोहा मन, श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर में जन्माष्टमी से पूर्व प्रतियोगिता का आयोजन, राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने जीवंत की ब्रज संस्कृति



कार्यक्रम में प्रतिभा करते नन्हे मुन्ने बच्चे। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी बच्चे व स्कूल स्टाफ। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मीरा चौकी स्थित श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा अरुण से पंचम तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने राधा और श्रीकृष्ण का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।

श्रीकृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने मुकुट, मोरपंख, बांसुरी और पीतांबर धारण कर भगवान कृष्ण की छवि को साकार किया। वहीं राधा रानी के रूप में सजी बालिकाओं ने आकर्षक परिधानों, आभूषणों और श्रृंगार के माध्यम से ब्रज की संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय और आनंदमय वातावरण में सराबोर हो गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, धर्म, परंपराओं और महान चरित्रों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में अपनी परंपराओं के प्रति रुचि और संस्कार विकसित होते हैं।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में दीक्षा गोस्वामी, रुचि महेश्वरी, दीक्षा राठौर, शैलजा सिंह, प्रियंका सक्सेना, रूपाली रस्तोगी और कंचन राठौर शामिल रहीं।

इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के प्रांत प्रचार प्रमुख राजकुमार सिंह सेंगर, कमलेश कुमार, अनुज कुमार पटेल, शैलेंद्र सिंह, प्रवेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह, हिमांशु उपाध्याय समेत विद्यालय का समस्त आचार्य परिवार मौजूद रहा।

# जिले में बड़ा पुलिस फेरबदल, 10 थाना प्रभारी बदले

> उझानी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लाइन हाजिर, कई नए चेहरों को मिली थानों की कमान गैरजनपद तबादले के चलते चार पूर्व प्रभारियों को भी पुलिस लाइन भेजा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसएसपी अंकिता शर्मा। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिले की कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए एसएसपी अंकिता शर्मा ने गुरुवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया। उन्होंने 10 थानों के प्रभारियों में बदलाव करते हुए कई निरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। उझानी और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। बड़े स्तर पर हुए इस फेरबदल के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है।

एसएसपी के आदेश के अनुसार प्रवीण कुमार और संजय कुमार को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं ऋषिपाल सिंह को दातागंज कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धर्मेंद्र सिंह को उझानी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है, जबकि माधो सिंह बिष्ट को कोतवाली प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सन्नी चौधरी को अलापुर, उदयवीर सिंह को उघेती, विदेश शर्मा को एएचटी, नीरज कुमार को मुजरिया, सर्वेंद्र कुमार शर्मा को बिसौली, कपिल कुमार को फैजगंज बेहटा और बाबूराम गौतम को जरीफनगर का प्रभारी बनाया गया है।

वहीं गैरजनपद स्थानांतरण के चलते दातागंज, बिसौली, फैजगंज बेहटा और जरीफनगर के पूर्व थाना प्रभारियों को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। अधिकारियों के स्तर पर किए गए इस व्यापक फेरबदल को आगामी दिनों में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एक साथ कई थानों के प्रभारियों के बदले जाने से पुलिस विभाग में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। नई जिम्मेदारी पाने वाले अधिकारियों के सामने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुलिसिंग को प्रभावी बनाने की चुनौती होगी।

# राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने मोहा मन मटकी फोड़ प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय




कार्यक्रम में प्रतिभाग करते नन्हे मुन्ने बच्चे। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला समृद्धि के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी, सुदामा और बाल गोपाल के मनमोहक स्वरूप में सजकर पहुंचे। मोर मुकुट, बांसुरी, माखन की मटकी और माथे पर तिलक लगाए बच्चों ने अपनी बाल-लीलाओं से सभी का मन मोह लिया।

इस दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर मनमोहक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। इसके बाद आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार भी जीते।

फेडरेशन ऑफिसर रूपम गुप्ता ने बच्चों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम में सचिव रुचि वाष्र्णेय, कोषाध्यक्ष रूबी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, पूर्व सचिव आंचल वाष्र्णेय, राखी वाष्र्णेय, पारूल अग्रवाल, डॉ. स्वाति रंजन, ऋतु साहनी, सरिता वाष्र्णेय, ममता यादव, रोजी अग्रवाल, मानसी गर्ग, शिवानी अग्रवाल, अंशिका गर्ग, स्मिता यादव, प्रीति वाष्र्णेय, रोचन अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, रश्मि वाष्र्णेय और शिखा वाष्र्णेय मौजूद रहीं।

## संक्षेप समाचार

### पुलिस मॉडर्न स्कूल में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चों ने मोहा मन



कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारी व बच्चे। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** पुलिस मॉडर्न स्कूल में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने सुंदर झूले, पोस्टर, मटकी और बांसुरी आदि सजाकर भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी तैयार की। विद्यालय परिसर में जन्माष्टमी को लेकर उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक सुमेध मिलिंद जाधव ने बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने बच्चों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए पर्व के महत्व के बारे में बताया। इसके बाद बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, पुलिस स्टाफ, प्रधानाचार्य शैलेंद्र बत्तरा, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा वामा सारथी की सदस्य नीलम मौजूद रहीं।

**दिक्कत** गंगा-रामगंगा के तटीय इलाकों से सुरक्षित ठिकानों की तलाश में निकले सैकड़ों पशु

# बाढ़-कटान से सड़कों पर उतरा बेसहारा गोवंश, हाईवे पर हादसों का खतरा

- किसानों की फसलें भी हो रहीं चौपट
- गोशालाओं पर खर्च हो रहा करोड़ों का बजट, फिर भी हाईवे और खेत बने बेसहारा गोवंश का ठिकाना

देवेश मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** गंगा और रामगंगा नदी में आई बाढ़ और कटान ने तटीय इलाकों के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। निचले क्षेत्रों में पानी भरने के कारण सैकड़ों बेसहारा गोवंश सुरक्षित और ऊंचे स्थानों की तलाश में सड़कों और हाईवे की ओर पहुंच गए हैं। बदायूं और आसपास के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह गोवंश के झुंड दिखाई दे रहे हैं। इससे जहां यातायात प्रभावित हो रहा है, वहीं तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक पशुओं के आने से हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से निकलकर गोवंश अब सड़कों, डिवाइडरों और किनारे के ऊंचे स्थानों पर डेरा जमाए हुए हैं। दिन में तो वाहन चालक किसी तरह इनसे बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। अंधेरे में सड़क पर बैठे या अचानक दौड़कर सामने आ जाने वाले पशुओं से टकराने का खतरा बना रहता है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही तेज रफ्तार कार और बड़े वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है।

**इन हाईवे पर सबसे ज्यादा खतरा :** दिल्ली-बदायूं हाईवे, बरेली-मथुरा हाईवे, मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे, बदायूं-मेरठ हाईवे और बदायूं-पुवायां हाईवे समेत कई प्रमुख मार्गों पर गोवंश के झुंड देखे जा रहे हैं। कई स्थानों पर पशु सड़क के बीचोंबीच बैठ जाते हैं। इससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है और पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने का खतरा भी बना रहता है।

**खेतों में पहुंचकर फसलें भी कर रहे चौपट :** बाढ़ से पहले ही किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ऐसे में बेसहारा गोवंश बची-खुची फसलों के लिए भी संकट बन गए हैं। किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि एक तरफ बाढ़ और कटान ने फसल बर्बाद कर दी, वहीं दूसरी तरफ पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### गोशालाओं के दावों पर भी उठ रहे सवाल

सरकार की ओर से गोवंश संरक्षण और गोशालाओं के संचालन पर बजट खर्च किया जा रहा है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में बेसहारा पशुओं का सड़कों और खेतों में दिखाई देना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गोशालाओं में पर्याप्त क्षमता और व्यवस्थाएं हैं तो बाढ़ प्रभावित इलाकों से निकलने वाले गोवंश को तत्काल सुरक्षित आश्रय क्यों नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर बेसहारा गोवंश को तत्काल सुरक्षित गोशालाओं में पहुंचाया जाए। साथ ही हाईवे के संवेदनशील स्थानों पर निगरानी और पशुओं को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले समस्या का समाधान हो सके।

# सपा की बैठक में पीडीए सम्मेलन और 2027 की तैयारियों पर मंथन

## राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने की कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां




बैठक में मौजूद समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक गांव पैगा स्थित स्कूल में विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में हुई। बैठक में सात सितंबर को प्रस्तावित समाजवादी पार्टी बाबासाहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे पार्टी की नीतियों और बाबा साहेब के संदेश पहुंचाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

बैठक में पीडीए सम्मेलन को सफल बनाने, संगठन को बूथ स्तर के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी, पूर्व ब्लाक प्रमुख खजाना देवी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एडवोकेट विवेक यादव, कल्यान सिंह यादव, इंद्रजीत भट्ट, नगर अध्यक्ष आमिर हुसैन, मेवाराम प्रधान, पंकज यादव, पाले अली, सूरज पाल सिंह, ढाकन सिंह, वीरेश प्रजापति, भूपेंद्र दिवाकर, राजीव यादव, अमित मथुरिया, होराम सिंह, जयपाल सिंह यादव, हिमांशु पंडित, सुरेंद्र सागर, हरिकृष्ण मौर्य, बृजपाल सिंह, मो. सालिम, जफर खां, सरफराज खां, राजेश कुमार कोरी, धीरेंद्र मौर्य, भूरे सिंह सागर, फूलसिंह, विमल कुमार यादव और प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### किसान यूनियन ने संगठन विस्तार को दी नई धार, चार कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

**बदायूं।** भारतीय हलधर किसान यूनियन ने संगठन विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए चार कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। गुरुवार को मंडल अध्यक्ष बरेली मृगांक कुमार उर्फ टीटू जैन के नेतृत्व में बदायूं के पदाधिकारियों ने एटा स्थित राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने को लेकर चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से शेखर सोलंकी को छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष बदायूं, शिवप्रताप सिंह को छात्रसभा जिला संगठन मंत्री, विकास सोलंकी को छात्र मोर्चा जिला महासचिव तथा अजीत वार्ष्णेय को व्यापार प्रकोष्ठ जिला सचिव मनोनीत किया गया।

# जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## डीएम ने प्रशिक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए समयबद्ध तैयारी के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद प्रशासन ने दूसरे चरण की तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार श्रीवास्तव समेत सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।



बैठक में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

बैठक में बताया गया कि दूसरे चरण के प्रशिक्षण के लिए जनपद स्तर पर कुल चार मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें जिला प्रशासन की ओर से तीन और जिला जनगणना कार्यालय की ओर से एक मास्टर ट्रेनर शामिल हैं। इन मास्टर ट्रेनरों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है।

प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर जनपद स्तर पर करीब 118 से 120 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके बाद फील्ड ट्रेनरों द्वारा चार्ज स्तर पर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य प्रशिक्षण की पूरी प्रक्रिया समय से पूरी कराकर दूसरे चरण की जनगणना का सुचारु संचालन सुनिश्चित करना है।

### डिजिटल माध्यम से होगी जनसंख्या गणना

बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना-2027 का दूसरा चरण पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसमें जनसंख्या से संबंधित आंकड़ों का संकलन डिजिटल रूप से किया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा में पूरी कर ली जाएं, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नाधा में झोलाछापों का जाल, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

- सील किए गए नर्सिंग होम के दोबारा संचालन का आरोप, प्रसव और ऑपरेशन किए जाने की शिकायत
- बिना डिग्री-रजिस्ट्रेशन इलाज का दावा, ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से जांच और कार्रवाई की मांग की

**सहसवान।** नाधा क्षेत्र में कथित झोलाछाप चिकित्सकों और बिना पंजीकरण संचालित हो रहे निजी अस्पतालों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरोप है कि क्षेत्र में कई जगह बिना डिग्री और वैध पंजीकरण के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर महिला प्रसव केंद्र और ऑपरेशन की सुविधा का प्रचार किया जा रहा है, जबकि संचालकों की योग्यता और संस्थानों के पंजीकरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिन पहले शिकायत के आधार पर एसडीएम के स्तर से एचके नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे सील कराया गया था और मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद नर्सिंग होम की सील खुल गई और वहां दोबारा गतिविधियां शुरू हो गईं।



बिन रजिस्ट्रेशन संचालित होता अस्पताल।

स्थानीय लोगों का दावा है कि यहां प्रसव और ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि नाधा और आसपास के गांवों में कई ऐसे चिकित्सा केंद्र संचालित होने की शिकायतें हैं, जहां प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपलब्धता और पंजीकरण को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि गलत उपचार या लापरवाही के मामलों में मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ती है।

सबसे गंभीर सवाल स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था को लेकर उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि शिकायतों के बावजूद ऐसे केंद्र दोबारा संचालित हो रहे हैं तो संबंधित विभाग की जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से नाधा क्षेत्र में संचालित सभी निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और प्रसव केंद्रों की जांच कराने, संचालकों की शैक्षिक योग्यता एवं पंजीकरण की जांच करने तथा नियमों का उल्लंघन मिलने पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एचके नर्सिंग होम के दोबारा संचालन के आरोपों की भी जांच की मांग की गई है।

# लाइसेंस से ज्यादा बारूद मिला, दो पटाखा गोदाम सील, कारोबारियों में मची खलबली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कौशांबी-प्रयागराज सीमा पर धमाके के बाद बदायूं में अलर्ट, एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस-फायर टीम की छापेमारी**

**उझानी के नविश इंटरप्राइजेज और शहर के जय मां ट्रेडर्स के गोदाम पर कार्रवाई, कई अन्य गोदाम भी जांच के घेरे में**

**बदायूं।** कौशांबी-प्रयागराज सीमा पर अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके के बाद बदायूं जिला प्रशासन ने पटाखा कारोबारियों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। जिले में पटाखा गोदामों की जांच तेज कर दी गई है। बुधवार शाम से बृहस्पतिवार दोपहर तक हुई कार्रवाई में दो गोदामों में लाइसेंस में निर्धारित क्षमता से अधिक बारूद और पटाखे मिलने पर उन्हें सील कर दिया गया। कार्रवाई से पटाखा कारोबारियों में खलबली मची हुई है।

एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साई आश्रित साखमुरी के नेतृत्व में पुलिस और फायर विभाग की टीम ने बुधवार शाम उझानी-बिल्सी रोड स्थित नविश इंटरप्राइजेज के गोदाम पर छापा मारा। जांच में सामने आया कि लाइसेंस के अनुसार यहां दो किलो बारूद और 500 किलो पटाखों के भंडारण की अनुमति थी, लेकिन मौके पर निर्धारित मात्रा से कई गुना अधिक बारूद और पटाखे रखे मिले। टीम ने देर रात करीब दो बजे गोदाम को सील कर दिया।

इसके बाद बृहस्पतिवार सुबह से दोपहर तक बदायूं शहर में कचहरी रेलवे फाटक के पास घोंचा पुल स्थित जय मां ट्रेडर्स के पटाखा गोदाम की जांच की गई। यहां भी लाइसेंस की क्षमता से अधिक बारूद और पटाखों का भंडारण मिलने पर प्रशासन ने गोदाम को सील कर दिया।

### 19 लाइसेंस, कई अन्य गोदाम जांच के घेरे में

प्रशासन के अनुसार जिले में पटाखों से संबंधित कुल 19 लाइसेंस हैं। इनमें 10 थोक पटाखा कारोबार के लाइसेंस हैं, जबकि अन्य लाइसेंसों में निर्माण की अनुमति भी शामिल है। प्रशासन को कई अन्य गोदामों में भी निर्धारित क्षमता से अधिक बारूद और पटाखे रखे होने की सूचनाएं मिली हैं। इनकी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बदायूं में पूर्व के वर्षों में अवैध रूप से पटाखा बनाने और बेचने के दौरान कई बड़े विस्फोट हो चुके हैं। इन हादसों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे में प्रशासन इस बार किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता। सूचना मिलने पर संदिग्ध पटाखा गोदामों और अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहने की बात कही जा रही है।

# सपा के गढ़ सहसवान में भाजपा की सेंध की कोशिश

देवेश मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

- प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव की मुलाकातों से बढ़ी सियासी हलचल
- समाजवादी खेमे के कई लोगों से घर जाकर मिले भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, नगर में शुरू हुई चर्चाएं
- भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भी उठे सवाल-नए वोट बैंक की कवायद कितना दिलाएगी फायदा?

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के मजबूत प्रभाव वाले सहसवान विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने अपनी सियासी जमीन मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में कई लोगों से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इनमें समाजवादी खेमे से जुड़े लोगों के नाम भी चर्चा में रहे। इन मुलाकातों के बाद सहसवान की सियासत में नई चर्चाओं को हवा मिल गई है।

राजेश यादव के इस संपर्क अभियान को भाजपा के विस्तार और नए वोट बैंक को साधने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, मुलाकात के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या ये लोग भाजपा के साथ आएंगे या फिर यह कवायद महज राजनीतिक संपर्क तक सीमित रहेगी। फिलहाल किसी के भाजपा में शामिल होने की स्पष्ट घोषणा नहीं हुई है।



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव का स्वागत करते सहसवान में लोग।

नगर के राजनीतिक गलियारों में इन मुलाकातों को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। खासकर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच इसे लेकर दो तरह की चर्चाएं हैं। एक वर्ग का मानना है कि यदि सपा से जुड़े प्रभावशाली लोग भाजपा के साथ आते हैं तो 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को सहसवान जैसे सपा प्रभाव वाले क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिल सकती है। वहीं, पार्टी के भीतर दूसरा सवाल पुराने कार्यकर्ताओं और परंपरागत वोट बैंक को लेकर उठ रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा है कि नए चेहरों को जोड़ने की कोशिश का असर पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं के मनोबल पर न पड़े। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि जिन लोगों से संपर्क किया जा रहा है, उनका क्षेत्र में वास्तविक राजनीतिक प्रभाव और जनाधार कितना है।

सियासी जानकारों की नजर अब इस बात पर टिकी है कि राजेश यादव की इन मुलाकातों का अगला चरण क्या होगा। क्या संपर्क में आए लोग भाजपा का दामन थामेंगे और सार्वजनिक तौर पर पार्टी के साथ खड़े नजर आएंगे, या फिर यह अभियान केवल राजनीतिक संवाद और संपर्क तक सीमित रहेगा। फिलहाल सहसवान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष की सक्रियता ने स्थानीय राजनीति में हलचल जरूर बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में तस्वीर साफ होगी कि भाजपा की यह सियासी रणनीति सपा के गढ़ में सेंध लगाने में कितनी सफल होती है और इसका पार्टी के मौजूदा संगठन एवं वोट बैंक पर क्या असर पड़ता है।

# पालिकाध्यक्ष ने सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी कुसुम पत्नी रामचंद्र को भावभीनी विदाई दी गई। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने उन्हें शॉल, माला और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में 7 लाख 83 हजार 995 रुपये का चेक प्रदान किया गया।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण के कारण ही बदायूं नगर पालिका स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर पा रही है। उन्होंने कहा कि पालिका कर्मचारियों के मान-सम्मान और हितों की रक्षा के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं।



सेवा निवृत सफाई कर्मचारियों को भुगतान चेक देती पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा।

उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पालिका की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

समारोह में सभासद रवि, अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तयव्व, खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, नवैद इकबाल गनी, रजनेश चंद्र, शरीफ अहमद, लवी, राजेंद्र सिंह, विनोद सोनकर, महेश बाबू, गजेंद्र, सफाई कर्मचारी नेता रमेश डी लाल, संदीप, अरुण, मुनीष, नवीन, सुभरतन, सुभाष, रोहित, अवनीश और रामसरन सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी से पहले कान्हा के रंग में सजा बिसौली का बाजार

**लड्डू गोपाल की पोशाक, मुकुट-बांसुरी और झूलों की बढ़ी मांग, बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस भी खूब पसंद**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नजदीक आते ही नगर के बाजार कान्हा के रंग में रंगने लगे हैं। दुकानों पर लड्डू गोपाल की रंग-बिरंगी पोशाकों के साथ मुकुट, बांसुरी, मोरपंख और आकर्षक झूले सज गए हैं। जन्माष्टमी पर घरों और मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाने की परंपरा को देखते हुए बाजार में झांकी सजाने के सामान की बिक्री भी तेज हो गई है।



कान्हा के वस्त्रों की खरीदारी करते ग्राहक। -जागरण मोर्चा

दुकानों पर कान्हा के लिए रेशमी, जरीदार, सूती और गोटे वाली पोशाकों की कई वैरायटी उपलब्ध हैं। अलग-अलग रंग और डिजाइन में तैयार इन पोशाकों को श्रद्धालु खूब पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार इस बार बच्चों को कान्हा के बाल रूप में सजाने के लिए फैंसी ड्रेस, मुकुट और बांसुरी के सेट की सबसे अधिक मांग है।

जन्माष्टमी को लेकर नगर के प्रमुख मंदिरों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं घरों में भी श्रद्धालु झांकियां सजाने और कान्हा को नए परिधान पहनाने की तैयारी में जुटे हैं। पर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

## संक्षेप समाचार

### बिना सूचना बिजली कटौती से नौ गांवों में हाहाकार, पांच से छह घंटे गुल रही बिजली

**बदायूं।** जनपद में बिजली निगम की ओर से बिजलीघरों पर साफ-सफाई, मरम्मत और अनुरक्षण कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में सिलहरी बिजलीघर पर बुधवार को अनुरक्षण कार्य के चलते इससे जुड़े करीब नौ गांवों की बिजली आपूर्ति पांच से छह घंटे तक बाधित रही। बिना पूर्व सूचना के अचानक बिजली बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के बीच लंबे समय तक बिजली न आने से घरों में दैनिक कामकाज प्रभावित रहा, वहीं दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी दिक्कतें उठानी पड़ीं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली निगम की ओर से अनुरक्षण कार्य और प्रस्तावित शटडाउन की कोई सार्वजनिक सूचना पहले से नहीं दी गई थी। अचानक बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद लोगों को काफी देर तक इसके बहाल होने का इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग पहले ही कटौती की अवधि और प्रभावित गांवों की जानकारी सार्वजनिक कर देता तो लोग अपने जरूरी काम उसी के अनुसार निपटा लेते। बताया गया कि सिलहरी बिजलीघर परिसर में उगी झाड़ियों की सफाई के साथ विद्युत मशीनों और उपकरणों का अनुरक्षण एवं जांच कार्य किया गया। विभाग की ओर से विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्य कराए जा रहे हैं। आगामी 15 सितंबर से अनुरक्षण माह के तहत विद्युत तंत्र की बड़े स्तर पर मरम्मत और जांच का अभियान भी प्रस्तावित है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजलीघरों पर अनुरक्षण कार्य जरूरी है, लेकिन इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को पहले से दी जानी चाहिए। समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और अन्य सार्वजनिक माध्यमों से प्रस्तावित शटडाउन की सूचना प्रसारित होने पर उपभोक्ता अपने काम की योजना बना सकते हैं। कई घंटे बिजली बंद रहने से ग्रामीणों में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी भी दिखाई दी।

**कार्यक्रम** — साइबर अपराध से बचाव के साथ हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी, बाल विवाह व नशे से दूर रहने की अपील

# महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर उसावां व म्याऊ में जागरूकता बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसावां।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर उसावां और म्याऊ ब्लॉक में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला की अध्यक्षता में हुई बैठक में महिलाओं और बच्चों से संबंधित सुरक्षा कानूनों, सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

थाना उसावां व म्याऊ के बाल कल्याण अधिकारी पुलिस ने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की परामर्शदाता डोली ने महिलाओं व बालिकाओं के लिए संचालित सुविधाओं के साथ 112, 1090, 181, 102, 108 और 1098 हेल्पलाइन की जानकारी दी।




बैठक में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

चाइल्ड हेल्पलाइन के परामर्शदाता मुन्तजिम ने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बच्चे 1098 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। वहीं जेएस फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन प्रीति चौहान ने 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत मादक पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बच्चों को नशे से दूर रखने की अपील की।

सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह ने पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण समितियों तथा कन्या सुमंगला, बाल सेवा, स्पॉन्सरशिप और निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी। जिला मिशन समन्वयक छवि वैश्य ने महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं और बाल विवाह रोकने के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी रवि कुमार ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत जरूरतमंद बच्चों के संरक्षण, पुनर्वासन तथा बाल श्रम और भिक्षावृत्ति के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को अवगत कराने की अपील की।

इस दौरान सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, सहायक पंचायत अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बदायूं में पुलिस महकमे में हुआ बड़ा फेरबदल आईपीएस समेत चार सीओ के बदले कार्यक्षेत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

- कानपुर से आए आईपीएस सुमेध मिलिंद जाधव को नगर सर्किल की कमान, राहुल पांडेय बने सीओ उझानी
- सुनील सिंह को यातायात समेत सात प्रकोष्ठ, आलोक सिद्धू को अपराध का अतिरिक्त प्रभार

**बदायूं।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने और अपराध नियंत्रण की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। कानपुर कमिश्नरेट से स्थानांतरित होकर आए सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस सुमेध मिलिंद जाधव की आमद के बाद चार पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसएसपी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

आदेश के मुताबिक आईपीएस सुमेध मिलिंद जाधव को सहायक पुलिस अधीक्षक बदायूं के साथ क्षेत्राधिकारी नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह कोतवाली, सिविल लाइंस, बिनावर, कुंवरगांव और महिला थाने की कानून-व्यवस्था एवं अपराध की स्थिति की निगरानी करेंगे। इसके अलावा उन्हें सीओ लाइन के साथ साइबर क्राइम थाना और साइबर सेल के पर्यवेक्षण का दायित्व भी दिया गया है। उनका लिंक अधिकारी सीओ उझानी होंगे और मुख्यालय नगर बदायूं रहेगा।

**राहुल पांडेय को उझानी की जिम्मेदारी :** अब तक सीओ नगर, लाइन, यातायात और मीडिया प्रबंधन का कार्य देख रहे राहुल पांडेय को क्षेत्राधिकारी उझानी बनाया गया है। वह उझानी, कादरचौक, उसहैत और मुजरिया थाना क्षेत्रों की कानून-व्यवस्था और अपराध की निगरानी करेंगे। उनके लिंक अधिकारी सीओ दातागंज होंगे।

**सुनील सिंह को सात प्रकोष्ठों का जिम्मा :** सीओ उझानी, कार्यालय और चुनाव का दायित्व संभाल रहे सुनील कुमार सिंह को अब पुलिस उपाधीक्षक यातायात, कार्यालय, चुनाव और भवन की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही उन्हें पुलिस पेंशनर्स बोर्ड, विशेष जांच प्रकोष्ठ, शिकायत प्रकोष्ठ, जिला अपराध अभिलेख ब्यूरो (डीसीआरबी), फील्ड यूनिट और चुनाव सेल का पर्यवेक्षण भी सौंपा गया है।

**आलोक सिद्धू को अपराध का अतिरिक्त प्रभार :** सीओ बिल्सी, अपराध और साइबर अपराध का कार्य देख रहे आलोक सिद्धू को क्षेत्राधिकारी बिल्सी के साथ पुलिस उपाधीक्षक अपराध का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह बिल्सी, इस्लामनगर और उघैती थाना क्षेत्रों की अपराध स्थिति की निगरानी करेंगे। उनका मुख्यालय बिल्सी रहेगा।

एसएसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को अपराध नियंत्रण के साथ साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने और पुलिसिंग को और बेहतर बनाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

# आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

## परशुरामपुरी नगर पालिकासफाई कर्मी भर्ती में शोषण का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका के शोषण का शिकार सफाई कर्मी मुकेश और बल्ले।


नगर पालिका परशुरामपुरी में प्रदर्शन करते सफाई कर्मी। -जागरण मोर्चा

**परशुरामपुरी।** नगर पालिका में आउटसोर्सिंग पर तैनात सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। पीड़ितों का गंभीर आरोप है कि उन्हें बिना किसी वाजिब कारण के नौकरी से हटा दिया गया है और अब पुनः बहाली के नाम पर उनसे 15,000 से 30,000 तक की अवैध रिश्वत मांगी जा रही है।जब रिश्वत नहीं दे पाए तो उनकी जगह अन्य ग्रामीण क्षेत्र के सफाई कर्मियों से रुपए लेकर नौकरी पर रख किया। पीड़ित कर्मचारी मुकेश, बल्ले व उनके अन्य सहयोगियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी आपबीती सुनाई। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 10 से 15 वर्षों से लगातार 4,000 से 6,000 रुपये के अल्प वेतन पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन, पारिवारिक मजबूरी या अस्वस्थता के कारण एकाध दिन की छुट्टी लेने पर भी उन्हें बिना बताए नौकरी से बाहर कर दिया जाता है। सफाई कर्मियों का आरोप है कि ठेकेदार और कतिपय अधिकारियों की मिलीभगत से पुराने कर्मचारियों को हटाकर गांव के नए लड़कों से मोटी रकम (रिश्वत) लेकर उनकी भर्ती की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि: "हम सालों से ईमानदारी से काम कर रहे हैं, लेकिन अब हमसे दोबारा काम पर रखने के लिए 15 से 30 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। इतने पैसे हमारे पास कहां से आएंगे?" कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुनः रोजगार दिलाने की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# शवयात्रा के लिए भी नहीं मिला रास्ता

## हाथों में चप्पल लेकर कीचड़ से गुजरे ग्रामीण, मुड़गवां में श्मशान घाट तक कच्चा रास्ता का निर्माण कार्य शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय


कीचड़ में चप्पल हाथ में पकड़ कर शव ले जाते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** गांवों के विकास की तस्वीरें और दावे अक्सर कागजों पर जितने चमकदार नजर आते हैं, जमीन पर उनकी हकीकत उतनी ही बदहाल दिखाई देती है। ददरौल ब्लॉक के मुड़गवां गांव में सोमवार को सामने आई तस्वीर इसी हकीकत का आईना है। बुजुर्ग मिठ्ठो देवी की मौत के बाद जब उनकी अर्थी श्मशान घाट ले जाने की बारी आई तो ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी समस्या रास्ते की थी। बारिश से कच्चा रास्ता दलदल बन चुका था। अर्थी लेकर चल रहे ग्रामीणों को कीचड़ में पैर धंसने और फिसलने का डर था। कई ग्रामीण चप्पल हाथ में लेकर कीचड़ से होकर गुजरे। अंतिम यात्रा की यह तस्वीर कैमरे में कैद हुई और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। इसके बाद मामला अधिकारियों तक पहुंचा। वीडियो अमित सिंह ने गांव में ग्राम विकास अधिकारी को भेजा उन्होंने रास्ते की स्थिति देखी। ग्रामीणों से उनकी समस्या जानी और जल्द रास्ता बनवाने का भरोसा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते की बदहाली कोई नई बात नहीं है। कई बार पक्का रास्ता बनवाने की मांग की जा चुकी है। बारिश में हालात और खराब हो जाते हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। ऐसे में ग्रामीणों के सामने सवाल है कि क्या गांव की समस्या जिम्मेदारों तक पहुंचाने के लिए किसी की अंतिम यात्रा को कीचड़ से गुजरना और उसका वीडियो वायरल होना जरूरी है? अगर रास्ते की समस्या पहले से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में थी तो अब तक इसका समाधान क्यों नहीं हुआ। सोमवार को मिठ्ठो देवी की अर्थी लेकर ग्रामीण गांव के बाहर श्मशान घाट की ओर निकले तो कुछ दूर चलते ही कीचड़ ने रास्ता रोक दिया। अर्थी को संभालते हुए ग्रामीणों को बेहद सावधानी से आगे बढ़ना पड़ा। कई लोगों ने पैर कीचड़ में फंसने से बचाने के लिए चप्पल उतारकर हाथ में ले लीं। यह सिर्फ एक परिवार की परेशानी नहीं थी। अंतिम संस्कार में शामिल ग्रामीणों को भी उसी बदहाल रास्ते से गुजरना पड़ा। सवाल यह भी है कि बारिश के दिनों में किसी बीमार, बुजुर्ग या गर्भवती महिला को इस रास्ते से अस्पताल तक ले जाने की नौबत आए तो ग्रामीण क्या करेंगे। वीडियो प्रसारित होने के बाद गांव पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी ने रास्ते की स्थिति का जायजा लिया। बताया गया कि कच्चे रास्ते को पक्का कराने के लिए उसे कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया। वीडियो अमित सिंह ने बताया गांव में निर्माण सामग्री पहुंच गई है निर्माण कार्य बहुत जल्द पूरा हो जाएगा।

# महमदपुर आजमाबाद की गलियां बदहाल

## कीचड़ में आवागमन को मजबूर ग्रामीण, समस्या दूर नहीं हुई तो दबाएंगे NOTA

जागरण मोर्चा कार्यालय


आजमाबाद की गलियों में कीचड़ युक्त रास्ते से निकलते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** ददरौल विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महमदपुर आजमाबाद में बारिश के बाद गांव की गलियों की हालत बदतर हो गई है। जगह-जगह कीचड़ और जलभराव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में मुख्य सड़क का निर्माण न होने के कारण यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव की मुख्य सड़क और गलियों के निर्माण की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। कीचड़ भरी गलियों से होकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को निकलने में सबसे अधिक दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछले दो चुनावों में गांव से भाजपा के बूथ को लगातार दो बार जीत दिलाई गई। इसके बावजूद गांव की सड़क और गलियों की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय विकास के वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बाद गांव की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता।

### !!समस्या दूर नहीं हुई तो NOTA का विकल्प!!

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गांव की मुख्य सड़क और गलियों का निर्माण नहीं कराया गया तो आगामी चुनाव में वे किसी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के बजाय NOTA का विकल्प चुनने पर विचार करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, बल्कि धरातल पर सड़क निर्माण कराकर समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ददरौल के भाजपा विधायक से गांव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कराकर मुख्य सड़क व गलियों का निर्माण जल्द कराने की मांग की है।

# स्कूलों से बिना सूचना गायब मिले 46 शिक्षक, नोटिस जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** परिषदीय विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान बिना सूचना अनुपस्थित मिले 46 शिक्षकों के खिलाफ विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इनमें चार प्रधानाध्यापक, 14 सहायक अध्यापक, 24 शिक्षामित्र और चार अनुदेशक शामिल हैं। बीएसए ने सभी को नोटिस जारी कर तीन दिन में लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वेतन और मानदेय काटने समेत विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। खंड शिक्षाधिकारियों, जिला समन्वयकों और अन्य अधिकारियों ने 20 से 31 अगस्त तक विद्यालयों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान 46 शिक्षक अनुपस्थित मिले। इसके बाद बीएसए जयशंकर श्रीवास्तव ने प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन समीक्षा कर सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नोटिस में अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट करने के साथ पांच बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है। इसमें निरीक्षण की तिथि, अनुपस्थित रहने का कारण, स्वीकृत अवकाश होने पर आदेश की प्रति, शासकीय अथवा विभागीय कार्य से विद्यालय से बाहर रहने पर संबंधित अधिकारी के आदेश की प्रति और अनुपस्थिति की अवधि में विद्यालयीय कार्य प्रभावित होने की स्थिति बताने को कहा गया है। बीएसए ने कहा कि बिना सूचना मनमाने ढंग से अनुपस्थित रहना गंभीर मामला है। इससे विद्यालयीय व्यवस्थाओं के साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न होने का स्पष्ट आश्वासन भी शिक्षकों को देना होगा।

## संक्षेप समाचार

### गौहनिया खिरिया मार्ग नदी में समाया खेतों से निकल रहे ग्रामीण


गौहनिया खिरिया मार्ग पर हो रहा कटान।

**खुदागंज।** गर्रा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से गौहनिया गांव से होकर खिरिया तक जाने वाला मार्ग गांव के निकट नदी में कट जाने से ग्रामीणों का आवागमन बंद हो गया है जिसके चलते ग्रामीण खेतों में पानी भरे रास्ते से होकर गुजर रहे हैं वहीं प्रशासन अनजान बना हुआ है। विगत वर्ष इस मार्ग पर कटान रोके जाने हेतु पत्थर लगाए गए थे जो कई स्थानों पर गर्रा नदी में समाहित हो गए मझिला गौहनिया खिरिया मार्ग से कई गांव जुड़े होने के कारण काफी संख्या में आने जाने वाले लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा हैञ

### शोकाकुल परिवार से मिले नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव


शोक व्यक्त करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव। -जागरण मोर्चा

**परशुरामपुरी शाहजहांपुर।** विगत दिनों समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष एवं अधिवक्ता सूरजपाल यादव के पिता नन्हे सिंह यादव का निधन हो गया था। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव शोकाकुल परिवार के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने दिवंगत नन्हे सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति होती है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा जिलाध्यक्ष तनवीर खां सपा नेत्री ज्योत्सना कश्यप सुची कश्यप सहित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### शिशु मंदिर में मनाई राधा-कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता

**परशुरामपुरी शाहजहांपुर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को 'राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता' का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों के मनमोहक और आकर्षक स्वरूपों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि साधना कुशवाहा, दुर्गा गुप्ता और विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश दीक्षित ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों को पटका पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद पत्रकार आकाश मिश्रा व देवेश शुक्ला और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र का भी अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा अरुण (नर्सरी) से पंचम तक के भैया-बहिनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राधा-कृष्ण के बाल स्वरूपों में सजे बच्चों की सुंदर छवि देखकर निर्णायक मंडल, शिक्षक और अभिभावक भावविभोर हो उठे। निष्पक्ष मूल्यांकन के बाद निर्णायक मंडल ने प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं की घोषणा की।

# ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ ज्ञापन दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय


सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ ज्ञापन देते ब्राह्मण समाज के कार्यकर्ता।

**तिलहर शाहजहांपुर।** सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार दोपहर को ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोग नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर स्थित उप जिलाधिकारी आदित्य श्रीवास्तव के कार्यालय पहुंचे।

अधिवक्ता शीलेंद्र मोहन मिश्रा ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज के ऊपर आए दिन लोग आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं क्योंकि उन पर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं हो पाती है।परिणाम स्वरूप समाज में विघटन की भावना फैलाने वालों की हौसले बुलंद हो रहे हैं जो कि सर्व समाज के लिए घातक है। युवा नेता राज दीपक शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणियां किसी कीमत तो बर्दाश्त नहीं की जाएगी हमें कानून पर भरोसा है इसलिए शिकायत करने आए हैं अन्यथा हम इसका अपने तरीके से प्रतिकार करेंगे।एसडीएम आदित्य श्रीवास्तव ने शिकायती पत्र लेकर तत्काल कोतवाली प्रभारी प्रभाष चंद्र को फोन पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ब्राह्मण समाज से शांति बनाए रखने की अपील भी की। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट उमेश तिवारी एडवोकेट, अचित द्विवेदी, दीपक मिश्रा, कौशल मिश्रा, आलोक मिश्रा, अनुज मिश्रा, देवांश तिवारी, प्रियांशु पांडे, राहुल मिश्रा, हर्ष मिश्रा, सत्यम दुबे, आलोक मिश्रा, विवेक सिंह, अतेंद्र सिंह, अमन गुप्ता, शिवा मिश्रा, अजय पांडे,शिवम दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय


परशुरामपुरी में प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित करते समिति के सदस्य।

**जलालाबाद।** अमर शहीद अहमद यार खां जन कल्याण सोसाइटी की ओर से कांवर यात्राओं एवं ईद मिलादुन्नबी के त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

सोसाइटी पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह एवं कोतवाल अरविंद सिंह चौहान को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सोसाइटी के पदाधिकारियों ने अधिकारियों द्वारा त्योहारों के दौरान सुरक्षा, शांति व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। सोसाइटी अध्यक्ष शकील खां ने कहा कि सभी धर्मों के त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं।

प्रशासन एवं पुलिस की बेहतर व्यवस्था तथा आमजन के सहयोग से कांवर यात्राओं और ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। इस अवसर पर तबस्सुम खां, अशोक द्विवेदी, पूर्व प्रधान शकील अहमद, अनुराग राजू मिश्रा, अमीर अमान अली, सैवी सहित सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

**सख्ती** रविवार तक ध्वस्तीकरण और मलबा नीलामी के निर्देश, 285 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनें होंगी शिफ्ट

# जर्जर स्कूल भवनों को लेकर जिलाधिकारी सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



विद्यालय भवनों की समीक्षा करते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के जर्जर विद्यालय भवनों और स्कूलों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनों को लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम ने जर्जर भवनों के मूल्यांकन, ध्वस्तीकरण और मलबे की नीलामी की प्रक्रिया रविवार तक हर हाल में पूरी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, 285 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनों को भी जल्द शिफ्ट कराने को कहा है। बुधवार को बैठक में डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में चल रहे कायाकल्प कार्यों की समीक्षा की। जर्जर भवनों के संबंध में पहले चिन्हित 128 और बाद में तैयार की गई 240 भवनों की सूची की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जर्जर भवन बच्चों के लिए किसी भी स्थिति में खतरा नहीं बनने चाहिए। ध्वस्तीकरण के बाद निकलने वाले मलबे की नीलामी की प्रक्रिया भी समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। जिले में 285 विद्यालय ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जिनके ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइनें गुजर रही हैं। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को इन लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालयों में कायाकल्प योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने बाउंड्रीवॉल, शौचालय, संपर्क मार्ग, रंगाई-पुताई और टाइलिंग सहित अन्य अधूरे कार्य जल्द पूरा कराने को कहा। उन्होंने कार्यों में डुप्लीकेशन रोकने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। साथ ही स्वीकृत कार्यों की सूची जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कराने के निर्देश दिए। डीएम ने जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण, हाईटेंशन लाइन हटाने और कायाकल्प के कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए काम शुरू होने से पहले और पूरा होने के बाद के फोटोग्राफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा यशोवर्धन सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पानी की टंकी पर चढ़ने वालों पर मुकदमा

**खुदागंज।** रास्ता बनवाने ब गोवंश पकड़वाने की मांग करनेव पानी टंकी की पर चढ़कर आत्महत्या करने की धमकी देने के मामले में तीनो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है विगत दिवस खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव भुन्डी में ताहरपुर निवासी अनुज सिंह योगेंद्र सिंह व प्रभाकर सिंह गांव में सड़क बनवाने ब गौवंश पकड़वाने की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े और विरोध जताया था सूचना पर पुलिस प्रशासन खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन देकर उन्हें टंकी से नीचे उतारा जिसके क्रम में गुरुवार को उक्त तीनों लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसकी विवेचना एस आइ बालक राम को सौंपी गई है

# शाहजहांपुर में आखिर इतनी बड़ी मॉर्फीन के धंधे का सरपरस्त कौन?

जागरण मोर्चा कार्यालय


आरोपी खालिद स्रोत सोशल मीडिया।

- सिलिगुड़ी से शाहजहांपुर लाई जा रही थी खेप
- सीबीएन की टीम ने अहमदपुर टोल प्लाजा पर पकड़ा
- डीसीएम में गुप्त चैंबर बनाकर आ रही थी 2.156 किलो मॉर्फीन

**बाराबंकी/शाहजहांपुर।** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर अहमदपुर टोल प्लाजा के पास कुछ दिन पहले केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी का खुलासा किया है। टीम ने एक डीसीएम की तलाशी लेकर उसके गुप्त चैंबर में छिपाकर रखी गई 2.156 किलोग्राम मॉर्फीन बरामद की। बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस ने डीसीएम चालक को गिरफ्तार कर लिया है। टीम को सूचना मिली थी कि सिलिगुड़ी से एक डीसीएम में मादक पदार्थ की खेप शाहजहांपुर ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने अहमदपुर टोल प्लाजा के पास वाहनों की निगरानी शुरू कर दी। पंजीयन नंबर के आधार पर संदिग्ध डीसीएम को रोककर तलाशी ली गई, लेकिन शुरुआत में मादक पदार्थ नहीं मिला। टीम ने जब वाहन की बारीकी से जांच की तो पीछे के डाले पर लगी लोहे की दोहरी शीट संदिग्ध लगी। उसे हटाने पर गुप्त चैंबर मिला। इसके अंदर कपड़े की पोटलियों में रखे चार पैकेट बरामद हुए। जांच में पैकेटों में मॉर्फीन होने की पुष्टि हुई। वजन कराने पर कुल 2.156 किलोग्राम मादक पदार्थ निकला।सीबीएन बाराबंकी के अधीक्षक महेश प्रताप ने बताया कि डीसीएम चालक की पहचान शाहजहांपुर निवासी खालिद हसन खान के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

सप्लायर और खरीदार की तलाश : अधिकारियों के अनुसार पूछताछ और जांच में सामने आया है कि मॉर्फीन की खेप सिलिगुड़ी से शाहजहांपुर ले जाई जा रही थी। अब यह पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ किससे लिया गया था और शाहजहांपुर में किसे इसकी आपूर्ति की जानी थी। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**एक नजर**

### कोटेदारों का लाभांश बढ़ा, मुख्यमंत्री का जताया आभार

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद ने उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) का लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। परिषद के जिलाध्यक्ष अमित गौतम ने जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री और खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय को धन्यवाद पत्र भेजा।परिषद ने कहा कि लाभांश में प्रति कुंतल 35 रुपये की वृद्धि से प्रदेश के कोटेदारों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। कोटेदार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए जरूरतमंद परिवारों तक राशन पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस निर्णय से उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा। आभार पत्र सौंपने के दौरान जिला कार्यकारिणी के सदस्य विजय पाल, जयशंकर, धर्मेंद्र अग्रवाल, पाती राम और अनिल कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## आउटसोर्स कार्मिकों के हितों की सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# मुख्यमंत्री ने किया उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आउटसोर्स कार्मिकों के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आउटसोर्स कार्मिकों के हित, अधिकार, सुरक्षा, मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। जनपद संभल में कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आउटसोर्स कार्मिकों ने देखा और सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के हितों के लिए भी प्रतिबद्ध है। सुशासन की पहली शर्त संवेदनशीलता है। आउटसोर्स कार्मिक पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, इसलिए उनके अधिकारों और हितों की रक्षा सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। इसी उद्देश्य से आउटसोर्स नियमावली के तहत अधिकार, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। निगम के माध्यम से आउटसोर्स कार्मिकों के लिए कई व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी। प्रत्येक माह की एक से पांच तारीख के बीच मानदेय भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। नए और पुराने सभी आउटसोर्स कार्मिकों के ईपीएफ और ईएसआई खाते अनिवार्य रूप से खोले जाएंगे तथा मानदेय सीधे बैंक खातों में भेजा जाएगा। एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, महिला और दिव्यांगजन के लिए नियमानुसार आरक्षण का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा विभाग और यूपीसीओएस की सहमति के बिना किसी कार्मिक को हटाया नहीं जा सकेगा। प्रत्येक आउटसोर्स कार्मिक का यूपीसीओएस में माइग्रेशन किया जाएगा। उन्हें विशिष्ट यूनिक कोड और पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। कार्यक्षमता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए शिकायत निवारण की सुदृढ़ व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि निगम के गठन से आउटसोर्स कार्मिकों को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी व्यवस्था मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार कार्मिकों के स्वास्थ्य और उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर भी संवेदनशील है। बीमा कवर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कार्मिकों को निगम के गठन की शुभकामनाएं देते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने इसे आउटसोर्स कार्मिकों के लिए ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि निगम के गठन से विभिन्न विभागों में एकरूपता और पारदर्शिता आएगी तथा मानदेय और सुविधाओं को लेकर विसंगतियों का समाधान होगा। कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत राजू, अजय कुमार, साजिद और जुल्फेकार को 2.60-2.60 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इसके अलावा निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट सेवाओं और सहभागिता के लिए सुरजीत, भानु प्रताप, लवित, अंशुल, बबलू, राजकुमार, राकेश कुमार, महेश कुमार, कल्पना, अरुण कुमार, आनंद कुमार और रामा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कार्मिक, अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



बहजोई में आउटसोर्स कार्मिकों को प्रमाण पत्र देती राज्यमंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

# एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्री-नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे विद्यालय का वातावरण भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय में आकर्षक एवं रंग-बिरंगी झांकियां सजाई गईं। झांकियों में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप तथा उनके जीवन से जुड़ी विभिन्न मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की गईं। नन्हे बच्चों ने कृष्ण, राधा और ग्वाल-बाल के रूप में सजकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे भगवान श्रीकृष्ण के सुंदर अवतार में सजकर विद्यालय पहुंचे। किसी ने सिर पर मोर मुकुट सजाया, तो किसी ने हाथ में बांसुरी लेकर कृष्ण का मनमोहक रूप धारण किया। नन्हीं बच्चियों ने राधा के रूप में सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा की जाती है तथा व्रत और पूजा-पाठ का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से मिलने वाली प्रेम, सत्य, कर्म और धर्म की सीख को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ी गतिविधियों का आनंद लिया। कृष्ण के रूप में सजे नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक माखन की मटकी फोड़ी। मटकी फूटने का दृश्य बेहद मनमोहक और अद्भुत रहा। इस दौरान बच्चों और शिक्षिकाओं में खूब उत्साह देखने को मिला। प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ जन्माष्टमी सेलिब्रेशन में भाग लिया कार्यक्रम में काजल, प्रिया, सिल्की, इशिता, मनप्रीत, अंकिता, मीनू, गौरव, निशा, सोनल, शालू, लक्षिता, कुमुद, सपना, दीपा, रक्षा, अर्शी, दीपिका, दीपा, रक्षा, दीक्षा, शिल्पा, सोनल आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।



चंदौसी के एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजें नन्हे-मुन्ने।

### शोभायात्रा में शामिल लोगों को कराया जलपान

**चंदौसी।** जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब भारत द्वारा कृष्ण भगवान की शोभायात्रा में भक्त जनों को जलपान की व्यवस्था कराई गई। क्लब फाउंडर राहुल अग्रवाल द्वारा एवं आगामी गवर्नर प्रतिश कुमार सिंह एवं सनातन धर्म पंजाबी सभा के संरक्षक, क्लब सदस्य सुधीर मल्होत्रा द्वारा मुख्य रथ की आरती कर श्री प्रभु की अनुकंपा प्राप्त की कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष संजीव त्यागी, सचिन, गौरव गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास रस्तोगी, सुधीर अग्रवाल, अजय अग्रवाल, शिवम गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, आयुष जिंदल, विवेक सराफ, समीर बंसल, आलोक चौधरी, पीयूष अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, पुनीता त्यागी, अंजली चौधरी, रिशु मंगलम, निधि अग्रवाल, परीशा अग्रवाल, आदि लोग ने अपना सहयोग दिया।

# बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में हुई मौत, एक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राजस्थान के बागड़ जात लगाने गए थाना बनियाठेर क्षेत्र के भुलाबई व बनियाखेड़ा गांव निवासी बाइक सवार तीन युवक सड़क हादसे में घायल हो गए। जिसमें दो की मौत हो गई । जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सोमवार की रात दोनों गांव के सैकड़ों लोग चार आईसर कैन्टर गाड़ी, ट्रैक्टर ट्राली से राजस्थान के बागड़ जात लगाने गए थे। जबकि भुलाबई गांव निवासी विक्रम अपनी बाइक भी साथ ले गया था। बुधवार की देर रात 2 बजे करीब विक्रम (24), सौदान (30) व बनियाखेड़ा गांव निवासी यशपाल प्रजापति (23) बाइक से पेट्रोल भराने पेट्रोल पंप जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक को रौंद दिया । जिसमें दो युवकों विक्रम (23)पुत्र पिंटू व बनियाखेड़ा निवासी यशपाल (21) बाबू राम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सौदान गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतकों के परिजन भी साथ गए हुए थे। मृतक विक्रम व यशपाल दोनों ही शादी विवाह में फोटोग्राफी का काम करते थे। दोनों के गांव में सूचना मिलते ही शोक व्याप्त हो गया।



यशपाल और विक्रम के फाइल फोटो।

# जन्माष्टमी आज, विशेष लाइटों और मनमोहक झांकियों से सजे मंदिर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्री जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाने के लिए सजाया गया है मंदिरों में श्री कृष्ण की झांकियां भी बनाई गई है इसके अलावा गुरुवार को विभिन्न विद्यालयों में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

गुरुवार को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर नगर के सभी मंदिरों को बिजली की लाइट सहित अन्य सामग्री से सजाया गया है शुक्रवार को जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा नगर के श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर, श्री नवदुर्गा पूर्णागिरी मंदिर, शिव मंदिर, श्री वेणुगोपाल मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है शुक्रवार की रात मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल रहेंगे रात 12बजे आरती के उपरांत भगवान श्रीकृष्ण को पालने में झूलने के बाद भोग लगाया जाएगा इसको लेकर मंदिर कमेटियों के पदाधिकारी ने सभी तैयारी पूर्ण कर ली है जन्माष्टमी की रात को नगर वासी मंदिरों में सजी झांकियां के दर्शन करने भारी संख्या में जाते हैं।



चंदौसी मे रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया प्राचीन पूर्णागिरी नवदुर्गा मंदिर।

# स्कूली बच्चों ने धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार को न्यू सत्यम अकादमी में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों, बाल स्वरूप एवं मनमोहक बाल लीलाओं से परिचित कराना तथा भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके बाल स्वरूप एवं मनमोहक बाल लीलाओं के बारे में कहानी एवं सुंदर झाँकियों के माध्यम से रोचक ढंग से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं राधा-कृष्ण की भक्ति पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में जय श्रीकृष्ण एवं राधे-राधे के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, करुणा, सत्य, कर्तव्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। साथ ही भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के बच्चों द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का मनमोहक प्रदर्शन किया। मटकी फोड़ कार्यक्रम ने पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव, उमंग एवं आनंद का वातावरण बना दिया। उपस्थित सभी लोगों ने तालियों के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति, उत्साह एवं आनंद से परिपूर्ण रहा और विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन भारतीय संस्कृति, संस्कार, ज्ञान एवं मनोरंजन का सुंदर संगम साबित हुआ। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं शानदार प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैनेजिंग डायरेक्टर नमिता चौधरी, सत्यम चौधरी, जाह्नवी चौधरी, प्रधानाचार्य एससी गंगवार, उप-प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता, एकेडमिक कॉर्डिनेटर्स श्वेता मनचंदा, दामोदर सिंह एवं समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।



न्यू सत्यम एकेडमी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर संस्कृतिक प्रस्तुति करते बच्चें।

▸ न्यू सत्यम एकेडमी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# किसानों का धरना प्रदर्शन जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह के निर्देशन पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है गुरुवार को धरना प्रदर्शन को 15 दिन हो गए हैं और किसान दिन रात बारिश में भी डटे हुए हैं।

किसान अपने गन्ने के ब्याज के हिसाब को मांगने के लिए डीसीओ कार्यालय पहुंचे इसके अलावा किसान धरना स्थल पर डेरा जमाए हुए हैं कि हमें हमारा हक चाहिए हमें गन्ना एक्ट के अनुसार ही ब्याज का हिसाब चाहिए कोई भी मजबूरी है लेकिन गन्ना का ब्याज का हिसाब भी जरूरी है, जब तक गन्ने का विलंबित भुगतान का ब्याज का हिसाब नहीं मिलेगा, तब तक किसान बारिश में सर्दी में गन्ना अधिकारी कार्यालय से धरना नहीं उठाएंगे। प्रशासन किसानों का स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए गन्ना विभाग से किसानों के विलंबित भुगतान ब्याज का व्यौरे दिलाने के लिए बाध्य करें ऐसा ना हो किसान का धैर्य व सब्र टूट जाए और किसानों को केवल 3 साल का लंबी भुगतान ब्याज का हिसाब दिया है बाकी 27 साल का ब्याज का हिसाब बाकी है अब गन्ना अधिकारी बताएं कि कितने समय में किसानों के ब्याज का बुरा देंगे समय अनुसार ब्याज का बुरा न देने पर किसान कोई बड़ा आंदोलन लेने के लिए मजबूर होना पड़े लेकिन अगर जिला गन्ना अधिकारी हिसाब देने में देरी करेंगे तो किसान आत्मक कदम उठाने को मजबूत होंगे। गुरुवार को धरने पर हमारे सबसे बुजुर्ग एवं संरक्षक विजयपाल सिंह, विकास शर्मा, नेम सिंह, धीरज सिंह, नेपाल सिंह, राजेश सिंह, महावीर सिंह, राजेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, सुशील कुमार, अतर सिंह आदि मौजूद रहे।



चंदौसी मे जिला गन्ना कार्यालय पर प्रदर्शन करतें किसान। -जागरण मोर्चा

# उड़द फसल खराब, कृषि विभाग ने की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कीटनाशक के प्रयोग के बाद उड़द की फसल खराब होने की शिकायत पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बिचैटा काजी चौराहा स्थित श्रीबालाजी किसान सेवा केंद्र का कीटनाशक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

ग्राम दियौरा खास निवासी भंवर सिंह और कुढ़फतेहगढ़ निवासी रोहतास ने जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के समक्ष जनसुनवाई में शिकायत की थी कि उक्त दुकान से खरीदे गए रसायन के छिड़काव से उनकी उड़द की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। डीएम के निर्देश पर उप कृषि निदेशक/जिला कृषि रक्षा अधिकारी अरुण कुमार त्रिपाठी ने संबंधित फर्म से कीटनाशक का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया कीटनाशक की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई है।

विभाग ने फर्म संचालक को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब न मिलने पर कीटनाशी अधिनियम-1968 के तहत लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला की अंतिम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई होगी।

# नन्हे मुन्नों ने भजनों पर किया नृत्य



चंदौसी के पंजाबी सभा मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देते नन्हे-मुन्ने बच्चें।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर मे गुरुवार को जन्माष्टमी पर्व के अंतर्गत नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भगवान के विभिन्न भजनों पर 35 प्रतिभागीयों ने अलग अलग भजनों पर डांस किया और लोगों का दिल जीत लिया बच्चों की नृत्य प्रतिभा देख सभी ताली बजाने को मजबूर नजर आए अतिथि द्वारा बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम मे भारी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे। यह कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा और मंदिर को रंग बिरंगी लाइट व फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर सुधीर मल्होत्रा, सचिन मग्गो, बुद्धिश छाबड़ा, विजय अरोरा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोरा, नीतू ओहरी, गगन अरोरा, बिट्टू अदलखा, गुलशन खत्री, ऋतिक अदलखा, अर्पित मेहरोत्रा, राजू कालरा, मनमोहन भसीन, इंद्रमोहन बतरा, सचिन अरोरा, संजय मदान, विमल साहनी, गुलशन अरोरा, यश मदान, सावन शर्मा, अभिषेक कुमार,आदि समाज के लोग मौजूद रहें। संचालन सचिन मग्गो और ऋषि अरोरा के द्वारा किया गया।

## गीता सार



**कच्चिन्नोभयविभ्रष्टश्छिन्नाभ्रमिव नश्यति।**
**अप्रतिष्ठो महाबाहो विमूढो ब्रह्मणः पथि॥**

**भावार्थ** : हे महाबाहु कृष्ण! परमात्मा की प्राप्ति के मार्ग से विचलित हुआ जो कि न तो सांसारिक भोग को ही भोग पाया और न ही आपको प्राप्त कर सका, ऐसा मोह से ग्रसित मनुष्य क्या छिन्न-भिन्न बादल की तरह दोनों ओर से नष्ट तो नहीं हो जाता?

## सम्पादकीय

# नकली नोट की कहानी

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सोफिया मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट में 17 करोड़ रुपए की नकली करेंसी मिलने के मामले में जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। ऑडिट में सामने आई पूरी रकम 500 रुपए के नकली नोटों की कहानी है। बंडलों में रखे इन नोटों में अधिकांश नए बताए जा रहे हैं। जबकि कुछ पुराने नोट भी हैं। एक ही मूल्य वर्ग के नोटों की इतनी बड़ी मात्रा सामने आने से बैंकिंग सिस्टम में इनके पहुंचने के तरीके को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरबीआई और पीएनबी मुख्यालय के 21 अधिकारियों की संयुक्त टीम करेंसी चेस्ट के रिकार्ड, नोटों के लेनदेन और



संबंधित बैंक शाखाओं से हुए जमा-निकासी का मिलान कर रही है। जांच का प्रमुख बिंदु यह पता लगाना है कि इतनी बड़ी संख्या में नकली नोट करेंसी चेस्ट तक कैसे पहुंचे। टीम यह भी देख रही है कि क्या नकली नोट अलग-अलग बैंक शाखाओं के माध्यम से जमा हुए और बैंकिंग चैनल में ही किसी स्तर पर इनकी पहचान नहीं हो सकी। ऑडिट टीम ने जिन नोटों की जांच की, वे सभी 500 रुपए मूल्य वर्ग के हैं। इनकी संख्या 340 बंडल बताई गई है। बैंकिंग व्यवस्था में 500 रुपए के एक बंडल में पांच लाख रुपए होते हैं। इस हिसाब से 340 बंडलों की रकम 17 करोड़ रुपए बैठती है। जांच में अधिकांश नोट नए होने की जानकारी सामने आई है। कुछ पुराने नोट भी पाए गए हैं। पुराने और नए नोटों का एक साथ मिलना जांच का अहम पहलू बन गया है। अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि नकली नोटों का यह सिलसिला हाल का है या लंबे समय से बैंकिंग व्यवस्था के जरिए इन्हें धीरे-धीरे चलन में लाया जा रहा था। इतनी बड़ी मात्रा में नकली नोटों की जांच के लिए करीब 23 मशीनों का इस्तेमाल किया गया। ऑडिट टीम ने केवल मशीनों के भरोसे जांच पूरी नहीं की, बल्कि प्रत्येक नोट को बारीकी से देखा गया। नोटों के सीरियल नंबर भी जांचे गए। नोटों की विस्तृत जानकारी और उनके सीरियल नंबरों का विवरण आरबीआई से भी मांगा गया था। करेंसी चेस्ट में पार्टटाइम हाउसकीपर की चोरी की घटना से जुड़े परीक्षण के दौरान नकली नोटों की इतनी बड़ी खेप का खुलासा हुआ। इसके बाद बैंक स्तर पर कराए गए ऑडिट में नकली करेंसी की पूरी मात्रा सामने आई। नकली करेंसी मामले में पुलिस ने तीनों अधिकारियों की तलाश तेज कर दी है। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक कार्यालय से जुड़े रवि कुमार कांसे, करेंसी चेस्ट प्रबंधक सुशील कुमार और जगाधरी करेंसी चेस्ट प्रबंधक अमित कुमार को निलंबित किया जा चुका है। जांच के दौरान तीनों के बैंक खातों को भी सीज किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस इनके संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। तीनों अधिकारियों की भूमिका को लेकर पुलिस और बैंक स्तर पर जांच की जा रही है।

## अर्थव्यवस्था की गतिशीलता बाधित करेगा

# डिजिटल भुगतान में टैक्स



**मनोहर मनोज**

करीब दस वर्ष पूर्व नोटबंदी के जिस फैसले ने भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीति में एक बड़ी हलचल पैदा की थी, जिसके पक्ष और विपक्ष दोनों के प्रति कड़ी टिप्पणियां की गई थीं, उसी नोटबंदी के बाद की मौजूद परिस्थितियों और सरकार की पहल से देश में डिजिटल भुगतान की एक ऐसी परिपाटी का श्रीगणेश हुआ, जिसमें भारतीयों ने समूची दुनिया में अव्वल मुकाम हासिल कर लिया। आज समूची दुनिया में डिजिटल भुगतान के जितने लेन-देन हो रहे हैं, उसमें आधे के करीब अकेले भारत में हो रहे हैं। भारत के उपभोक्ता समाज का करीब हर तबका और देश के महानगरों से लेकर क़स्बों और गांव-गांव तक लोगों की खरीदारी अब नकद लेनदेन के बजाय मोबाइल के विभिन्न यूपीआई ऐप के जरिये हो रही है। भारत में सभी तरह के मौद्रिक लेनदेन का करीब 85 फीसद हिस्सा डिजिटल तरीके से हो रहा है। इस मामले में आज दुनिया के सभी विकसित देश और टेक्नोलॉजी सैवी समाज भारत से काफी पीछे चल रहे हैं।

कहना न होगा कि भारत की सार्वजानिक व्यवस्था में परिवर्तन और विकास की अनेक घटनाएं दर्ज हो रही हैं। इनमें सभी तरह की उपलब्धियां हैं, कुछ बेहद सामान्य, कुछ औसत, कुछ साधारण और कुछ को असाधारण कहा जाता है। मगर भारत में डिजिटल भुगतान चाहे वह मोबाइल ऐप के अलग-अलग माध्यम से हो या इंटरनेट के जरिये हो, वह समूची दुनिया में बेमिशाल साबित हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने तो भारत को सबसे त्वरित डिजिटल भुगतान के मामले में दुनिया का लीडर घोषित कर दिया है। आज के मौजूदा डिजिटल युग में हर देश अपनी डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार में लगा है, जिसमें कृत्रिम बौद्धिकता यानी एआई यंत्र मानव यानी रोबोटिक्स और विभिन्न नवप्रवर्तित डिजिटल प्लेटफॉर्मों जैसे क्षेत्रों की आधारभूत संरचनाओं जिसमें डाटा सेंटर मुख्य रूप से शामिल है, उसमें भारी निवेश किया जा रहा है। इस संदर्भ में भारत की जो डिजिटल भुगतान व्यवस्था है, उसकी आधारभूत संरचना दुनिया के अन्य देशों से मीलों आगे है। भारत में औसतन 66 करोड़ डिजिटल लेनदेन रोजाना दर्ज हो रहे हैं। पिछले जून महीने में देश में 18.39 अरब यूपीआई लेनदेन के मामले दर्ज हुए जिसके जरिये 24 लाख करोड़ रुपए की राशि का विनिमय हुआ। भारत की यूपीआई भुगतान व्यवस्था का स्वरुप तो अब वैश्विक आकार ले रहा है, जो दुनिया के करीब 11 देशों में अपने पैर पसार चुका है। इनमे फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं। कहना न होगा कि भारत में डिजिटल भुगतान को देशव्यापी और जनव्यापी बनाने में विगत में शुरू की गई वित्तीय समावेशी योजना जनधन योजना का भी बड़ा हाथ रहा है। जनधन योजना की वजह से देश में पिछले एक दशक में खुले करीब 60 करोड़ नए बैंक खातों ने भी इसमें बड़ी भूमिका अदा की है। पिछले दो दशक में भारत में घटित मोबाइल क्रांति और देशव्यापी आधार कार्ड के पहचान के साथ जनधन खातों के त्रिकोण ने इस बड़ी क्रांति को अंजाम दिया है। देश में डिजिटल भुगतान पनपने में भारत की वित्तीय



इमेज

आधारभूत संरचना यानी बैंको की भी बड़ी भूमिका रही है। इस पूरी डिजिटल भुगतान व्यवस्था में देश के करीब 700 बैंक आपस में साझेदार के तौरपर वित्तीय तकनीकों का इस्तेमाल कर थर्ड पार्टी ऐप के साथ मिलकर कार्यरत रहते हैं। भारत में डिजिटल भुगतान का जो नेटवर्क है, उसे आईएमपीएस यानी इमीडियेट पेमेंट सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम से जाना जाता है, जिसकी नियामक संस्था एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) है। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और इसके प्रयुक्तकर्ताओं को प्रशिक्षित करने में भारत सरकार की भूमिका भी सराहनीय रही है। पहले देश की बहुसंख्यक आबादी यूपीआई के इस्तेमाल को लेकर तकनीकी तौरपर प्रशिक्षित नहीं थी। मगर स्मार्ट मोबाइल के आगमन ने इस अभियान को सफल बनाने में काफी मदद की है। देश में अभी स्मार्ट मोबाइल के प्रयोगकर्ताओं की संख्या करीब 45 करोड़ पहुंच चुकी है। पहले रेल टिकट से लेकर तमाम तरह की बुकिंग में डिजिटल भुगतान के जरिये छूट और प्रोत्साहन दिए जाते थे। लेकिन इसके बाद यह देखा गया कि रेल टिकट से लेकर कई तरह की ऑनलाइन बुकिंग और भुगतान में अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है। अभी देश में इधर चर्चा इस बात की भी चली है कि डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था में जिस मद में कारोबार का दायरा और लेनदेन का चलन बढ़ता है, सरकार के राजस्व सलाहकार उस पर राजस्व उगाही की संभावना टटोलने लगते हैं। जैसे 1990 के दशक में करारोपण से अछूते पड़े सेवा कारोबार पर सर्विस टैक्स की शुरुआत की गई और इसमें सरकार की आमदनी की संभावना निकाली गई। इसी तरह स्टॉक मार्केट की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा तो सरकार सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स यानी एसटीटी और कैपिटल गेन टैक्स की अवधारणा लेकर आई। मगर यूपीआई पर किसी तरह के टैक्स लगाने की अवधारणा सरकार यदि लेकर आती है, तो यह भारत में डिजिटल भुगतान की गतिशीलता को बाधित करेगा। भारत में डिजिटल भुगतान की प्रगति के साथ जो एक निराशाजनक पहलू उभरकर सामने आया है, वह है देश में डिजिटल फ्रॉड या साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामले। इस क्रम में डिजिटल अरेस्ट के मामले बारम्बार देखे जा रहे हैं। लोगों से इस डिजिटल अरेस्ट के जरिये करीब 4 हजार करोड़ रुपए साइबर अपराधियों ने ठग लिए हैं। इसे लेकर सरकार ने देरी से संज्ञान लिया और बैंको को इन मामले में चौकन्ने रहने तथा नई तकनीक के जरिये संदेहास्पद लेनदेन को ट्रैक करने के लिए सक्रिय रहने की हिदायत दी गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसे लेकर कई तरह के जागरुकता अभियान भी चलाये जा रहे हैं। बहरहाल देश में नई तकनीकी नव-प्रवर्तन पर बात की जाए तो भारत की सरकारें शुरू से ही सक्रिय रही हैं। भारत विगत में निर्धन देश होते हुए भी अंतरिक्ष तकनीक, परमाणु तकनीक, सूचना तकनीक, दूरसंचार तकनीक और डिजिटल तकनीक को अपनाने में कभी कोताही नहीं बरती। नीति से प्रोत्साहन तक तथा निवेश से शोध और विकास तक सरकारों ने सभी कवायदें की हैं। जिस तरह से भारत सॉफ्टवेयर, यूपीआई भुगतान तथा स्टार्ट्अप के मामले में दुनिया का सिरमौर देश बनता गया है, उसी हिसाब से अब वह कृत्रिम बौद्धिकता के मामले में भी दुनिया का महत्वपूर्ण देश बन सकता है।

## श्रीरामचरितमानस



**जदपि मित्र प्रभु पितु गुर गेहा।**
**जाइअ बिनु बोलेहुँ न सँदेहा॥**
**तदपि बिरोध मान जहँ कोई।**
**तहाँ गएँ कल्यानु न होई॥3॥**

**भावार्थ:** यद्यपि इसमें संदेह नहीं कि मित्र, स्वामी, पिता और गुरु के घर बिना बुलाए भी जाना चाहिए तो भी जहाँ कोई विरोध मानता हो, उसके घर जाने से कल्याण नहीं होता॥3॥

## खेल-खिलाड़ी

# बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में फ्रांस ने रचा इतिहास

**सारिम अन्ना**

दिल की धड़कनें तेज हो गईं। शटलकॉक हवा में इतनी देर रही कि एलेक्स लैनियर अपनी किस्मत का अंदाजा लगा सकते थे। फ्रांस के इस 21-वर्षीय खिलाड़ी ने कोण बनाता हुआ एक जबरदस्त स्मैश मारा जो इतनी तेज गति का था कि उनके प्रतिद्वंदी कोडाई नाराओका (जापान) अपनी जगह से हिल भी न पाए थे कि शटलकॉक ने हार्डवुड को चूम लिया। इस विजयी शॉट के लगते ही नई दिल्ली का इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। लैनियर ने अपना रैकेट नीचे गिराया और वह जोश व खुशी में हवा में उछल गए। जब उन्होंने अपने कोच केस्टुटिस नविकस को गले लगाया तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे। चंद मिनट बाद जब लैनियर स्वर्ण पदक गले में पहने हुए पोडियम पर खड़े थे, तो उनके होंठों पर मुस्कान थी। लम्बे समय तक फ्रेंच बैडमिंटन उम्मीदें जगाता हुआ हाषिये पर रहा और अब आखिरकार उसने दुनिया को फतह कर लिया था। यादगार रविवार को लैनियर ने खेल की परीकथाओं में अपना नाम दर्ज करा लिया था- विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने वाले फ्रांस के पहले एकल बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में। लैनियर की ऐतिहासिक जीत फ्रेंच बैडमिंटन के लिए इस लिहाज से भी यादगार व महत्वपूर्ण रही; क्योंकि उनसे पहले फ्रांस की ही मिश्रित युगल जोड़ी थाम मार्क गिक्वेल व डेल्फिन औरोर डेलरू ने सनसनी मचाते हुए अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया था और यह भी विश्व चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक था। विश्व खिताब की ओर लैनियर ने अपनी स्पीड व चपलता से कदम बढ़ाए। फाइनल में उन्होंने इतना दबदबा बनाकर रखा कि विश्व के नंबर 11 खिलाड़ी कोडाई नाराओका के पास कोई जवाब ही नहीं था। मात्र 50-मिनट के एक तरफा मुकाबले में लैनियर ने 21-11, 21-11 से सीधे सेटों में जीत दर्ज की। मिश्रित युगल में थाम मार्क गिक्वेल व डेल्फिन औरोर डेलरू के सामने चीन की विश्व नंबर 1 जोड़ी फेंग यान झे व हुआंग डोंगपिंग थी। मुकाबला 78-मिनट तक कड़ा चला, लेकिन अंत में थाम मार्क गिक्वेल व डेल्फिन औरोर डेलरू ने जीत दर्ज करके वह कर दिखाया जिसका किसी को विश्वास नहीं था। लैनियर ने कहा, "यह फ्रेंच बैडमिंटन के लिए महान दिन है और पूरे स्टाफ के लिए भी महान दिन है। जब हमने मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता तो मैंने सोचा कि मुझे उन्हें दोहरी मुस्कान देनी चाहिए और मुझे फिर से इतिहास रचना चाहिए।" महिला एकल के फाइनल में शुद्ध, अदम्य इच्छा का प्रदर्शन देखने को मिला। जापान की अकाने यामागुची अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए कोर्ट पर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एन से-यंग (दक्षिण कोरिया) के खिलाफ कोर्ट में उतरी थीं।

## तिथि विशेष

# राष्ट्रीय गिद्ध जागरुकता दिवस

हर साल 3 सितंबर को राष्ट्रीय गिद्ध जागरुकता दिवस मनाया जाता है। यह दिन गिद्धों के संरक्षण, उनके महत्व और तेजी से घटती उनकी आबादी के प्रति लोगों को जागरूक करने का अवसर प्रदान करता है। गिद्ध प्रकृति के ऐसे महत्वपूर्ण पक्षी हैं, जिन्हें अक्सर उनकी भोजन शैली के कारण नजरअंदाज किया जाता है,



लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने में उनकी भूमिका बेहद अहम है। गिद्ध मृत पशुओं के शवों को खाकर उन्हें तेजी से प्राकृतिक रूप से नष्ट करने में मदद करते हैं। इस कारण इन्हें प्रकृति का सफाईकर्मी भी कहा जाता है। यदि मृत पशुओं के शव लंबे समय तक खुले में पड़े रहें तो उनमें खतरनाक बैक्टीरिया और रोगाणु पनप सकते हैं। गिद्ध इन शवों को खाकर संभावित संक्रमण और प्रदूषण के खतरे को कम करते हैं। इस प्रकार वे मानव, पशु और पर्यावरण—तीनों के स्वास्थ्य की रक्षा में अप्रत्यक्ष योगदान देते हैं। भारत में कभी गिद्धों की संख्या बहुत अधिक हुआ करती थी। गांवों और शहरों के आसपास बड़ी संख्या में गिद्ध दिखाई देते थे। लेकिन पिछले कुछ दशकों में इनकी आबादी में भारी गिरावट आई। इसका सबसे बड़ा कारण पशु चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली कुछ दवाओं, विशेष रूप से डाइक्लोफेनाक, का प्रभाव रहा। इस दवा के अवशेष वाले मृत पशुओं को खाने से गिद्धों की बड़ी संख्या में मौत हुई। इसके अलावा भोजन की कमी, आवास का नष्ट होना, बिजली की तारों से टकराव और मानवीय गतिविधियों के कारण भी इनके अस्तित्व पर खतरा बढ़ा है। गिद्धों की घटती संख्या केवल एक पक्षी के विलुप्त होने का संकट नहीं है, बल्कि यह पूरे पर्यावरणीय संतुलन के लिए चिंता का विषय है। गिद्धों की कमी से मृत पशुओं के शवों का प्राकृतिक निस्तारण प्रभावित होता है।

## धर्म-कर्म

# नश्वर से शाश्वत की यात्रा है 'प्रेम'



**धीरज दवे**

ये एक बड़ी साधारण और सभी को ज्ञात बात है कि ऊर्जा स्थानांतरित होती है, अपना रूप बदलती है लेकिन कभी नष्ट नहीं होती है। अपने विद्यालयी जीवन में विज्ञान से जुड़े ऐसे सिद्धांत हर व्यक्ति पढ़ता है और सोचता है कि इसकी आवश्यकता उसे सिर्फ परीक्षा तक रहने वाली है। लेकिन सच माना जाए तो ये एक सिद्धांत ही उम्र भर के लिए प्रत्येक मनुष्य के लिए एक सधा हुआ, शालीन और सकारात्मक जीवन जीने के लिए काफी है अगर हर व्यक्ति यह सोच कर आगे बढे कि वह स्वयं ऊर्जा का महान स्त्रोत है उसके द्वारा स्थानांतरित ऊर्जा कितने व्यक्ति, कितने समय और पृथ्वी के कितने क्षेत्रफल को प्रभावित करती है तो शायद प्रत्येक व्यक्ति अपने सोच के मानक तय कर दे और यह भी तय करे कि उसे अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए किन तत्वों की आवश्यकता हैं।

जो बात विज्ञान की किताबों में ऊर्जा के लिए लिखी जाती है हमारे धर्म ग्रन्थों में वही बात आत्मा के लिए भी लिखी जाती है, जैसा कि हम पढ़ते हैं आत्मा न तो नष्ट होती है न जन्म लेती है वो सिर्फ शरीर बदलती है। क्या बस यही एक बात है जो समझने में हम इतनी देर कर देते हैं और उलझनों में इस तरह खोये रहते हैं कि न तो खुद का खयाल रहता है न वक्त का। कोई भी किताब हमें कर्महीन बनाने का संदेश तो नहीं देती लेकिन बडा मुश्किल है बुराइयों से, मुश्किलों से, व्यवधानों से बचे रहना और इन सबके बाद ये भी ध्यान रखना कि जो चीजें मैं अभी कर रहा हूं ये महज शरीर की आवश्यकताओं की पूर्ति है इससे पहले न जाने कितनी बार इस आत्मा ने जन्म लिया और स्वयं को पीडा देते हुए, सुख में ये सोचकर चिंता करते हुए देखा कि ये कितने दिन तक ठहरेगा और दुख में ये सोच कर परेशानी झेली कि न जाने ये सब कब खत्म होगा।

सांसें, मुहब्बत और शिकायत तीनों ही एक दूसरे के समानांतर चलते रहते हैं, इंसान के जिंदा रहने तक लोगों को उससे



शिकायतें रहती हैं, मुहब्बत भी मौत के कुछ घंटों, कुछ दिनों, कुछ बरसों तक रहने के बाद अपना नाम बदलकर किसी और एहसास की ओट में रखी रहती है और फिर अचानक से किसी सवाल के जवाब में कभी बस एक लंबी सांस के साथ या कभी फक़त एक लफ़्ज "ख़ैर" बन के सुनाई देती है।

अभी कुछ दिनों पहले रेल की एक यात्रा के दौरान एक कलाकार से कई विषयों पर संवाद हुआ, उनसे जब किसी ने जीवन में प्रेम के संबंध में बात छेड़ी तो उनके जवाब ने मुझ जैसे सुनने वालों को कई दिनों तक चमत्कृत रखा। उनका कहना था कि जीवन के हर दौर में प्रेम नाम का तत्व किसी न किसी रूप में साथ रहा, हर रिश्ते ने ये कोशिश करी कि मुझे अधूरापन न लगे और कई बार जब प्रेम, देह और आत्मा के मानकों पर उलझा तो मैंने हमेशा आत्मा मांगने वाले को अपना "वक्त दिया" और देह मांगने वाले का "वक्त लिया"। मेरी चिंता ये नहीं थी कि कोई क्या सोचेगा, मेरा ध्यान केवल इस बात पर था कि प्रेम के नाम से कही गई हर इच्छा पूरी जरूर हो, ताकि और कुछ हो या न हो दुनिया में प्रेम का ऐतबार बना रहे। मैं और मुझ जैसे और भी कुछ यात्री चरित्र नाम के संशय पर अटके रहे और वे यह संशय हमारे चेहरे से जान गए, फिर हंस कर बोले "मैंने कहा न वक्त लिया, कब तक लिया कितना लिया ये थोडी बताया" बस ये समझ लो कि आजकल वो देह के मोह वाले भी अब मेरी आत्मा के प्रति अपनी निष्ठा जता रहे हैं। इस बार सबके चेहरे पर शांति थी।

चित्रलेखा फिल्म के गाने संसार से भागे फिरते हो भगवान को तुम क्या पाओगे के एक हिस्से में कवि कहता है कि
ये भोग भी एक तपस्या है तुम त्याग के मारे क्या जानो
जब जब ये गीत सुनते हैं उसी वक्त सरस्वती चंद्र का एक गीत और जेहन में उबरता है जहां गीतकार कहता है कि
तन से तन का मिलन हो न पाया तो क्या, मन से मन का मिलन कोई कम तो नहीं

एक और मशहूर गीत की पंक्तियां जिसमें लिखा है
दर्पण तुम्हें जब डराने लगे,
जवानी भी दामन छुड़ाने लगे,
तब तुम मेरे पास आना प्रिये
मेरा सर झुका है झुका ही रहेगा तुम्हारे लिए
फिर समझ आता है कि प्रेम के आवरण में देह मांगने वालों के लिए उन्होंने क्यूं कहा था कि मैं वक्त लेता हूं।
प्रेम सच में नश्वर से शाश्वत की यात्रा है।

## वायरल

# मौत के बाद की दुनिया में क्या वाकई हैं स्वर्ग और नरक?

अमेरिका के कंसास सिटी की रहने वाली गरीबी और बेघर होने का दर्द झेल चुकीं कैट डंकल आज एक कामयाब करोड़पति हैं। उनके इस बदलाव के पीछे की कहानी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1967 में एक भयानक कार



हादसे में उनके सात साल के बेटे मार्क की मौत हो गई। उनके पिता का निधन हो गया, वे दिवालिया हो गईं और नौबत यहां तक आ गई कि उन्हें सड़क पर बेघर होकर दिन गुजारने पड़े। भगवान से भरोसा उठ चुका था और वह ईश्वर से नफरत करने लगी थीं। एक बार फिर वह एक गंभीर कार दुर्घटना का शिकार हो गईं। ज्यादा खून बहने की वजह से वह बेहोश हो गईं और मौत के बेहद करीब पहुंच गईं। उन्होंने महसूस किया कि वह किसी काली सुरंग से होते हुए अंतरिक्ष और समय की यात्रा पर निकल पड़ी हैं. उन्होंने अपनी सर्जरी के दौरान परिवार वालों को रोते और दुआ मांगते हुए भी देखा। कैट का कहना है कि इस दौरान उन्होंने शांति की एक ऐसी दुनिया यानी स्वर्ग देखी जहां वह हमेशा रहना चाहती थीं।




## X का एक्सरे

भारत बाढ़ में मारे गए लोगों के शवों के प्रबंधन में नेपाल की मदद कर रहा है, जिसमें डीएनए टेस्टिंग और डीएनए प्रबंधन के लिए लैब बनाने में सहयोग शामिल है। नेपाल और भारत के बीच करीबी रिश्ते हैं और भारत मुश्किल और अच्छे, दोनों ही समय में नेपाल के साथ खड़ा रहा है।



**निशा मेहता**

कांग्रेस के ये सारे आरोप और विरोध इसलिए हैं क्योंकि यह एक ऐसी पार्टी है जिसमें छुआछूत है और यह संविधान के खिलाफ है, कांग्रेस खुद इन सारे आरोपों का सामना कर रही है। खुद को साफ दिखाने दूसरों पर कीचड़ उछालने से दूसरा इंसान गंदा नहीं हो जाता।



**इंद्रेश कुमार**

सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है। समाज के सही ढंग से काम करने में कानून-व्यवस्था अहम भूमिका निभाती है और सरकार के पास इसके लिए अपने सिस्टम हैं। लेकिन साथ ही समाज की सोच में भी बड़ा बदलाव आना जरूरी है। हमें सभी पहलुओं पर एक साथ काम करने की जरूरत है।



**विजया रहाटकर**

हम इस बयान से बिल्कुल सहमत नहीं हैं। यह सोच प्रगतिशील केरलम के अनुकूल नहीं है। महिलाओं को केवल घरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में भाग लेना चाहिए और समाज में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि यही हमारी प्रगतिशील सोच है।



**वी. डी. सतीशन**

## एक नजर

### जमीन धंसने से ऑक्सीजन पाइपलाइन हुई क्षतिग्रस्त

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर के पास बुधवार सुबह अचानक जमीन धंसने से बाउंड्री वाल ढह गई। दीवार के मलबे की चपेट में आने से लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे शताब्दी भवन के कई वार्डों में ऑक्सीजन आपूर्ति ठप हो गई। भवन में 250 से अधिक गंभीर मरीज भर्ती हैं। ऑक्सीजन संकट के चलते करीब 15 ऑपरेशन टालने पड़े। स्थिति बिगड़ते ही अस्पताल प्रशासन ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर वार्डों में ऑक्सीजन सिलिंडर पहुंचाए। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने ऑक्सीजन पर निर्भर मरीजों की निगरानी बढ़ा दी। कुछ समय तक अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन सिलिंडरों से आपूर्ति शुरू होने के बाद स्थिति नियंत्रित कर ली गई।

### लखनऊ में यातायात डायवर्जन लागू

**लखनऊ (एजेंसी)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम और जन्मोत्सव झांकी दर्शन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के चलते शुक्रवार दोपहर तीन बजे से समाप्ति तक यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि हनुमान सेतु मंदिर तिराहे से रिजर्व पुलिस लाइन्स व आइटी चौराहे की ओर सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। वाहन नदवा बंधा मोड़ से डालीगंज इक्का तांगा स्टैंड चौराहा होकर जाएंगे। आइटी चौराहे से आने वाले वाहन डालीगंज या निशातगंज मार्ग अपनाएंगे। निशातगंज ओवरब्रिज ढाल से आइटी चौराहे की ओर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। आंतरिक लेखा निदेशालय और हैदरगंज चौकी मार्ग से जाएंगे।

# नजूल भूमि विवाद: योगी सरकार का सर्वे का फैसला

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुमत के बावजूद उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक-2024 को विधान परिषद से पारित कराने के बजाय प्रवर समिति को भेजने के फैसले के बाद अब सरकार ने नजूल संपत्तियों के संबंध में आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस संबंध में पहली बैठक हुई। बैठक में प्रदेशभर की नजूल संपत्तियों का नए सिरे से सर्वे कराने का निर्णय लिया गया। सर्वे के दौरान प्रदेश में मौजूद नजूल संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का ब्योरा तैयार किया जाएगा। इसमें यह पता लगाया जाएगा कि कितनी नजूल संपत्तियों पर अवैध कब्जे हैं और कितनी संपत्तियां फ्रीहोल्ड हो चुकी हैं। इसके साथ



ही नजूल भूमि और भवनों से संबंधित दस्तावेजों एवं रिकॉर्ड का भी परीक्षण किया जाएगा। बैठक में नजूल संपत्तियों से जुड़े न्यायालयों में लंबित मामलों की जानकारी जुटाने पर भी जोर दिया गया। संबंधित मामलों का ब्योरा तैयार कर यह देखा जाएगा कि कितने प्रकरण विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हैं। सरकार का उद्देश्य नजूल संपत्तियों की मौजूदा स्थिति का व्यापक रिकॉर्ड तैयार करना है। गौरतलब है कि नजूल संपत्ति विधेयक को लेकर पहले विधान परिषद में सरकार को बहुमत के बावजूद इसे प्रवर समिति को भेजने का निर्णय लेना पड़ा था। अब सर्वे के जरिए प्रदेशभर की नजूल संपत्तियों की स्थिति स्पष्ट करने की कवायद शुरू की गई है।

### अवैध निर्माणों पर एलडीए की कार्रवाई

**लखनऊ (एजेंसी)।** अलीगंज में आवासीय जमीन पर बने अवैध व्यावसायिक भवनों के खिलाफ सीलिंग अभियान जारी है। स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद छह अवैध कांप्लेक्स सील किए गए। इसके अलावा चिनहट और गोमती नगर में आठ अवैध निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई हुई। गोसाईंगंज, बिजनौर और दुबग्गा में करीब 30 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 13 अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी चलाकर कार्रवाई की गई। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि अलीगंज की चंद्रलोक कालोनी के सेक्टर-ई, एफ और जे में कार्रवाई की गई। यहां आवासीय भू-उपयोग में बनी छह व्यावसायिक इमारतों को सील किया गया।

### रूफटॉप सोलर में उत्तर प्रदेश टॉप-2 पर

**लखनऊ (एजेंसी)।** रूफटॉप सोलर अपनाने में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। कभी टॉप-10 में शामिल रहा प्रदेश अब टॉप-2 में पहुंच गया है। यूपी ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत गुजरात और उत्तर प्रदेश के बीच महज 32 हजार का अंतर रह गया है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के सचिव पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश आगामी महीनों में देश में नंबर एक स्थान हासिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में रूफटॉप सोलर लगाने की गति लगातार बढ़ रही है। भारत के 100 शहरों में लखनऊ वर्तमान में रूफटॉप सोलर लगाने के मामले में नंबर एक पर बना हुआ है। इससे प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## यूपी में बारिश से बाढ़ के हालात, कई जिलों में अलर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही तेज बारिश से बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। प्रयागराज और चित्रकूट समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है। बीते 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गई। ललितपुर में सर्वाधिक 17 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि बांदा में 10 सेंटीमीटर बारिश हुई। लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है और कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान



सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से जलभराव वाले स्थानों और नदी के किनारे जाने से बचने को कहा गया है। तेज हवाओं और आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। प्रशासन भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## योगी सरकार सुधारेगी सिंचाई व्यवस्था

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के किसानों को खेती के लिए पर्याप्त और भरोसेमंद पानी उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल सिंचाई संसाधनों का नया विस्तार करना ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से उपलब्ध बुनियादी व्यवस्था को भी आधुनिक, सुचारु और अधिक उपयोगी बनाना है।

इसी दूरदर्शी नीति के तहत सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से राज्यभर में राजकीय नलकूपों (ट्यूबवेल) के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सरकार के इस भागीरथी प्रयास से किसानों को फसलों के लिए समय पर पानी मिलना सुनिश्चित हुआ है, जिससे न सिर्फ खेती की

> ▸ 6,600 राजकीय नलकूपों का हुआ आधुनिकीकरण, लाखों किसानों को मिली नई रफ्तार

लागत कम हुई है बल्कि फसल बर्बादी का जोखिम भी काफी घट गया है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, राज्य सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में सिंचाई के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर काम किया है। वर्ष 2022-23 से लेकर वर्ष 2025-26 के बीच प्रदेश के विभिन्न जिलों में रिकॉर्ड 2,493 नए राजकीय नलकूपों का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही, सालों से बंद और ध्वस्त पड़े 1,769 असफल नलकूपों का पुनर्निर्माण कराकर उन्हें दोबारा चालू किया गया है। इतना ही नहीं, तकनीकी रूप से पिछड़ चुके 6,600 पुराने राजकीय नलकूपों का पूरी तरह से आधुनिकीकरण पूरा किया जा चुका है।नलकूपों के आधुनिक हो जाने से अब बिजली की बचत हो रही है और पानी की बर्बादी भी रुकी है।

सरकार की यह जनकल्याणकारी पहल ग्रामीण अंचलों में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अंतिम छोर (टेल) पर स्थित खेतों तक पानी की उपलब्धता को अधिक भरोसेमंद बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो रही है। उन्नत सिंचाई सुविधाओं के मिलने से राज्य के लाखों किसान अब समय पर बुवाई और सिंचाई कर पा रहे हैं, जिससे प्रदेश के कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई रफ्तार मिली है।

## पशुपालकों को लंपी टीकाकरण की जानकारी दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** पशुपालन विभाग द्वारा पंचायत भवन ग्राम नदंना में आयोजित एक दिवासीय जागरूकता शिविर आयोजित कर पशुपालकों को लम्पी स्किन डिजीज टीकाकरण की जानकारी दी।

ग्राम प्रधान माया जोशी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर आर चंतोला ने विगत एक माह से इस क्षेत्र में गोवंश पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन बीमारी से बचाव की जानकारी दी। शिविर में डॉ चंतोला ने बताया कि यह बीमारी मच्छर, मक्खी आदि के काटने से होती है। इसे बचाव के लिए बीमार पशु को स्वस्थ पशुओं से दूर रखें। कीटनाशक दवाओं, चूने का छिड़काव करें। नीम की



शिविर में पशुपालकों को पशुओं के उपचार की जानकारी देते डॉक्टर चंतोला।

पत्तियों से धुआ करें। जानवरों पर जेन्सन वाईलेट पोटाश के पानी का लेप करें। डॉक्टर चंतोला ने बताया कि किसी भी समस्या के लिए नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा राजकीय पशु चिकित्सालय खटीमा से संपर्क करें। ग्राम प्रधान माया जोशी द्वारा पशुपालन विभाग से आए डॉक्टर चंदोला सहित उनकी टीम का स्वागत किया। उन्होंने पशुपालकों से लंबी वायरस की रोकथाम के लिए घरेलू उपचार करने की अपील की। शिविर में पशुपालकों को निशुल्क दवाई भी वितरित की गई। शिविर में पशुधन प्रसार अधिकारी रमेश चंद्र खर्कवाल, कृष्ण कुमार, रवि गौतम, मनोज कुमार एवं पशुपालक आनंदी मेहता, धर्मानंद जोशी, इंद्रावती, रेखावती, कलावती फिकवाल, जीत सिंह सामंत, जितेंद्र राणा फूल कुमार राणा, गोविंद मेहता, नवीन चंद्र भट्ट, हरसिंह थापा, पूरन जोशी, त्रिलोक सिंह बोहरा नवीन फुलेरा, शोभा देवी आदि पशुपालकों ने प्रतिभा किया।

## नोजगे पब्लिक स्कूल में मनायी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



नोजगे पब्लिक स्कूल में हांडी फोड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर एसएमएस दत्ता मेमोरियल नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) में इंटर हाउस हांडी फोड़ प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को मनोरंजक एवं रोमांचक बनाने के लिए प्रत्येक हाउस को सर्वप्रथम 30 सेकंड की नृत्य प्रस्तुति देनी थी। इसके पश्चात सीटी बजते ही प्रतिभागियों को आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ पिरामिड बनाकर हांडी फोड़नी थी। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली। प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कम समय में हांडी फोड़कर

> **हांडी फोड़ प्रतियोगिता रही दिलचस्प और रोचक, ग्रीन हाउस ने हांड़ी फोड़ खिताब जीता**

विजेता का खिताब अपने नाम किया। ग्रीन हाउस ने 1.11 सेकेंड के समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका सुरेन्दर कौर (हैप्पी मैम), प्रधानाचार्य हेम चन्द्र पंत ने विजयी प्रतियोगियों को सम्मानित किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, मुरली सजाओ, मोरपंख, जन्माष्टमी थाल सजाओ जैसी प्रतियोगितायें करायी गयी। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्साह, उमंग और कृष्ण भक्ति के रंग में रंग दिया।

### चाकू मारने के दोषी को हुई उम्रकैद

**लखनऊ (एजेंसी)।** चाकू से हमला कर महिला की हत्या करने के दोषी गुलफाम को अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सरकारी वकील सीमा सिंह ने बताया कि अमित अग्रवाल ने 31 मार्च 2021 को गोमती नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके भाई डा. हर्ष अग्रवाल पत्नी रुचि अग्रवाल और दो बेटियों के साथ गोमती नगर में रहते थे। उनके घर में फर्नीचर का काम चल रहा था। फर्नीचर का काम करने वाले गुलफाम ने रुचि से व्यापार शुरू करने के लिए पैसे मांगे थे। पैसे देने से मना करने पर उसने चाकू से वार कर रुचि को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

## सेवानिवृत्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के एएसआई पुनेठा का निधन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन खटीमा के सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक रमेश चंद्र पुनेठा का लंबी बीमारी के बाद बुधवार देर रात निधन हो गया। वह खटीमा के वार्ड नंबर-5 के निवासी थे। उनके निधन से परिजनों, पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कर्मियों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर है।



गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार शारदा घाट, बनबसा में पूर्ण सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान 57वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल की टुकड़ी ने जसोवंत सेनापति के नेतृत्व में दिवंगत रमेश चंद्र पुनेठा को अंतिम सलामी दी। वहीं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन के पूर्व अधिकारियों एवं साथियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

अंतिम संस्कार के दौरान संगठन के बीडी भट्ट, केएस कन्याल, एमएस भंडारी, भगवान सिंह ज्याला, केएन पांडेय, एमसी शर्मा और कमान सिंह भंडारी समेत बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार तथा पूर्णागिरी कॉलोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे। संगठन के पदाधिकारियों और उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### लापरवाह 26 सरकारी डॉक्टर किये बर्खास्त

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अस्पतालों से लगातार गैरहाजिर रहने और मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने वाले 26 सरकारी डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्त डॉक्टरों में आधा दर्जन सर्जन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ और ईएनटी (नाक, कान, गला) विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नौ डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ओपीडी से लंबे समय से गायब और लापरवाह डॉक्टरों के मामलों की समीक्षा की। इसके बाद दोषी पाए गए इन डॉक्टरों को सेवामुक्त करने की विभागीय प्रक्रिया पूरी की गई। सरकार डॉक्टरों के मानदेय बढ़ाने के साथ लापरवाही पर सख्त कदम उठा रही है।

## शिक्षा भारती स्कूल में मनाई जन्माष्टमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** शिक्षा भारती स्कूल के बच्चों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से बनायी। इस सुअवसर पर बच्चों ने माइक के माध्यम से। जय श्री कृष्णा और राधे राधे के जयकारर लगाए। इस अवसर पर बच्चों ने सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

विद्यालय परिसर में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों के श्री कृष्ण और राधा की परंपरागत वेशभूषा में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। श्री कृष्ण ने ग्वाल बालों के साथ गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का घमंड चकनाचूर किया। उन्होंने गोवर्धन पर्वत की छतरी बनाकर मेघों के आक्रोश को



ग्वाल बालों के साथ श्री कृष्णा गोवर्धन पर्वत उठाकर भीषण बारिश से बचाव की झांकी।

> ▸ नन्हे-मुन्नों ने धरा राधा-कृष्ण का रूप, जयकारों से गूंजा स्कूल

चकनाचूर कर दिया। इस दौरान बच्चों ने उत्साह और प्यारभरी शुभकामनायें दी। जिसे विद्यालय के वातावरण को भक्ति भाव से विभोर एवं आनंदमय बना दिया। बच्चों ने "राधे-राधे" और "जय श्री कृष्ण" के जयकारों के साथ भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम, सत्य और अच्छे कर्मों का संदेश दिया। इस पावन पर्व पर विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। और बच्चों को बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### धीरेंद्र सिंह मर्डर: नेता-सांसद पुलिस राडार पर

**लखनऊ (एजेंसी)।** महाराणा प्रताप चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह की अपहरण के बाद हत्या के मामले में पुलिस राजनीतिक रंजिश के एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, धीरेंद्र विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा था और क्षेत्र में लगातार सक्रिय था। इसी दौरान वह जमीन से जुड़ी शिकायतों को लेकर अधिकारियों से संपर्क कर रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मामले में पड़ोसी जिले के एक सांसद और विधायक की भूमिका को लेकर भी आंतरिक जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि धीरेंद्र की सक्रियता और चुनावी तैयारियों से किन लोगों को परेशानी हो सकती थी।

## हिंद पब्लिक स्कूल में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** हिंद पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों के बीच आयोजित मटकी फोड़ मुकाबला रहा। दोनों ही कक्षाओं के विद्यार्थियों के बीच काफी रोमांचक टक्कर देखने को मिली। अंत में कक्षा 12वीं की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय, फुर्ती और अनुशासन का परिचय देते हुए मटकी फोड़कर इस प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। स्कूल के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार ने विजेता टीम को



विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों के साथ विजयी टीम। -जागरण मोर्चा

बधाई दी और सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी परंपराओं और संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व की भावना भी विकसित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट , रेनू सिंह, रोली सक्सेना, डिक्सी बेस्टियन, रंजीत मेहरा, विष्णु भास्कर त्रिपाठी, पुष्पा धामी, ब्रजेश कुमार, विपिन चंद्र गहतोड़ी, गीता कन्याल, योगेश गुप्ता, पूनम गुम्बर, पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप, दीपा नेगी, पायल जोशी, चंद्रप्रभा, पूजा पाण्डे, कविता बिष्ट, निकिता राय, विनीता पाठक, रोहित सिंह, नीतू कन्याल, प्रिया भट्ट, हिमांशु भट्ट, राधिका कुंवर, श्वेता नेगी, रूबी खान, विमला बनकोटी, कंचन चंद, सिमरन रस्तोगी, योगिता पांडे, इफत यासमीन, श्वेता सिंह, लता जोशी, प्रमोद पांडेय, राकेश मौर्या, हर्ष गुप्ता, मनीषा मोटवानी, अभिलाषा गुप्ता, गीता जोशी, चंपा विश्वकर्मा, शाइमा मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# पीलीभीत के मजदूरों का हरियाणा में ट्रक हादसा: 6 की मौत, 6 गंभीर घायल

## हरियाणा के खरखोदा में गुरुवार तड़के लगभग चार बजे हुआ भीषण सड़क हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** हरियाणा के खरखोदा में गुरुवार तड़के लगभग चार बजे हुए भीषण सड़क हादसे में पीलीभीत के छह लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में कुल बारह लोग थे 11 खेत मजदूर और एक चालक जो बाजरा काटने के लिए फोर-व्हीलर से निकले थे। दुर्घटनास्थल खरखोदा बस अड्डा के पास बताया गया है।

पीलीभीत के बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र, बीसलपुर तहसील के दियोरिया कला थाना अंतर्गत ग्राम बड़ेपुरा कुसमा से निकले श्रमिकों में रामनरेश (35), मौर्य अग्रवाल (30), सुशील (22) और चालक आरिफ पुत्र आशिक घटनास्थल पर ही मृत पाए गए। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल मेवाराम (40) और खुशीराम (55) ने भी दम तोड़ दिया। घायलों में प्रमोद (18), संजीव (25), पातीराम (27), महेंद्र पाल (60), हरिशंकर (35) और विवेक (20) शामिल हैं, जिनका इलाज पीजीआई मेडिकल कॉलेज, सोनीपत में चल रहा है। किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने खरखोदा थाना प्रभारी अनिल कुमार से घायलों के समुचित इलाज की मांग की। हादसे की जानकारी केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को दी गई, जिन्होंने हरियाणा के उच्च अधिकारियों से बात कर मदद का भरोसा दिलाया। परिजन घटना के बाद हरियाणा पहुँच रहे हैं; पुलिस परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराएगी।




## बीसलपुर में देवहा नदी ऊफान पर, आधा दर्जन ग्रामों में आबादी के पास पहुंचा नदी का पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** देवहा नदी का जल स्तर बढ़ जाने से नदी के किनारे बसे आधा दर्जन ग्रामों में बाढ़ का पानी आबादी के पास पहुंच गया है। ग्राम भैसटा का संपर्क तहसील मुख्यालय से कट गया है।

बाढ़ से निपटने के लिए बनाई गई बाढ़ चौकियों पर तैनात राजस्व कर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने गुरुवार को भी प्रभावित ग्रामों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। डियूनी डाम से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद क्षेत्र से गुजरने वाली देवहा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी पूरी तरह से ऊफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ जाने से मीरपुर वाहनपुर, राजूपुर, भौरुआ, मुसेली, किशनी, मोहम्मदपुर, रसूला, सिसैया जलालपुर, भैसटा, महादेवा ग्रामों में बाढ़ का पानी आबादी के पास पहुंचना शुरू हो गया है। जिससे ग्रामीण काफी चिंतित है। इसके अलावा ग्राम वैरा,वसारा, अमृता खास, दौलतपुर हीरा सहित एक दर्जन गांवों में बाढ़ आने की आशंका पैदा हो गई है। ग्रामीणों ने बाढ़ से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। ग्राम मुसेली में नदी का पानी लगातार आबादी के पास बढ़ रहा है। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बाढ़ से निपटने के लिए क्षेत्र में स्थापित की गई 9 बाढ चौकियों पर तैनात राजस्व कर्मियों को अलर्ट कर दिया है। बारिश होने के बावजूद उन्होंने चुरा सकतपुर क्षेत्र के भैसटा, सहित प्रभावित ग्रामों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया व तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम में बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। तहसील मुख्याल पर कंट्रोल रूम बनाया गया है।



मूसली गांव के किनारे पहुंचा देवहा नदी का पानी। –जागरण मोर्चा

### एक नजर

### राणा प्रतापनगर व नेहरोसा में कटान निरोधक कार्य युद्ध स्तर पर, स्थिति नियंत्रण में

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के राणा प्रतापनगर में कटान की स्थिति को देखते हुए राजस्व एवं सिंचाई विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेने के बाद कटान निरोधक कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कराया, जो लगातार जारी है। प्रभावी कार्रवाई के चलते फिलहाल कटान की स्थिति नियंत्रण में है। इसी तरह ग्राम नेहरोसा में कटान की सूचना मिलते ही राजस्व एवं सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर आवश्यक कटान निरोधक कार्य कराया। कार्रवाई के बाद यहां भी स्थिति नियंत्रण में बताई गई है। दोनों स्थानों पर विभागीय टीमें लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## बारिश से डूबे वन्यजीवों के ठिकाने, जंगल से बाहर आ रहे बाघ-तेंदुए और भालू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में लगातार हो रही बारिश अब जंगल और वन्यजीवों के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के जंगल क्षेत्र में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। उत्तराखंड से पानी आने के कारण उत्तराखंड सीमा से सटी महोफ रेंज सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है।

जंगल के निचले हिस्सों में पानी भरने से वन्यजीवों के सामान्य विचरण क्षेत्र और सुरक्षित ठिकानों पर असर पड़ रहा है। हालांकि वन विभाग फिलहाल किसी वन्यजीव के लिए तत्काल खतरा नहीं मान रहा, लेकिन जंगल में पानी बढ़ने के साथ वन्यजीवों के सुरक्षित स्थानों की तलाश में बाहर की ओर आने की आशंका बढ़ गई है।

पिछले दिनों बारिश के बीच जंगल और सड़कों के आसपास बाघ व तेंदुओं की मौजूदगी सामने आने के बाद अब बुधवार को गजरौला क्षेत्र में भालू दिखाई देने की सूचना मिली। वन्यजीवों की लगातार बढ़ती गतिविधियों ने जंगल से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। वन विभाग ने सभी रेंज स्तरीय टीमों को अलर्ट करते हुए निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। लगातार बारिश के साथ उत्तराखंड क्षेत्र में हुई बारिश का पानी भी जंगल की ओर पहुंच रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों और जानकारों के अनुसार, जंगल के निचले क्षेत्रों में अधिक पानी भरने पर वन्यजीव ऊंचे और सूखे स्थानों की तलाश करते हैं। यदि उनके सामान्य ठिकाने और आवागमन के रास्ते पानी की चपेट में आ जाते हैं तो वे जंगल के दूसरे हिस्सों की ओर जाने के साथ कभी-कभी जंगल की सीमा से बाहर भी निकल सकते हैं।

## चंदिया हजारा व शास्त्री नगर में राहत कार्य निरंतर जारी: 300 परिवारों को डोर-टू-डोर वितरित किए गए 900 फूड पैकेट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों के क्रम में आज पुनः ग्राम चंदिया हजारा (हजारा भाग) तथा शास्त्री नगर क्षेत्र में पूर्व से संचालित सामुदायिक भोजनालय (कम्युनिटी किचन) के माध्यम से भोजन वितरण एवं स्थलीय निरीक्षण का कार्य सुचारू व प्रभावी रूप से संपन्न कराया गया।

सामुदायिक भोजनालय में शुद्धता व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए 300 प्रभावित परिवारों के लिए कुल 900 पैकेट भोजन तैयार कराया गया। आज भोजन में पूरी, सब्जी व अचार की समुचित व्यवस्था की गई, जिसे सुरक्षित बंद डिब्बों में पैक कर ग्रामीणों के घर-घर (डोर-टू-डोर) जाकर वितरित किया गया। राहत वितरण एवं स्थलीय निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार सौरभ दीप, राजस्व निरीक्षक महेशपाल, क्षेत्रीय लेखपाल प्रद्युमन पांडे, श्याम मौर्य, रामेश्वर चौहान तथा लेखपाल आशीष निषाद मौके पर उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्राम प्रधान मनोज सिंह, ग्राम चंदिया हजारा के प्रधान वासुदेव कुंडू एवं क्षेत्र के अन्य संभ्रांत नागरिकों की संयुक्त उपस्थिति में वितरण कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ।



बाढ़ पीड़ितों को खाने के पैकेट बांटते लोग। –जागरण मोर्चा

- **जल निकासी के बाद जनजीवन हुआ सामान्य**

प्रशासनिक अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा गांव का सघन भ्रमण कर घरों व मार्गों पर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कहीं भी जलभराव की स्थिति पाई जाती है, तो वहां तत्काल जलनिकासी कराई जाए। हालांकि मौके पर पाया गया कि गांव से बाढ़ का पानी पूरी तरह उतर चुका है और जलभराव पूरी तरह समाप्त हो गया है। आवागमन के सभी रास्ते सुचारू हो चुके हैं तथा ग्रामीणों का रहन-सहन व दैनिक जनजीवन तेजी से सामान्य हो गया है। प्रशासन स्थिति पर आगे भी निरंतर निगरानी बनाए हुए है।

### संक्षेप समाचार

### जिले में कई स्थानों पर बाधित रही बिजली आपूर्ति, ग्रामीण क्षेत्रों में भी छाया अंधेरा, जगह-जगह फाल्ट

**पीलीभीत।** लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के इलाकों व ग्रामीण अंचलो में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही। बारिश और तेज हवाओं के चलते बिजली लाइनों में फाल्ट आने से कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। लगातार बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों और नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिले के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। घरों में लगे इन्वर्टर और बैटरी भी जवाब दे गए, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। बिजली न होने के कारण पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हुए। लगातार बारिश और हवा के कारण बिजली के तारों तथा लाइनों में जगह-जगह फाल्ट आने की स्थिति बनी रही। मौसम खराब होने के चलते बिजली विभाग की टीमों को भी फाल्ट तलाशने और उन्हें ठीक करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बहाल करने के बाद भी लोकल फाल्ट के कारण दोबारा आपूर्ति प्रभावित होती रही। क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि बारिश शुरू होते ही बिजली व्यवस्था लड़खड़ा जाती है। ग्रामीण इलाकों में लंबे समय तक बिजली न आने से लोगों को काफी दिक्कत होती है। किसानों को भी सिंचाई सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ती है।बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण घरों में मोबाइल चार्ज करने से लेकर पानी की व्यवस्था तक प्रभावित रही। रात के समय बिजली गुल होने से बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से बारिश के दौरान फाल्ट वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

### कलक्ट्रेट से विकास भवन तक सरकारी दफ्तरों में भरा पानी, शारदा पार इलाके में बाढ़ से गांव घिरे

**पीलीभीत।** लगातार हो रही बारिश और नदियों के बढ़े जलस्तर ने पीलीभीत जिले में बाढ़ के हालात और गंभीर कर दिए हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कलक्ट्रेट परिसर से लेकर विकास भवन और कई अन्य सरकारी कार्यालयों में पानी भर गया। वहीं शारदा नदी के पार के इलाकों में बाढ़ का पानी गांवों की ओर बढ़ने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। निचले इलाकों में रहने वाले लोग बाढ़ और जलभराव के कारण परेशान हैं। बुधवार रात हुई बारिश के बाद बृहस्पतिवार को भी मौसम खराब बना रहा। रुक-रुककर हो रही बारिश से शहर के तमाम हिस्सों में जलभराव हो गया। कलक्ट्रेट परिसर और विकास भवन परिसर में पानी भरने से अधिकारी-कर्मचारियों के साथ फरियादियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने के रास्ते पानी में डूबे रहे। कार्यालय परिसरों में जलभराव के कारण कामकाज भी प्रभावित हुआ। उधर, शारदा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से शारदा पार क्षेत्र के गांवों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। नदी के आसपास के निचले इलाकों में पानी पहुंचने से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों की चिंता सताने लगी है। कई गांवों के संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों को जरूरी सामान लाने-ले जाने और आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार बारिश के साथ पहाड़ों और बैराजों से आने वाले पानी के कारण जिले की नदियों के जलस्तर पर भी प्रशासन की नजर बनी हुई है। शारदा के अलावा देवहा समेत अन्य नदियों के आसपास के क्षेत्रों में भी ग्रामीणों की चिंता बढ़ी हुई है। नदी किनारे बसे गांवों में लोग जलस्तर पर नजर रख रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन और राहत टीमों को अलर्ट रखा गया है। लगातार बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में पानी निकासी की व्यवस्था प्रभावित हो गई। सड़कों और सरकारी कार्यालय परिसरों में पानी भरने से जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। कलेक्ट्रेट और विकास भवन जैसे प्रमुख प्रशासनिक परिसरों में जलभराव होने से साफ है कि तेज बारिश के सामने शहर की ड्रेनेज व्यवस्था कितनी कमजोर है। मौसम खराब रहने और बारिश का सिलसिला जारी रहने से आने वाले घंटों में हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई है।

## सिमराया-दियूरियाकला लिंक मार्ग निर्माण अधूरा

### खस्ताहाल सडक से लोगों का निकलना मुश्किल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई- दियूरियाकला सम्पर्क से सिमराया जाने वाली सडक कई साल से अधूरी पडी हुई है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। यह सडक कई गांवो के लिए मुख्य है। उसके वावजूद निर्माण अधूरा पडा है। दियूरियाकला रोड से सिमराया जानी वाली सम्पर्क सडक कई सालों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। यह सडक कई साल अधूरी पडी हुई है। कई गांवों को जोड़ने वाली इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। फिर भी किसी को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क इसकी जर्जरता बयां करती है। सड़क जर्जर होने के कारण दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते इस मार्ग में हादसे भी होते रहते हैं। इधर बरसात के दिनों में तो सड़क की हालत और भी नरकीय हो जाती है। पूरी सडक टूट चुकी है। सडक की बजरी पत्थर पूरी तरह से उखड चुके है। जिससे सडक पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते है। वाहन भी इस मार्ग से जाने को कतराते हैं। अभिभावक अपने बच्चे को इस सड़क से होकर स्कूल भेजने में भी डरते हैं। पता नहीं कब हादसा हो जाए। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की माग जोर-शोर से नहीं की लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला शायद कोई नहीं है। लोगों ने अधूरी पडी सडक का निर्माण कराए जाने की मांग की है।



खस्ताहाल पडा मार्ग। –जागरण मोर्चा

### इन गांवो के लोगों का होता है आवागमन

इस सडक से सिमराया, झुरकुरिया, ज्ञानपुर मोहलिया, कसगंजा, भगवंतपुर, कालावोझ, लोहन्ना सोहन्ना, सिमरा, चकपुर, भैंसासुर, फत्तेपुर सहित कई गांवों के लोग इस रोड से आते जाते है। लेकिन अभी तक इस अधूरी पडी सडक की मरम्मत नही हो सकी है। जिससे लोग परेशान है।

## शारदा पार क्षेत्र में 24 घंटे प्रशासन की तैनाती 300 प्रभावित परिवारों को मिला गर्म भोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शारदा नदी में बढ़े जलप्रवाह और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने शारदा पार क्षेत्र के संवेदनशील एवं प्रभावित गांवों में राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं। प्रशासन ने राहत कार्यों की निगरानी के लिए राजस्व टीम को 24 घंटे तैनात किया है। तहसील मुख्यालय से शारदा पार क्षेत्र के गांवों की दूरी अधिक होने के कारण नायब तहसीलदार सौरभ दीप की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय लेखपालों की टीम को ग्राम श्रीनगर स्थित राजस्व चौकी पर तैनात किया गया है। टीम द्वारा क्षेत्र में जलस्तर, आवागमन, कटान और प्रभावित परिवारों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

इसी क्रम में गुरुवार शाम करीब 300 प्रभावित परिवारों को गर्म एवं पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया। प्रशासन की ओर से हजारा, टिब्बा, शास्त्री नगर और लाल बहादुर शास्त्री नगर स्थित बाढ़ शरणालय समेत अन्य चिन्हित सुरक्षित स्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रशासन के अनुसार शुक्रवार सुबह भी प्रभावित परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार आगे भी भोजन, पेयजल, चिकित्सा और अन्य जरूरी राहत सामग्री की व्यवस्था जारी रहेगी। किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने कहा है कि शारदा पार क्षेत्र में प्रशासनिक और राजस्व टीम 24 घंटे सक्रिय है तथा परिस्थितियों के अनुसार प्रभावित परिवारों तक समयबद्ध तरीके से राहत और सहायता पहुंचाई जा रही है।



बाढ़ प्रभावित लोगों के खाने के इंतजाम में लगे लोग। –जागरण मोर्चा

### आयोजन

### विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम विद्यार्थियों ने जाना श्रीकृष्ण के जीवन एवं आदर्शों का संदेश

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्तिमय हुए विद्यालय परिसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के आर.एस. आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुबार को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का वातावरण भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति एवं उनके जीवन मूल्यों से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, उनके बाल जीवन, कर्मयोग तथा धर्म एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के स्मरण एवं वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री शिवनारायण जी ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से संबंधित अनेक प्रसंग एवं प्रेरणादायक कथाएँ सुनाईं। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ गया था, तब भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की पुनर्स्थापना के लिए देवकी और वसुदेव के पुत्र के रूप में जन्म लिया। श्री शिवनारायण जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि मथुरा का राजा कंस अपनी बहन देवकी से अत्यंत स्नेह करता था। विवाह के बाद जब वह देवकी और वसुदेव को उनके घर छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी की आठवीं संतान कंस के अत्याचार का अंत करेगी। यह सुनकर कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया।समय बीतने के साथ देवकी की सात संतानों को कंस ने मार डाला। जब देवकी की आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब आधी रात के समय कारागार में दिव्य प्रकाश फैल गया। भगवान श्रीकृष्ण ने वसुदेव जी को आदेश दिया कि वे उन्हें गोकुल में नंद बाबा और यशोदा माता के पास छोड़ आएँ। उसी समय कारागार के सभी द्वार अपने आप खुल गए और पहरेदार गहरी नींद में सो गए। वसुदेव जी भगवान श्रीकृष्ण को टोकरी में रखकर यमुना पार करते हुए गोकुल पहुँचे और उन्हें माता यशोदा के पास सुरक्षित छोड़ आए। इस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण का बाल रूप गोकुल में पहुँचा और आगे चलकर उन्होंने अधर्म एवं अत्याचार का अंत कर धर्म की स्थापना की। इस कथा के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि सत्य और धर्म की अंततः विजय होती है तथा हमें कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य और सत्य के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम को और अधिक भक्तिमय बनाते हुए छात्रा सुप्रीती मंडल ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओत-प्रोत सुंदर गीत "मंदिर में बसे बिहारी" प्रस्तुत किया। उनके मधुर एवं भावपूर्ण गायन ने विद्यालय परिसर को भक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी भक्ति भाव के साथ गीत का आनंद लिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। –जागरण मोर्चा

## गैंगस्टर एक्ट में नौ अभियुक्तों को न्यायालय ने सुनाई सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पीलीभीत पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैंगस्टर एक्ट के मामलों में नौ अभियुक्तों को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में थाना हजारा और थाना बीसलपुर के मामलों में मॉनिटरिंग सेल व स्थानीय पुलिस की संयुक्त कवायद का यह नतीजा है। थाना हजारा के मुकदे में 29 जुलाई 2011 की सूचना पर दर्ज अभियोग (अपराध संख्या 451/2011) में प्रह्लाद पुत्र नंकूल, परितोष पुत्र सबलू, रामभरोसे पुत्र धूरभरन, मंजूर अली पुत्र मुन्नवर अली, पिंटू पुत्र नगीना, रामकुमार पुत्र मुनेश्वर, शविन महाजन पुत्र सतीश तथा अफरोज आलम पुत्र महमूद उर्फ महबूब अली (निवासी राहुल नगर मजदूर बस्ती, थाना हजारा) के विरुद्ध साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोप पत्र दाखिल किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से अमित कुमार शुक्ल तथा पैरोकार महिला कांस्टेबल काजल की प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने 3 सितंबर 2026 को सभी आठ अभियुक्तों को गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास और कुल 40,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं थाना बीसलपुर से संबंधित मामलों में अकील उर्फ रंगीला पुत्र अहमद हुसैन, निवासी ग्राम मीरपुर वाहनपुर के खिलाफ वर्ष 2012 और 2020 में दर्ज दो मुकदमों की सुनवाई में न्यायालय ने उसे दोषी मानते हुए पहले मामले में दो वर्ष दो माह तथा दूसरे मामले में चार वर्ष आठ माह का कारावास और प्रत्येक मामले में पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाने और न्यायालय के माध्यम से कड़ी सजा दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण व मॉनिटरिंग के दौरान साबित साक्ष्यों व गवाहों की प्रभावी पेशी से अभियुक्तों को दोषसिद्ध कराकर सजा दिलवाने में सफलता मिली है।






## एक नजर



### जन्माष्टमी के लिए सज गए मंदिर

**बीसलपुर।** शुक्रवार को होने वाले भगवान कृष्ण जन्मोत्सव के लिए मंदिरों में भव्य सजावट की गई । मठिया नाथ मंदिर में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के लिए सुंदर झांकी सजाई गई।। बड़ा स्थल मंदिर में राधा कृष्ण मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। शुक्रवार को मंदिर परिसर में राधा कृष्ण की वेशभूषा में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।, सचिन जायसवाल ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है ।नगर के जानकी रतन मंदिर, बेनीराम मंदिर, गुलेश्वर नाथ मंदिर, देवेश्वर नीलकंठ महादेव मदिर,बंगाली बाबा मंदिर सहित एक दर्जन से अधिक मंदिरों में सजावट की गई है। गुरुवार की शाम को भगवान कृष्ण की झांकियां को देखने के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

# चौथे दिन नहर में मिला खेत से गायब हुई महिला का शव

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय


लक्ष्मी का फाइल फोटो।


मौके पर मौजूद पुलिस। -जागरण मोर्चा

**घुंघचाई/पूरनपुर।** खेत से अचानक गायव हुई विवाहिता का शव चौथे दिन हरदोई ब्रांच नहर में फंसा दिखा। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे, परिजनों ने महिला की शिनाख्त लक्ष्मी देवी के रुप में की, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर का है। गांव निवासी अशोक कुमार 31 अगस्त को अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ दंदौल पुल के पास हरदोई ब्रांच नहर के किनारे खेत की रखवाली करने गया था। युवक दूसरे खेत पर चला गया था। वह वापस आया तो पत्नी मौके से गायव मिली। उसका दुपट्टा और चप्पलें नहर के किनारे मिलीं थीं। परिजनों ने नहर में डूबने की आशंका जताकर पुलिस को सूचना दी थी। बाढ राहत टीम की ओर से नहर में महिला की तलाश की गई थी। लेकिन उसका कोई पता नही चल सका था। गुरुवार को हरदोई ब्रांच नहर के टूटे पुल से कुछ आगे झाल के पास लोगों को एक महिला का शव पानी में फंसा हुआ देखा। नहर में शव दिखाई देने की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को नहर से बाहर निकलवाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। शव मिलने की सूचना पर लक्ष्मी देवी के परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव की शिनाख्त लक्ष्मी देवी के रूप में की। घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार लक्ष्मी देवी के लापता होने के बाद से ही उनकी तलाश की जा रही थी। अचानक नहर में शव मिलने से परिवार सदमे में है। पुलिस महिला के लापता होने से लेकर शव मिलने तक की पूरी घटना की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। घुंघचाई पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मां को तलाशती रह गई पांच साल की मासूम रिया

**मिथलेश गुप्ता, घुंघचाई।** घटना के बाद पांच साल की मासूम रिया की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिस मां की गोद में बैठकर वह अपना बचपन संवार रही थी, वही मां अब उसके बीच नहीं है। मां के अचानक चले जाने से रिया के मासूम चेहरे पर छाई उदासी हर किसी को भीतर तक झकझोर रही है, घर में पसरे मातम के बीच रिया बार-बार अपनी मां को तलाशती नजर आती है। उसकी मासूम आंखों में छलकता दर्द और चेहरे पर छाई मायूसी परिजनों की पीड़ा को और गहरा कर देती है। परिजन उसे संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मां को खोने का यह दुख उनके लिए भी असहनीय बना हुआ है। जिस उम्र में एक बच्ची को मां की उंगली थामकर चलना सीखना था, उसी उम्र में रिया से उसकी मां का साथ हमेशा के लिए छिन गया। मासूम रिया की हालत देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। परिवार के लिए यह सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि एक मासूम बचपन से उसकी सबसे बड़ी ममता का साया छिन जाने का दर्द है।

## संक्षेप समाचार

### नेशनल पब्लिक स्कूल में समारोह पूर्वक मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व


बिलसंडा के नेशनल पब्लिक स्कूल में राधा कृष्ण की सजाई गई झांकी।

**बिलसंडा।** नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण, कृष्ण सुदामा, माखन चोरी, कृष्ण गोपियों, कृष्ण यशोदा के अलावा कारागार में कृष्ण जन्म की झांकियां प्रस्तुत की गई। इसके अलावा अरे द्वार पालो समेत श्री कृष्ण सम्बन्धी कई गानों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए जिसकी खूब सराहना की गई। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चे कृष्ण, राधा, सुदामा गोपियों और ग्वालों का बहुत ही सुंदर वेश बनाकर आए थे। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों में प्रमुख रूप से अक्षिता त्रिवेदी, अभव्या बाजपेई, जयेश, शिवनीश जायसवाल, जानवी, माही, आराध्या अग्रवाल, आराध्या पटेल, पीहू गुप्ता, कोमल, आंशिकी, अर्जुन, मानस, कृष्णा, युवराज, व्यास, जसकीरत कौर, ऐश्वर्य, अक्षत, दक्ष, समक्ष, आराध्या जायसवाल, सान्वी गुप्ता, नैनक गुप्ता, मेहर, ओम, प्रणव विनायक समेत कई बच्चे शामिल थे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक एम रेहान, उप प्रबन्ध निदेशक एम इबाद प्रधानाचार्य आशुतोष दुबे बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रूबी अग्रवाल, अनामिका त्रिवेदी, शिवानी शुक्ला, गहना शुक्ला, ज्योति गुप्ता, इशरा खान, तृप्ति त्रिवेदी, मधु, लवी समेत कई अध्यापक अध्यापिकाओं ने मनमोहक झांकियों का सजाया।

### रम्पुरा कोन में फिर दिखा बाघ, दहशत में ग्रामीण


खेत में टहलता बाघ। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रंपुरा कोन में गुरुवारर को सुबह वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमे बाघ खेत के अंदर घूमता और बैठा दिखाई दे रहा है। जिससे खलबली मची हुई है। पूरनपुर के रम्पुरा कोन में वाघ और पिपरिया दुलई में तेंदुए की आमाद से लोगो को दहशत में डाल दिया है। बुधवार को शाम रम्पुरा कोन में वाघ और पिपरिया में तेंदुआ देखा गया था। अब गुरुबार की सुवह रमपुरा कोन का एक वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमे एक विशालकाय बाघ खेत के अंदर घूमता और बैठा दिखाई दे रहा है। जिससे लोग दहशत में आ गए। वीडीओ वायरल होने के बाद खेतो में काम करने वाले किसानों व मजदूरो को डर सता रहा है। जिससे लोग शाम ढहलते ही घरों में कैद हो रहे है। कई दिनों से बाघ की चहलकदमी देखी जा रही है। बाघ के खेत में मौजूद होने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों में भी भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ के खेत में छिपे होने से आसपास के क्षेत्र में आवागमन को लेकर भी लोगों में चिंता बनी हुई है। लोग दूर खड़े होकर खेत की ओर नजर बनाए हुए हैं। मौके पर जुटी भीड़ के कारण स्थिति को संभालना भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। बाघ की मौजूदगी की सूचना वन विभाग और संबंधित अधिकारियों को देने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर बाघ की तलाश करे और उसे सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने या रेस्क्यू करने की कार्रवाई करे। फिलहाल बाघ के खेत में छिपे होने की सूचना से आसपास के गांवों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

### शादी के तीन माह बाद विवाहिता को पीटा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने गांव के ही एक युवक के साथ तीन माह पहले प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि युवक के परिजनो ने अब दहेज की मांग करना शुरु कर दिया। मना करने पर उसको मारपीट कर परेशान करना शुरु कर दिया। आरोप है कि ससुराली उसको घर से निकालना चाहते है। युवती ने थाने पहुंच कर मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाही की जाएगी।

### जमीन के दोबारा बैनामे का आरोप, पांच लाख रुपये हड़पने की शिकायत

**बीसलपुर।** जमीन के दोबारा बैनामे और रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायतकर्ता दयाराम निवासी ग्राम पुरनापुर, थाना बिथरी चैनपुर, जिला बरेली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम जल्लापुर निवासी श्यामलाल के पास कृषि भूमि थी। आरोप है कि श्यामलाल ने वर्ष 1999 में उक्त भूमि का बैनामा सुमेरलाल के पक्ष में कर दिया था। हालांकि जमीन का दाखिल-खारिज नहीं हुआ, लेकिन कब्जा सुमेरलाल के पास रहा। शिकायतकर्ता के अनुसार बाद में श्यामलाल ने इसी भूमि से संबंधित हिस्से का दोबारा बैनामा दयाराम के पक्ष में कर दिया। इसके लिए उससे पांच लाख रुपये लिए गए। बैनामे में जमीन से संबंधित पूर्व दस्तावेजों की जानकारी छिपाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत के मुताबिक बैनामे के दौरान करीब 70 हजार रुपये अन्य खर्च भी हुए। दयाराम का आरोप है कि जब उसने जमीन का दाखिल-खारिज कराने का प्रयास किया तो पूर्व खरीदार की आपत्ति के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद उसने श्यामलाल से संपर्क कर रुपये वापस करने और मामले का समाधान करने को कहा। आरोप है कि श्यामलाल ने एक-दो सप्ताह में दाखिल-खारिज कराने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में टालमटोल करता रहा।

# लापता हुए छात्रों का चौथे दिन भी नहीं लगा सुराग, तलाश में ऋषिकेश पहुंची पुलिस टीम

जागरण मोर्चा कार्यालय


छात्रों के न मिलने पर गमगीन माहौल में बैठे छात्रों के परिजन। -जागरण मोर्चा


गुमशुदा हुए छात्र। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** घर से पढ़ने के लिए विद्यालय गए दो सहपाठी छात्रों का चौथे दिन भी पता नहीं लग पाया। लापता छात्रों की कोई जानकारी ना मिलने पर दोनों परिवारों में उदासी छाई हुई है। छात्रों की तलाश मे पुलिस टीम ने ऋषिकेश पहुंचकर उनकी तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में भी पुलिस टीम छात्रों की तलाश में जुटी रही।

नगीपुर अखौला निवासी सुमित कुमार (14) पुत्र वीरपाल 31 अगस्त की सुबह करीब सात बजे ग्राम अमृता खास स्थित शांति निकेतन विद्यालय में पढ़ने के लिए गया था। उसके साथ उसका दोस्त राहुल (16) पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम अमृता खास, भी करीब 7:30 बजे घर से विद्यालय के लिए कह कर गया था। विद्यालय के अवकाश का समय हो जाने पर जब दोनों छात्र घर वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने पहले अपने स्तर से उनकी तलाश शुरू की। परिचितों, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर जानकारी की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

गुरुवार को भी गायब हुए दोनों छात्रों का कहीं पता नहीं लग पाया। दोनों परिवारों के लोग छात्रों की तलाश में परेशान घूम रहे हैं। बरेली, पूरनपुर, पीलीभीत सहित कई शहरों में घूमने पर छात्रों का कोई लोकेशन नहीं मिला है। परिवारों के सदस्य उदास बैठे हुए है। लापता छात्र सुमित के भाई संजीव में बताया की उनका भाई घर से जो साइकिल लेकर गया था उसका भी अभी कहीं पता नहीं लगा है। संजीव शुक्ला ने बताया कि छात्रों की तलाश में उप निरीक्षक मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ऋषिकेश पहुंच गई है। वहां छात्रों को तलाशा जा रहा है। अभी उनका कोई पता नहीं लगा है।

# गांव हजारा के निचले इलाकों में जलभराव से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** हजारा में लगातार बारिश के चलते गांव हजारा के निचले स्थानों पर जलभराव की समस्या गंभीर होती जा रही है। बारिश का पानी निचले इलाकों में जमा होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर रास्तों के आसपास पानी जमा हो गया है, जिसके कारण लोगों के लिए आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश के दौरान गांव के निचले हिस्सों में पानी जमा होना कोई नई समस्या नहीं है। पानी की पर्याप्त निकासी नहीं होने के कारण बारिश का पानी आसानी से बाहर नहीं निकल पाता और लंबे समय तक जमा रहता है। इससे रास्तों पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति पैदा हो जाती है। आवागमन में हो रही परेशानी जलभराव के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के लिए आने-जाने में दिक्कत हो रही है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को पानी और कीचड़ से होकर निकलना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी इन स्थानों से गुजरना जोखिम भरा बना हुआ है। बारिश का पानी जमा रहने से आसपास के लोगों को गंदगी और दुर्गंध की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। लंबे समय तक पानी जमा रहने पर मच्छरों के पनपने की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों से जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कराकर पानी की निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने की मांग की है।

# मालदीव के अंतरराष्ट्रीय मंच पर शेरपुरकलां का नाम रोशन, सैफ कुरैशी ने प्रस्तुत किया शोध

जागरण मोर्चा कार्यालय


सैफ कुरैशी। -जागरण मोर्चा

**शेरपुरकलां।** कस्बा निवासी मरहूम अकरम कुरैशी के पुत्र और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के शिक्षा विभाग के शोधार्थी मोहम्मद सैफ कुरैशी ने मालदीव में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटेलेक्चुअल एडवांसमेंट (ICIA-2026) में भारत और एएमयू का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन का आयोजन इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ मालदीव की ओर से किया गया।

सैफ ने "मैपिंग पीस एंड विजडमः ए बिब्लियोमेट्रिक एंड कॉन्सेप्चुअल स्टडी ऑफ सूफिज्म इन पीस एजुकेशन" विषय पर शोध प्रस्तुत किया। उनके अध्ययन में भारत की पारंपरिक ज्ञान एवं शिक्षा परंपराओं में मौजूद ऐसे विचारों को समझने का प्रयास किया गया, जो वर्तमान समय में शांति, सद्भाव और मानवीय विकास के लिए उपयोगी हो सकते हैं। शोध में आत्म-शुद्धि, सार्वभौमिक प्रेम और अस्तित्व की एकता जैसे सूफी चिंतन के प्रमुख सिद्धांतों पर चर्चा की गई है। सैफ ने कहा कि इन विचारों को किसी एक धर्म या समुदाय तक सीमित करने के बजाय सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के रूप में समझा जा सकता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में करुणा, आत्म-विकास, पारस्परिक सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की भावना विकसित करना भी होना चाहिए। सम्मेलन में नाइजीरिया, मलेशिया, श्रीलंका, मालदीव, मिस्र, बांग्लादेश, फिलीपींस और मेक्सिको समेत कई देशों के शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर एएमयू की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए शोध प्रस्तुत करना सैफ के लिए महत्वपूर्ण अकादमिक उपलब्धि रही। उन्होंने अपने शोध में मार्गदर्शन और बौद्धिक सहयोग के लिए एएमयू के शिक्षा विभाग के डॉ. मोहम्मद शहीर सिद्दीकी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सफाई कर रहे ग्रामीण की बिजली करंट लगने से मौत, परिवार में पसरा मातम

जागरण मोर्चा कार्यालय


परिवार से जानकारी करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** ग्रामीण की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। वह अपने घर के बाहर घास और झाड़ियां साफ कर रहे थे। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

गुरुवार सुबह से इलाके में रुक-रुककर बारिश हो रही थी। हजारा थाना क्षेत्र के गांव गभिया सहराई निवासी सदानंद हीरा अपने घर के बाहर साफ सफाई कर रहे थे। वह हंसिया से घास और झाड़ियां काट रहे थे। इसी दौरान हंसिया बिजली के एक खुले तार से छू गया। जिससे उन्हें करंट लग गया। करंट लगते ही सदानंद जमीन पर गिर पड़े। घटना देखकर आसपास मौजूद लोग और परिजन घबरा गए। घटना की जानकारी पर लोगों की भारी भीड मौके पर जुट गई। करंट से झुलसे ग्रामीण को आनन फानन में उपचार के लिए पूरनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां शुरुआती इलाज के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में परिजन लेकर पहुंचे, जंहा काफी प्रयास करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पर पहुंची हजारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के खुले तार काफी नीचे लटके हुए थे,जिससे हादसा हुआ। बारिश के कारण तार में करंट और तेज था। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर आक्रोश जताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे को लेकर परिवार में चीत्कार मची हुई। जिनका रो रो कर वुरा हाल है।

**आरोप** सपा युवजनसभा ने जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# मतदाता सूची में पांच हजार संदिग्ध नाम होने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय


एसडीएम को ज्ञापन देते सपा युवजन सभा के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए समाजवादी युवजन सभा ने प्रशासन से मामले की जांच कराए जाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। गुरुवार को समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारी तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। जिसमे समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में ऐसे नाम दर्ज हैं, जो संदिग्ध प्रतीत होते हैं। उनका दावा है कि करीब पांच हजार संदिग्ध और फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं। पदाधिकारियों के मुताबिक, इन नामों को लेकर उनके पास साक्ष्य भी मौजूद हैं, जिनके आधार पर मामले की जांच कराई जा सकती है। उनका कहना था कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने से निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसे में मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक संदिग्ध नाम का सत्यापन कराया जाना जरूरी है, ताकि वास्तविक मतदाताओं के अधिकार सुरक्षित रह सकें। ज्ञापन सौंपते हुए युवजन सभा के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि मतदाता सूची में दर्ज संदिग्ध नामों की बारीकी से जांच कराई जाए। साथ ही संबंधित अभिलेखों का सत्यापन कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि किसी नाम में अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। समाजवादी युवजन सभा ने प्रशासन से पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द जांच शुरू कराने की मांग की है। इस दौरान समाजवादी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, नौमान अली वारसी, संजय यादव, इमरान, सतीश, अमित वर्मा, उस्मान शाह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## युवक संदिग्ध अवस्था में लापता, पुलिस को दी सूचना

**पूरनपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव सिमरा कलुआपुर निवासी धनपाल सिंह ने बताया कि बंडा थाना क्षेत्र के गांव ररुआ निवासी उसके साले रंजीत सिंह फरीदपुर में किराए के मकान में रहकर प्राईवेट कंपनी में काम करता है। साले की ससुराल घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरा ता. घुंघचाई में है। तीस अगस्त को रंजीत सिंह रुपये लेने के लिए आया था। तब से वह गायब चल रहा है। घर ना पहुंचने पर परिवार के लोगो ने काफी खोजवीन की लेकिन कोई पता नही चला। इसके बाद परिवार ने गायब हुए युवक के ससुरालियों से जानकारी की, लेकिन ससुरालियों ने कोई जबाब नही दिया। अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चंदिया हजारा प्रधान ने भाजपा विधायक को सौंपा पत्र

## बांग्ला भाषी लोगों की जातीय अधिसूचना व भूमिधरी अधिकार का मुद्दा उठा

जागरण मोर्चा कार्यालय


विधायक को ज्ञापन देते प्रधान व अन्य। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के ग्राम प्रधान कई लोगों के साथ गुरुवार सुबह भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के पास पहुंच कर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें क्षेत्र की कई मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। प्रधान ने मुख्य रूप से बाढ़ और भू-कटान की समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा दिलाने के लिए एक मजबूत योजना बनाने की मांग उठाई। हर साल बाढ़ से गांव को भारी नुकसान होता है। ज्ञापन में बांग्ला भाषी लोगों की जातीय अधिसूचना जारी करने और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने की भी मांग की गई। इसके साथ ही हरिपुर जंगल से गुजरने वाली बिजली लाइन को जमीन के नीचे बिछाने या 11 हजार वोल्ट की सुरक्षित केबल लाइन डालने की बात कही गई।जंगल में करंट से जानवरों व लोगों को खतरा बना रहता है। आए दिन लोग चपेट में आ जाते है। ज्ञापन में चंदिया हजारा के फिर से बसाए गए परिवारों को जल्द भूमिधरी अधिकार दिलाने का मुद्दा भी उठाया गया। पुनर्वासित परिवारों को अभी तक पट्टे का अधिकार नहीं मिला है।विधायक बाबूराम पासवान ने ग्राम प्रधान को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन स्तर पर उठाया जाएगा और शीघ्र समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।ज्ञापन सौंपते समय क्षेत्र की अन्य समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# हिटमैन का भविष्य सुरक्षित: रोहित शर्मा के सन्यास की अटकलों पर फिर आया बीसीसआई का बयान

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** रोहित शर्मा के वनडे करियर को लेकर पिछले कुछ समय से उठ रहे सवालों के बीच बीसीसीआई ने अपना रुख साफ कर दिया है। बोर्ड ने न सिर्फ अनुभवी बल्लेबाज के प्रदर्शन पर भरोसा जताया, बल्कि भारतीय क्रिकेट के अगले एक साल की रणनीति भी तय करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। वहीं, डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की नियुक्ति और चयन समिति में बदलाव जैसी चचाओं को भी बीसीसीआई ने खारिज कर दिया।

मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में गुरुवार को हुई हाई-लेवल प्रदर्शन समीक्षा बैठक के बाद सचिव देवजीत सैकिया ने रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को पूरी तरह खारिज कर दिया। सैकिया ने कहा, 'वह सभी मैचों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर आपको और क्या चाहिए? पिछले मैच में उन्होंने 138-148 रन बनाए थे। तो फिर अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं? मैं अटकलें लगाने वालों को इस तरह की चचाओं को बढ़ावा देने का मौका नहीं देना चाहता।'

बीसीसीआई सचिव का यह बयान ऐसे समय आया है जब रोहित के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। बोर्ड के इस रुख से





फिलहाल साफ संकेत मिलता है कि रोहित को वनडे योजनाओं से बाहर करने का कोई तत्काल फैसला नहीं लिया गया है।

बीसीसीआई की यह लंबे समय से लंबित प्रदर्शन समीक्षा बैठक गुरुवार को हुई। इसमें टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर, टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल, मुख्य कोच गौतम गंभीर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण शामिल हुए। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास, सचिव देवजीत सैकिया, संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया और अंतरिम सीईओ हेमांग अमीन भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य हालिया विदेशी दौरों के प्रदर्शन की समीक्षा करना और 2027 वनडे विश्व कप तक की रणनीति तैयार करना था। सैकिया ने बताया कि टीम के लिए अगले एक साल का रोडमैप तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा, 'हमने चर्चा की और मुख्य रूप से यह देखा कि इंग्लैंड और आयरलैंड में हमारी टीम का प्रदर्शन कैसा रहा। साथ ही हमने यह भी विचार किया कि अगले एक साल में हमें क्या करना है। रोडमैप तैयार कर लिया गया है और हम कुछ ऐसी योजनाओं पर काम करेंगे, जिससे 2027 विश्व कप में हमारा प्रदर्शन बहुत अच्छा रहे।'

भारत के लिए हालिया इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे थे। टीम को इन दौरों पर टी20 और वनडे मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। सैकिया ने माना कि टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और इसके कारणों की समीक्षा जरूरी थी। उन्होंने कहा, 'हां, हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। आप सभी जानते हैं कि आयरलैंड और इंग्लैंड में हमें टी20 और वनडे मैचों में हार मिली। हम यह जानना चाहते थे कि इसके पीछे कारण क्या रहे। हमें आत्ममंथन करना होगा और भविष्य में जब भी हम दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जाएं, उससे पहले कुछ रणनीतियां तैयार करनी होंगी।'

# 'धोनी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नहीं खेलेंगे' सीएसके के इस पूर्व बल्लेबाज का खुलासा, बोले- माही ने खुद बताया

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलना चाहते हैं, जिससे 2027 में होने वाले टूनामेंट में उनकी भागीदारी को लेकर बनी अनिश्चितता में एक और नया मोड़ आ गया है। सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने यह खुलासा किया।

यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज इम्पैक्ट प्लेयर नियम से अपना कार्यभार कम करके आईपीएल में अपना करियर आगे बढ़ा सकते थे, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर वह खेलना जारी रखते हैं तो वह पूर्णकालिक विकेटकीपर बने रहना चाहते हैं। धोनी के भविष्य को लेकर हमेशा ही अटकलों का बाजार गर्म रहता है। वह पिछले कुछ समय से चोट से जूझ रहे हैं। धोनी आईपीएल 2026 में एक भी मैच नहीं खेल सके थे और अब उनके अगले सीजन में



खेलने को लेकर लगातार चचाएं हो रही हैं। बद्रीनाथ ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, धोनी ने मुझे खुद कहा था कि वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नहीं खेलेंगे। वह खुद को पूर्णकालिक विकेटकीपर के तौर पर देख रहे हैं जिसका मतलब है कि उन्हें पूरे 20 ओवर मैदान पर रहना होगा। इसलिए यह तय है कि वह इम्पैक्ट के तौर पर नहीं उतरेंगे, लेकिन अगर धोनी ऐसा करते हैं तो रणनीतिक तौर पर सीएसके के लिए यह फायदेमंद रहेगा।

बद्रीनाथ ने कहा, धोनी के लिए लंबे समय तक खेलना मुश्किल होगा जैसा कि (सीएसके के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन) फ्लेमिंग ने भी कहा है।

# सरसों की कीमत: मंडियों में सरसों की आवक सुस्त

## खरीदारी तेज होने से भाव 9,150 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचे

**एजेंसी न्यूज**



**नई दिल्ली।** देशभर की प्रमुख कृषि मंडियों में सरसों की कीमतों में एक बार फिर जबर्दस्त मजबूती देखने को मिल रही है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, उत्पादक क्षेत्रों से आवक कमजोर रहने और तेल मिलर्स व स्टॉकिस्टों की सक्रिय खरीदारी के चलते भावों को मजबूत सहारा मिला है। राजस्थान की प्रमुख भरतपुर मंडी में 24 अगस्त को 7,900 रुपये प्रति क्विंटल पर खुला भाव चढ़कर 1 सितंबर को 8,001 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। वहीं जयपुर मंडी (42 फीसदी कंडीशन) में भाव 75 रुपये की दैनिक तेजी के साथ 8,425 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। मरुधर ट्रेडिंग एजेंसी और आईग्रेन इंडिया के ताजा अनुमानों के मुताबिक, फसल वर्ष 2024-25 में देश का कुल सरसों उत्पादन 117.25 लाख टन आंका गया था। हालांकि 1 अगस्त 2026 को इसमें 7 लाख टन की सीधी कटौती की गई, जिससे कुल फसल का संशोधित अनुमान घटकर 110.25 लाख टन रह गया है।

# किंग चार्ल्स से मुलाकात: समारोह से दूर रहा पाकिस्तान का एक क्रिकेटर; टीम से ड्रॉप होने पर पीसीबी से है नाराज ?

**एजेंसी न्यूज**

**लंदन।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे पर मैदान के बाहर भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में 194 रन से मिली करारी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टेस्ट टीम में बड़े बदलाव किए। सात खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया गया, जबकि कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किए गए। इसी बीच टीम की किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात को लेकर भी एक नया विवाद सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ट टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों को भी किंग चार्ल्स से मुलाकात में शामिल होने के लिए कहा गया था। हालांकि, एक खिलाड़ी ने कथित तौर पर इस मुलाकात में जाने से ही इनकार कर दिया।

'द टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के पूरे दौरे पर



गए दल को क्लेरेंस हाउस में किंग चार्ल्स से होने वाली मुलाकात में शामिल होने के लिए कहा गया था। टेस्ट टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों में मुहम्मद आवेस जफर, आमिर जमाल, खुर्रम शहजाद और अली उस्मान मुलाकात में पहुंचे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दो अन्य खिलाड़ी भी वहां जाने को लेकर अनिच्छुक थे, जबकि एक खिलाड़ी ने कथित तौर पर पीसीबी के साथ अपने व्यवहार को लेकर नाराजगी के चलते मुलाकात का बहिष्कार किया। खिलाड़ियों को कथित तौर पर यह भी बताया गया था कि टीम के अंदर चल रही उथल-पुथल के बावजूद इस कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी जरूरी है। इसके बावजूद एक खिलाड़ी का इससे दूर रहना पाकिस्तान क्रिकेट में चल रहे तनाव को दिखाता है।

हालांकि खिलाड़ी के विरोध के बावजूद किंग चार्ल्स के साथ पाकिस्तान टीम की मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। किंग चार्ल्स ने खिलाड़ियों और अधिकारियों से बातचीत की और मुश्किल इंग्लैंड दौरे के दौरान उनका हौसला बढ़ाया। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने किंग चार्ल्स को हस्ताक्षर किया हुआ बल्ला भेंट किया। वहीं पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भी उन्हें एक उपहार दिया।

# आलोचकों पर बरसे मोहसिन नकवी: सात खिलाड़ियों को स्वदेश बुलाने के फैसले का किया बचाव

**एजेंसी न्यूज**



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट में जारी उठापटक के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने आलोचकों को जवाब दिया है। नकवी ने इंग्लैंड दौरे के बीच में टेस्ट टीम से सात खिलाड़ियों को बाहर करने, मुख्य कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को वापस बुलाए जाने के बाद हो रही तीखी आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरूआती दोनों मुकाबलों में बड़ी हार झेलने के बाद पीसीबी को पूर्व क्रिकेटरों की तरफ से भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पीसीबी अध्यक्ष होने के साथ-साथ पाकिस्तान के गृह मंत्री का पद संभाल रहे नकवी का कहना है कि वह आलोचनाओं से डरते नहीं हैं, लेकिन अगर ऐसी बातें उन लोगों की तरफ से आती हैं जिन्होंने अपने जीवन में कुछ हासिल नहीं किया है, तो इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरूआती दो मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान इस तरह सीरीज में 0-2 से पिछड़ गया है। पाकिस्तान के इस प्रदर्शन के बाद पीसीबी ने कठोर रवैया अपनाया और तीसरे टेस्ट में सात खिलाड़ियों को बाहर कर दिया।






















जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।